# नेशनल प्रेस टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली, शनिवार
19 अप्रैल 2025

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 50 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579


## संभल के सीओ अनुज चौधरी को मिली क्लीन चिट



संभल। क्लीन चिट पुलिस अधीक्षक (कानून और व्यवस्था) द्वारा प्रस्तुत एक जांच रिपोर्ट पर आधारित थी, जिसमें अधिकारियों, निवासियों और समिति के सदस्यों के बयान शामिल थे जिन्होंने चौधरी को सम्मानित किया था। उत्तर प्रदेश के संभल के सर्किल अधिकारी अनुज चौधरी को शुक्रवार को पुलिस जांच के बाद होली और ईद समारोह के दौरान उनकी विवादास्पद टिप्पणियों के आरोपों से मुक्त कर दिया गया है। क्लीन चिट पुलिस अधीक्षक (कानून और व्यवस्था) द्वारा प्रस्तुत एक जांच रिपोर्ट पर आधारित थी, जिसमें अधिकारियों, निवासियों और समिति के सदस्यों के बयान शामिल थे

शेष पेज 2 पर

### गीता और नाट्यशास्त्र UNESCO ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल, पीएम मोदी बोले

# हर भारतीय के लिए यह गर्व का क्षण

नई दिल्ली। अमित शाह ने एक्स पर लिखा कि दुनिया भारत के ज्ञान को संजोकर रखती है। गीता और नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के विश्व स्मृति रजिस्टर में शामिल किए जाने के भव्य अवसर पर प्रत्येक भारतीय को बधाई। ये शास्त्र भारत के प्राचीन ज्ञान को दर्शाते हैं, जिसने अनादि काल से मानवता को दुनिया को बेहतर बनाने और जीवन को अधिक सुंदर बनाने का प्रकाश दिखाया है।

श्रीमद्भगवद्गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में अंकित किया गया है। यह एक वैश्विक पहल है जो उत्कृष्ट मूल्य की दस्तावेजी विरासत को संरक्षित करती है। इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर कहा कि दुनिया भर में हर



भारतीय के लिए यह गर्व का क्षण है! यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में गीता और नाट्यशास्त्र को शामिल किया जाना हमारी शाश्वत बुद्धिमत्ता और समृद्ध संस्कृति की वैश्विक मान्यता है। गीता और नाट्यशास्त्र ने सदियों से सभ्यता और चेतना का पोषण किया है। उनकी अंतर्दृष्टि दुनिया को प्रेरित करती रहती है।अमित शाह ने एक्स पर लिखा कि दुनिया भारत के ज्ञान को संजोकर रखती है। गीता और नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के विश्व स्मृति रजिस्टर में शामिल किए जाने के भव्य अवसर पर प्रत्येक भारतीय को बधाई।

शेष पेज 2 पर

## राहुल बोले- कर्नाटक में रोहित वेमुला कानून बनाए सरकार, जाति आधारित भेदभाव खत्म करना है मकसद



बंगलूरू। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से 'रोहित वेमुला कानून' बनवाने की अपील की है। कांग्रेस सांसद ने राज्य में जाति आधारित भेदभाव को खत्म करने के मकसद से यह कानून बनाने और राज्य में लागू करने की अपील की। राहुल ने अपने पत्र में डॉ बीआर आंबेडकर के संघर्षों का भी उल्लेख किया है। जानिए राहुल ने अपने पत्र में और क्या कहा

कर्नाटक में रोहित वेमुला कानून लागू करने की अपील करते हुए राहुल गांधी ने इस कांग्रेस शासित प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने सीएम सिद्धारमैया को लिखे पत्र में कहा, सरकार को 'रोहित वेमुला एक्ट' नाम से कानून बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कानून का मकसद शिक्षा प्रणाली में जाति आधारित भेदभाव को खत्म करना है। अपने पत्र में राहुल ने भारत रत्न डॉ बीआर आंबेडकर का भी जिक्र किया है। उन्होंने इस बात को भी रेखांकित किया कि किस तरह बाबा साहेब आंबेडकर को भी अपने जीवनकाल में भेदभाव का सामना करना पड़ा था।

**डॉ आंबेडकर के साथ कैसा भेदभाव हुआ**

बकौल राहुल गांधी, एक समय लंबी बैलगाड़ी यात्रा के दौरान हुई घटना का बाबा साहेब ने उल्लेख किया है। राहुल ने अपने पत्र में बाबा साहेब के संस्मरण का जिक्र करते हुए लिखा डॉ आंबेडकर को एक समय बिना भोजन के सोना पड़ा, क्योंकि लोगों ने अछूत मानकर उन्हें पानी देने से इनकार कर दिया। आंबेडकर बताते हैं कि उनके पास पर्याप्त खाना था, भूख भी लगी थी, इसके बावजूद उन्हें भूखे सोना पड़ा। स्कूल में उन्हें अपनी रैंक के मुताबिक सहपाठियों के बीच बैठने की अनुमति नहीं थी। उन्हें कोने में अकेले बिठाया जाता था।

शेष पेज 2 पर

## 'क्या राज्यों के अधिकारों की मांग करना गलत है...', स्टालिन का शाह पर पलटवार; पूछे कई सवाल

तिरुवल्लूर (तमिलाडु)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस आरोप को खारिज किया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि द्रमुक सरकार असली मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए नीट और परिसीमन जैसे मुद्दों को हवा दे रही है।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान की आलोचना की, जिसमें उन्होंने कहा था कि सत्तारूढ़ द्रमुक सरकार ध्यान भटकाने के लिए नीट और परिसीमन जैसे मुद्दों पर जोर दे रही है। उन्होंने शाह को चुनौती दी कि अगर द्रमुक सरकार वास्तव में ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है तो वह राज्य के लोगों को स्पष्ट जवाब दें।



स्टालिन यहां विभिन्न सरकारी योजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास के मौके पर आयोजित एक सार्वजनिक समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु और द्रमुक ही नीट सहित अन्य मुद्दों पर आवाज उठा रहे हैं। उन्होंने कहा, चाहे वह नीट हो या तीन भाषा नीति, वक्फ संशोधन अधिनियम हो या परिसीमन..केवल हम ही इसका पुरजोर विरोध कर रहे हैं।

शेष पेज 2 पर

### ये मकान बिकाऊ है':

## सीलमपुरमें हत्या के बाद लगे पलायन के पोस्टर, सीएम रेखा बोलीं- परिवार के साथ न्याय होगा

**नई दिल्ली** । दिल्ली के सीलमपुर में नाबालिग की हत्या के बाद लोगों में दहशत है। हिंदुओं के पलायन की बात कही जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है। वहां भारी संख्या में पुलिसबल तैनात है। परिजन और स्थानीय लोग न्याय की मांग करते हुए सड़क जाम कर प्रदर्शन कर रहे हैं।

सीलमपुर में बृहस्पतिवार शाम बदमाशों ने नाबालिग लड़के की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। मृतक की शिनाख्त कुणाल (17) के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। क्राइम टीम के अलावा एफएसएल को बुला लिया गया। छानबीन के बाद शव को मोर्चरी भेज दिया



गया। वहीं, हत्या के बाद लोगों में दहशत है। हिंदुओं के पलायन की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि लोगों ने अपने घरों के बाहर ये मकान बिकाऊ है के पोस्टर चस्पा कर दिए हैं। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है। वहां भारी संख्या में पुलिसबल तैनात है। परिजन और स्थानीय लोग न्याय की मांग करते हुए सड़क जाम कर प्रदर्शन कर रहे हैं।

वहीं, गुस्साए लोगों ने सड़क पर उतकर जाम लगा दिया और न्याय की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रधनामंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मदद की गुहार लगाई है। प्रदर्शन में शामिल लोग दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शन कर रहे लोगों के हाथों में पर्चे दिख रहे हैं। जिस पर लिखा है कि हिंदू समुदाय के लोग पलायन कर रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक, पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर छानबीन कर रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। शुरूआती जांच के बाद पुलिस आशंका जता रही है कि रंजिश की वजह से वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस कुणाल के दोस्तों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।

उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि कुणाल न्यू सीलमपुर के जे ब्लॉक में रहता था। परिवार में पिता राजवीर, मां परवीन, तीन भाई व एक बहन है। पिता ऑटो चालक है।

शेष पेज 2 पर

## भारत के आगे झुका चीन, सारी शर्तें मानकर करेगा काम



**नई दिल्ली** । चीन पहले के मुकाबले भारत के साथ ज्यादा अकड़ की जगह भारत के साथ प्रेम भाईचारा और दोस्ती के हवाले देकर बात आगे बढ़ाना चाहता है। वहीं दूसरी तरफ भारत के साथ उसका बढ़ता ट्रेड डिफेसिट घाटा भी उसे परेशान कर रहा है कि कहीं भारत कहीं चीन के इस षड़यंत्र से आगे न निकल जाए। इन सब के बीच चीन भारत में निवेश करने के लिए अपनी आतुरता दिखा रहा है।

अमेरिका और चीन के बीछ छिड़े टैरिफ विवाद को लेकर मामला अब इतना आगे बढ़ चला है कि चीन अब नए विकल्पों की ओर देखने लगा है। इन विकल्पों में चीन के सामने एक पसंदीदा नाम हमेशा की तरह से भारत सामने आया है। इसके पीछे के कई कारण हैं। हाल के दिनों में भारत और चीन के रिश्तों में गलवान घाटी झड़प के बाद से सुधार देखने को मिल रहा है।

शेष पेज 2 पर

### अखिलेश यादव ने बताया-

## क्यों बदल दिया अपना गमछा?

लखनऊ । अमर उजाला संवाद में समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जगन्नाथ पुरी से लाए गमछे को पहनने का कारण बताते हुए तंज कसा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अभी तक वहां नहीं गए हैं। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि अगर वे भाजपा में होते, तो कहते कि योगी हिंदू नहीं या खराब हिंदू हैं, लेकिन वे ऐसा नहीं कह सकते।

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा, 'मैं इसलिए इस गमछे को पहनकर आया, क्योंकि मैं जगन्नाथ पुरी गया था। मुझे जानकारी मिली कि वहां अभी तक योगी जी गए ही



नहीं हैं। मैं गमछा इसलिए पहना हूं, ताकि मैं उन्हें (सीएम योगी) ये बात याद दिला सकूं। वो गए नहीं तो इसका मतलब मैं ये कहूं कि वो हिंदू नहीं हैं, लेकिन मैं यह नहीं कह सकता। अगर मैं भाजपा का होता तो कहता कि वो हिंदू ही नहीं हैं, वे खराब हिंदू हैं।'

कक शेष पेज 2 पर

## गुड फ्राइडे पर आंध्र प्रदेश में पादरियों के लिए अच्छी खबर, 30 करोड़ रुपये का मानदेय मंजूर

अमरावती/कोलकाता, ।: आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने 8,427 पादरियों के लिए सात महीने के मानदेय के रूप में 30 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। सरकार ने यह जानकारी दी।

एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, प्रत्येक पादरी को मई से नवंबर तक 35,000 रुपये का मानदेय दिया जाएगा। बृहस्पतिवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया, मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने 8,427 पादरियों को 5,000 रुपये प्रति माह जारी करने को हरी झंडी दे दी है। शेष पेज 2 पर

### तीखी प्रतिक्रिया ■ धनखड़ के बयान पर भड़के सिब्बल, कहा-

## कभी किसी उपराष्ट्रपति को ऐसी राजनीतिक टिप्पणी करते नहीं देखा

नई दिल्ली । उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की तरफ से न्यायापालिका को लेकर दिए गए बयान पर राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। कपिल सिब्बल ने कहा कि, यह 'असंवैधानिक है और उन्होंने कभी किसी राज्यसभा के सभापति को इस तरह का राजनीतिक बयान देते नहीं देखा है।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राष्ट्रपति और राज्यपालों को विधेयकों को मंजूरी देने के लिए समय सीमा निर्धारित करने वाले सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले की आलोचना की थी। उनके बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने कहा कि, यह असंवैधानिक है और उन्होंने कभी किसी राज्यसभा के सभापति को इस



तरह का राजनीतिक बयान देते नहीं देखा।

**सिब्बल ने पूछा- कौन कम रहा राष्ट्रपति की शक्तियां?**

कपिल सिब्बल ने कहा कि उपराष्ट्रपति को राष्ट्रपति और राज्यपाल के बारे में पता होना चाहिए, जिन्हें मंत्रियों की सहायता और सलाह पर काम करना होता है। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सिब्बल ने कहा कि राज्यपाल की तरफ से विधेयकों को रोकना वास्तव में विधानमंडल की सर्वोच्चता में दखलंदाजी है। यह धनखड़ जी (उपराष्ट्रपति) को पता होना चाहिए, वे पूछते हैं कि राष्ट्रपति की शक्तियों को कैसे कम किया जा सकता है, लेकिन शक्तियों को कौन कम कर रहा है?

**वे पार्टी के प्रवक्ता नहीं हो सकते- कपिल सिब्बल**

कपिल सिब्बल ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति विपक्ष और सत्तारूढ़ दल के बीच समान दूरी बनाए रखते हैं और वे पार्टी के प्रवक्ता नहीं हो सकते। उन्होंने आगे कहा, 'सभी जानते हैं कि लोकसभा अध्यक्ष की कुर्सी दोनों के बीच में होती है। वह सदन के अध्यक्ष होते हैं, किसी एक पार्टी के अध्यक्ष नहीं। वे भी मतदान नहीं करते, वे केवल तब मतदान करते हैं जब बराबरी होती है। यही बात उच्च सदन के साथ भी है। आप विपक्ष और सत्ताधारी पार्टी के बीच समान दूरी पर होते हैं।' शेष पेज 2 पर

# खराब श्रेणी में हवा बरकरार, 205 रहा एक्यूआई, रविवार तक मध्यम श्रेणी में पहुंच सकती है हवा



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

नई दिल्ली । सीपीसीबी के अनुसार, एनसीआर में नोएडा की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 169 दर्ज किया गया, जोकि हवा की मध्यम श्रेणी है।

राजधानी में हवा की दिशा बदलने से हवा खराब श्रेणी में बरकरार है। बृहस्पतिवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 204 दर्ज किया गया। यह हवा की खराब श्रेणी है। इसमें बुधवार की तुलना में 16 सूचकांक की गिरावट दर्ज की गई है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का पूवानुमान है कि रविवार तक हवा मध्यम श्रेणी में पहुंच सकती है। वहीं, बृहस्पतिवार को हवा उत्तर-पश्चिम दिशा से 16 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चली। शुक्रवार को हवा दक्षिण-पश्चिम दिशा से 12 से 14 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चल सकती है। शनिवार को हवा पश्चिम दिशा से 8 से 10 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलने का अनुमान है। इसके अलावा, रविवार को हवा पश्चिम दिशा से 8 से 10 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चल सकती है।

सीपीसीबी के अनुसार, एनसीआर में नोएडा की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 169 दर्ज किया गया, जोकि हवा की मध्यम श्रेणी है। वहीं, गाजियाबाद में एक्यूआई सबसे कम दर्ज हुआ। यहां एक्यूआई 163 रहा, जोकि मध्यम श्रेणी में है। वहीं, गुरुग्राम में 168 और ग्रेटर नोएडा में 164 एक्यूआई दर्ज किया गया।

## असम के गोवालपारा में आईपीएल के समानांतर ऑनलाइन जुए का प्रचलन

# जिले के विभिन्न हिस्सों में ऑनलाइन जुआरियों का अवैध लेन-देन




**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**असमः** आईपीएल खेल देखने के लिए इंतजार कर रहे क्रिकेट प्रशंसकों के समानांतर, एक दुष्चक्र इस खेल में स्मार्ट मोबाइल फोन के माध्यम से एक ऑनलाइन विशेष ₹ऐपए₹ का उपयोग एक बहुत ही हानिकारक जुआ खेल के रूप में कर रहा है। जुए के नाम पर साल दर साल कई परिवार अपना मकान बेचकर और गली में भिखारी बनते दिख रहा हैं। जानकारी के अनुसार देश के कुछ क्षेत्रों के समानांतर असम के गोवालपारा जिले में भी निंजा, कालिया और मटलेब नाम के तीन भ्रष्ट जुआरियों के चंगुल में फंसकर अधिक धन के लालच में समाज के युवक-युवतियां को आईपीएल के इस ऑनलाइन जुए के जरिए परिवार के कुछ मुखिया को भ्रष्टाचार के चंगुल में धकेलकर गुमराह किया जा रहा है। आरोप के मुताबिक आईपीएल ही नहीं बल्कि इन तीनों के नेतृत्व में गोवालपारा जिले में मनोरंजन का कोई भी खेल इन कुख्यात जुआरियों द्वारा अहिंसक जुआ में बदल दिया जाता है जो समाज के लिए हानिकारक है। यह ज्ञात हुआ है कि अत्यधिक लाभ कमाने के लिए कमीशन सिस्टम द्वारा सट्टेबाजों को ऑनलाइन जुआ आईडी बेचने की अनुमति दिए इन जुआरियों द्वारा की गई वातो के अनुसार इनमें निंजा नाम के एक शख्स ने सटोरियों को निर्देश दिया कि किसी भी तरह की दिक्कत होने पर जिले के थानों में उसका नाम बताएं। इसके अलावा यह भी पता चला है कि जिला पुलिस के कुछ अधिकारियों के साथ उनकी गुप्त समझ थी। मिली जानकारी के अनुसार लंबे समय से लोगों में शिकायतें आ रही हैं कि ऑनलाइन जुआरी विशेष मोबाइल एप की मदद से अन्य युवाओं के स्मार्ट फोन पर ऑनलाइन आईडी भेजकर आकर्षक ऑनलाइन जुआ रैकेट चला रहे हैं।

विशेष सूत्रों के अनुसार, आईडी को क्रमशः तीन भागों में विभाजित किया गया है ₹डुपर, सुपर और मास्टर। एक तरह से नई पीढ़ी इन सटोरियों के लिए अंधेरे की ओर बढ़ रही है। नतीजतन, गोवालपारा जिला नाथ योगी छात्र संघ के अध्यक्ष हृदयानंद नाथ ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। जिला नाथ योगी छात्र संघ के अध्यक्ष हृदयानंद नाथ ने कहा कि असम पुलिस के जवानों के जिले के आसपास रहने के बाद गोवालपारा शहर के समानांतर जिले के विभिन्न हिस्सों में ये सामाजिक-विनाशकारी जुआ कैसे चल सकता है। सार्वजनिक शिकायतों के अनुसार, जिला पुलिस अधीक्षक नबनित महंत ने इस संबंध में एक मूक भूमिका निभाने पर जनता में संदेह की भावना है । जिसे देखते हुए जागरूक समाज ने पुलिस को चुप्पी छोड़कर समाज को नष्ट करने वाले इन जुआरियों को सीधे पकड़कर जेल भेजकर जिले की बढ़ती पीढ़ी को विनाश से बचाने की मांग की है । वहीं अगर जिले में इस तरह का ऑनलाइन जुआ चलता रहा तो आगामी दिनों में गोवालपारा जिला नाथ योगी छात्र संघ जिले की सड़कों पर उतरकर खुलेआम जुआ खेलकर इसपर विरोध प्रदर्शन करने की बात कही है । उधर जिले के सचेत लोगों ने भी गोवालपारा जिला प्रशासन और असम के डीजीपी हरमीत सिंह को इसपर हस्तक्षेप करते हुए शीर्ष ही गोवालपारा में चल रहे यह समाज विनाशकारी जुआ को रोकने की मांग की है।

# छठ पर बदली हुई दिखेगी दिल्ली में यमुना अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी सफाई में बनेगी मददगार



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

दिल्ली । प्रधानमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि छठ पर्व को मनाते समय दिल्ली के लोगों को यमुना के बदलाव का अनुभव होना चाहिए।

छठ पर्व पर दिल्ली में यमुना बदली-बदली नजर आएगी। यमुना नदी की सफाई और पुनरुद्धार के लिए बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक हुई। इसमें यमुना के विकास के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी की मदद लेने का निर्णय लिया गया है। साथ ही शहरी नदी प्रबंधन योजना बनाने और उसे मास्टर प्लान के साथ एकीकृत करने का निर्णय लिया गया है। इसमें दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी मौजूद रहीं।

दिल्ली सरकार से मिली जानकारी के मुताबिक बैठक में निर्णय लिया गया कि दिल्ली समग्र जल के लिए शहरी नदी प्रबंधन योजना विकसित करेगी। प्रबंधन को शहर के मास्टर प्लान के साथ जोड़ा जाएगा। नदी पुनरुद्धार और नदी के आसपास सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए स्वयंसेवकों को जोड़ा जाएगा। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि छठ पर्व को मनाते समय दिल्ली के लोगों को यमुना के बदलाव का अनुभव होना चाहिए।

साथ ही कहा कि नालों के प्रवाह और सीवेज प्लांट के प्रदर्शन को ट्रैक करने के लिए वास्तविक समय का डाटा और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का उपयोग होना चाहिए। पीएम आवास पर हुई इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित अन्य अधिकारी

# पेज एक का शेष...

## हर भारतीय के लिए यह गर्व का क्षण

ये शास्त्र भारत के प्राचीन ज्ञान को दशार्ते हैं, जिसने अनादि काल से मानवता को दुनिया को बेहतर बनाने और जीवन को अधिक सुंदर बनाने का प्रकाश दिखाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अपने सांस्कृतिक ज्ञान को वैश्विक कल्याण के केंद्र में स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। यह इन प्रयासों की एक बड़ी मान्यता है।

यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में उन महत्वपूर्ण ऐतिहासिक ग्रंथों, पांडुलिपियों और दस्तावेजों को मान्यता दी गई है, जिन्होंने पीढ़ियों से समाज को प्रभावित किया है। भगवद गीता, भगवान कृष्ण और अर्जुन के बीच एक पवित्र संवाद है, जिसे लंबे समय से आध्यात्मिक और दार्शनिक आधारशिला माना जाता है। इस बीच, प्राचीन ऋषि भरत मुनि द्वारा रचित नाट्यशास्त्र को प्रदर्शन कलाओं, विशेष रूप से रंगमंच, नृत्य और संगीत पर आधारभूत ग्रंथ माना जाता है।

18 अध्यायों में 700 श्लोकों वाली भगवद् गीता महाकाव्य महाभारत के भीष्मपर्व (अध्याय 23-40) में समाहित है। यह भगवान कृष्ण और अर्जुन के बीच संवाद का रूप लेती है, जिसमें सेनाएँ अर्जुन को निराशा से मुक्त करने के उद्देश्य से महायुद्ध के लिए तैयार हैं। भगवद गीता निरंतर, संचयी प्राचीन बौद्धिक भारतीय परंपरा में एक केंद्रीय ग्रंथ है, जो वैदिक, बौद्ध, जैन और चार्वाक जैसे विभिन्न विचार आंदोलनों का संश्लेषण करता है। अपनी दार्शनिक व्यापकता और गहराई के कारण, भगवद गीता को दुनिया भर में सदियों से पढ़ा जाता रहा है और कई भाषाओं में इसका अनुवाद किया गया है।

## राहुल बोले- कर्नाटक में रोहित वेमुला कानून बनाए सरकार, जाति आधारित भेदभाव खत्म करना है मकसद

रोहित वेमुला, पायल तड़वी और दर्शन सोलंकी जैसे होनहार युवाओं की हत्या अस्वीकार्य- बकौल राहुल गांधी, आंबेडकर ने जो झेला वह शर्मनाक था। भारत में किसी बच्चे के साथ ऐसा नहीं होना चाहिए। आज हमारे लिए यह शर्म की बात है कि देश की शिक्षा प्रणाली में दलित, आदिवासी और ओबीसी समुदायों के लाखों छात्रों को जाति आधारित भेदभाव से जूझना पड़ता है। 16 अप्रैल को लिखे इस पत्र में राहुल लिखते हैं कि रोहित वेमुला, पायल तड़वी और दर्शन सोलंकी जैसे होनहार युवाओं की हत्या अस्वीकार्य है। इनसे सख्ती से निपटने का समय आ गया है।

शिक्षा प्रणाली में आज भी जातिगत भेदभाव का दंश-राहुल ने लिखा कि वे कर्नाटक में रोहित वेमुला कानून लागू करने की अपील करते हैं, ताकि किसी भी बच्चे को वैसे दंश न झेलने पड़ें जो डॉ. बीआर अंबेडकर, रोहित वेमुला और लाखों अन्य लोगों को सहने पड़े। उन्होंने एक्स पर अपना पत्र साझा किया और लिखा, हाल ही में वे संसद में दलित, आदिवासी और ओबीसी समुदायों के छात्रों और शिक्षकों से मिला। बातचीत के दौरान कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में जाति आधारित भेदभाव का के बारे में जानकारी मिली।

2016 में हुई थी रोहित वेमुला की मौत-बकौल राहुल गांधी, बाबा साहब आंबेडकर ने दिखाया था कि शिक्षा ही एकमात्र ऐसा साधन है जिसकी मदद से वंचित भी सशक्त बन सकते हैं। जाति व्यवस्था को तोड़ा जा सकता है। हालांकि, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि दशकों बाद भी, लाखों छात्र हमारी शिक्षा प्रणाली में जातिगत भेदभाव का दंश झेलने को मजबूर हैं। बता दें कि हैदराबाद में पड़ाई करने वाले रोहित वेमुला की 2016 में मौत हुई थी।\

## 'क्या राज्यों के अधिकारों की मांग करना गलत है...', स्टालिन का शाह पर पलटवार; पूछे कई सवाल

अिमित शाह ने कहा था कि हम ध्यान भटकाने के लिए ऐसा कर रहे हैं। मैं यह कहना चाहता हूं कि तमिलनाडु भारत के सभी राज्यों के लिए संघर्ष कर रहा है। क्या राज्यों के अधिकारों की मांग करना गलत है।

पूरे देश को हो चुका द्रमुक की ताकत का एहसासः स्टालिन- द्रमुक प्रमुख ने राज्य विधानसभा से पारित विधेयकों पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि राज्य ने शीर्ष कोर्ट का रुख किया और राज्य के राज्यपाल के खिलाफ ऐतिहासिक फैसला आया, क्योंकि उन्होंने कुछ नहीं किया। उन्होंने आगे कहा कि यह द्रमुक की ताकत है और इसका एहसास पूरे देश को हो चुका है।

स्टालिन ने केंद्रीय गृह मंत्री से पूछे ये सवाल- स्टालिन ने केंद्रीय गृह मंत्री से पूछा, 'अगर हम लोगों का ध्यान भटका रहे हैं, तो आप इन सवालों का साफ-साफ जवाब दीजिए। क्या आप नीट से छूट दे सकते हैं? क्या आप गारंटी दे सकते हैं कि हिंदी थोपी नहीं जाएगी? क्या आप बता सकते हैं कि केंद्र ने तमिलनाडु को कितनी निधि (फंड) दी है और क्या आप आश्वासन दे सकते हैं कि परिसीमन के बाद संसद में हमारी सीटें कम नहीं होंगी?'

अन्नाद्रमुक से भाजपा के गठबंधन पर क्या बोले स्टालिन-शाह ने 11 अप्रैल को द्रमुक पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि द्रमुक गंभीर मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए परिसीमन और तीन भाषा की नीति जैसे मुद्दों को उठा रही है। उन्होंने यह भी कहा था कि बड़ी संख्या में लोग भ्रष्टाचार पर द्रमुक नेतृत्व से जवाब मांगेंगे। तमिलनाडु में भाजपा ने अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन किया है। शाह ने 2026 के चुनावों मे जीत का भरोसा जताया था। इस पर स्टालिन ने कहा, ऐसा कभी नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, तमिलनाडु कभी भी दिल्ली के अधीन नहीं होगा। हमारा चरित्र अद्वितीय है। छापेमारी और धमकी से अन्य राज्यों में राजनीतिक दलं को तोड़ने की नीति तमिलनाडु में काम नहीं करेगी।

## सीलमपुरमें हत्या के बाद लगे पलायन के पोस्टर, सीएम रेखा बोलीं- परिवार के साथ न्याय होगा

कुणाल एक दुकान पर काम करता था। गुरुवार शाम को कुणाल घर से दूध लेने के लिए निकला था। इस बीच जे ब्लॉक चौक पर चार-पांच लड़कों ने उसे घेरकर चाकू मार दिया। वारदात का पता चलते ही परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुष्पेंद्र कुमार, संयुक्त पुलिस आयुक्त, पूर्वी रेंज, दिल्ली ने कहा, 'कल शाम सीलमपुर के जे-ब्लॉक में एक 17-18 वर्षीय युवक की चाकू से हत्या कर दी गई थी। आरोपियों की पहचान हो गई है। जल्द गिरफ़्तारी कर ली जाएगी। जांच जारी है। 2 लोगों के नाम सामने आए हैं जिनकी गिरफ़्तारी जल्द की जाएगी। अगर किसी अन्य व्यक्ति का नाम सामने आता है, उसके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।'

परिवार के साथ न्याय होगाः सीएम रेखा गुप्ता-इस मामले को लेकर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, मेरी खुद पुलिस कमिश्नर से बात हुई है। जिन लोगों के नाम सामने आए हैं उनकी खोज पुलिस कर रही है। हमें उम्मीद है कि उन्हें जल्द से जल्द आरोपी को पकड़ लिया जाएगा। परिवार के साथ न्याय होगा। किसी प्रकार की कमी नहीं छोड़ी जाएगी। ऋक्र दर्ज कर ली गई है। पुलिस अपना काम कर रही है।

हम परिवार के साथ खड़े हैंः विधायक रवींद्र सिंह नेगी-पटपड़गंज विधायक रवींद्र सिंह नेगी ने कहा, "हम अपराधियों को सजा दिलाएंगे। यहां जिस प्रकार का कारोबार चल रहा है हम उसे जड़ से खत्म करेंगे। प्रशासन अपना काम कर रही है। हम परिवार के साथ खड़े हैं। प्रशासन और सरकार से पूरी मदद मिलेगी।

## भारत के आगे झुका चीन, सारी शर्तें मानकर करेगा काम

चीन पहले के मुकाबले भारत के साथ ज्यादा अकड़ की जगह भारत के साथ प्रेम भाईचारा और दोस्ती के हवाले देकर बात आगे बढ़ाना चाहता है। वहीं दूसरी तरफ भारत के साथ उसका बढ़ता ट्रेड डिफेसिट घाटा भी उसे परेशान कर रहा है कि कहीं भारत कहीं चीन के इस षड्यंत्र से आगे न निकल जाए। इन सब के बीच चीन भारत में निवेश करने के लिए अपनी आतुरता दिखा रहा है।

इसके पीछे का एक और बड़ा खेल है। चीन के निवेश को भारत संयमित रखना चाहता है। वहीं चीन चाहता है कि भारत एक बड़ा बाजार है और वो अपने व्यापार का विस्तार भारत में कर सकता है। यही वजह है कि अब चीन की कई कंपनियां भारत में पहले के मुकाबले ज्यादा लचीला रवैया अपनाने को तैयार नजर आ रही हैं। शंघाई हाईली चीन की बहुत बड़ी कंप्रेसर बनाने वाली कंपनी है। इस कंपनी ने टाटा के मालिकाना हक वाली वोल्टास के साथ फिर से ज्वाइंट वेंचर की बातचीत शुरू कर दी है। दो साल पहले इन दोनों कंपनियों का एक ज्वाइंट वेंचर बनने वाला था, जिसमें चीनी कंपनी की हिस्सेदारी 60 % थी। लेकिन सरकार ने मंजूरी नहीं दी। लेकिन अब शंघाई हाइले अब माइनॉरिटी हिस्सेदारी रखने को तैयार है। जो पहले बिल्कुल मानने के लिए तैयार नहीं थी।

चीन पर भी दबाव है इस बात को समझते हुए चीन भारत के लिए लचिला रुख अख्तियार कर रहा है। केवल यही कंपनी नहीं इसके अलावा हायर भी उनमें से एक है। हायर चीन की बड़ी कंपनी है और वो पहले भारत में अपना 26 फीसदी हिस्सा किसी भारतीय कंपनी को बेचने की योजना बना रही थी। अब खबर है कि हायर अपने बिजनेस का 51 से 55 प्रतिशथ हिस्सा बेचने को तैयार है ताकी वो भारत में बना रह सके और निवेश बढ़ा सके। यानी चीनी कंपनियां भारत की शर्तों को मानने को राजी दिखाई पड़ रही हैं। चाहे वो माइनॉरिटी स्टेक हो या टेक्नोलॉजी शेयर करना हो। भारतीय बाजार के एक्सपर्ट्स मानते हैं कि दरअसल, चीन पर बढ़ता दबाव और भारत की सजकता चीन को परेशान कर रही है। जिस तरह से भारत और के बीच में ट्रेड डिफेसिट बढ़ रहा है उसे लेकर वाकई में भारत इस मंथन पर जुटा है कि कैसे वो अपनी चीन पर निर्भरता कम कर सके।

## गुड फ्राइडे पर आंध्र प्रदेश में पादरियों के लिए अच्छी खबर, 30 करोड़ रुपये का मानदेय मंजूर

विज्ञप्ति में यह भी कहा गया कि आंध्र प्रदेश सरकार ने गुड फ्राइडे की पूर्व संध्या पर इस निर्णय की घोषणा की और इसे पादरियों के लिए अच्छी खबरह्व बताया।

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल ने लोगों को ईसा मसीह की त्याग की भावना से प्रेरणा लेने को कहा

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने गुड फ्राइडे के अवसर पर ईसाई समुदाय के लोगों को ईसा मसीह की त्याग और निस्वार्थता की भावना से प्रेरणा लेने को कहा।

गुड फ्राइडे ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाये जाने पर उनके बलिदान की याद में मनाया जाता है। राजभवन की ओर से शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार बोस ने कहा, यह गुड फ्राइडे आपके लिए शांति, खुशी और जीवन में नयापन लेकर आए।

ईसा मसीह की त्याग और निस्वार्थता की भावना आपको प्रेरणा देह्व बोस ने बाइबिल के कुछ संदर्भों का उल्लेख किया और इस दिन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, ईसा मसीह का सूली पर चढ़ना क्षमा, मुक्ति और मानवता के लिए उनके शाश्वत प्रेम को दिखाता हैश्मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, गुड फ्राइडे बलिदान को याद करने का दिन है। मेरे सभी ईसाई भाइयों और बहनों का दिन मंगलमय हो।

## क्यों बदल दिया अपना गमछा?

अखिलेश यादव ने कहा, 'जो सच्चा हिंदू है वह स्वामी विवेकानंद जी को मानता है। स्वामी विवेकानंद ने कहा कि यूनिवर्सल एक्सेप्टेंस और टॉलरेंस हमें ज्यादा धर्म सिखाता है। उन्होंने शिकागो में भाषण दिया कि हम उसे देश आते हैं, जो देश और जिस देश का धर्म हमें सब को स्वीकार करना सिखाता है। यूनिवर्सल एक्सेप्टेंस और टॉलरेंस हमारा धर्म सिखाता। बताइए विवेकानंद जी की कितनी बात मानते हैं, केवल वस्त्र पहन लेते हैं और बोलते हैं हम हो गए विवेकानंद। वस्त्र से कोई योगी नहीं हो सकता है, बल्कि विचार से योगी हो सकता है'

अखिलेश ने कहा, 'उत्तर प्रदेश में जीरो पावर्टी हो गई जीरो पावर्टी हो गई। कहते हैं न्याय को लेकर जीरो टॉलरेंस है और आप किसी के भी साथ अन्याय कर दे रहे हो। आप किसी पर झूठे मुकदमे लगा रहे हो, किसी को भी जेल भेज रहे हो और किसी का भी एनकाउंटर कर रहे।

## कभी किसी उपराष्ट्रपति को ऐसी राजनीतिक टिप्पणी करते नहीं देखा

इस दौरान कपिल सिब्बल ने जोर देते हुए कहा, 'आप जो भी कहते हैं, वह समान दूरी पर होना चाहिए। कोई भी अध्यक्ष किसी पार्टी का प्रवक्ता नहीं हो सकता। मैं यह नहीं कहता कि वह हैं, लेकिन सिद्धांत रूप में कोई भी अध्यक्ष किसी भी पार्टी का प्रवक्ता नहीं हो सकता। अगर ऐसा लगता है तो कुर्सी की गरिमा कम हो जाती है।'

एक दिन पहले उपराष्ट्रपति ने क्या कहा था?

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने गुरुवार को न्यायपालिका की तरफ से राष्ट्रपति के लिए निर्णय लेने और सुपर संसद के रूप में कार्य करने के लिए समयसीमा निर्धारित करने पर सवाल उठाते हुए कहा कि सर्वोच्च न्यायालय लोकतांत्रिक ताकतों पर परमाणु मिसाइल नहीं दाग सकता। उन्होंने न्यायपालिका के लिए ये कड़े शब्द राज्यसभा के प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहे, कुछ दिनों पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति और राज्यपाल की तरफ से विचार के लिए रखे गए विधेयकों को मंजूरी देने के लिए समयसीमा तय करने की मांग की थी। इस पर उपराष्ट्रपति ने कहा, 'इसलिए, हमारे पास ऐसे न्यायाधीश हैं जो कानून बनाएंगे, जो कार्यकारी कार्य करेंगे, जो सुपर संसद के रूप में कार्य करेंगे और उनकी कोई जवाबदेही नहीं होगी क्योंकि देश का कानून उन पर लागू नहीं होता।'

## संभल के सीओ अनुज चौधरी को मिली क्लीन चिट

जिन्होंने चौधरी को सम्मानित किया था। अमिताभ ठाकुर द्वारा एक शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद जांच शुरू की गई थी, जिसमें शांति समिति की बैठक में चौधरी की टिप्पणियों पर पुलिस आचरण नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया था।

बैठक के दौरान चौधरी ने कहा था, "होली साल में एक बार आती है, जुम्मा 52 बार आता है। अगर आप सेवई परोसना चाहते हैं, तो आपको गुजिया भी खानी चाहिए।" जांच में शिकायत में लगाए गए आरोपों का समर्थन करने वाला कोई सबूत नहीं मिला। 6 मार्च को चौधरी ने हिंदू त्योहार होली के दौरान जश्न मनाने के बारे में मीडिया को संबोधित किया था। उन्होंने सुझाव दिया कि मुस्लिम समुदाय के जो लोग रंगों से असहज हैं, उन्हें घर के अंदर ही रहना चाहिए।

चौधरी ने मीडिया से कहा, "हमने मुस्लिम समुदाय से अनुरोध किया है कि अगर वे रंग लगाना पसंद नहीं करते हैं, तो उन्हें उस जगह नहीं आना चाहिए जहां होली मनाई जा रही है। साल में 52 जुम्मा (शुक्रवार) होते हैं, लेकिन होली के लिए केवल एक दिन होता है। हिंदू पूरे साल होली का इंतजार करते हैं, ठीक वैसे ही जैसे मुसलमान ईद का इंतजार करते हैं।" उन्होंने त्योहार मनाने के बारे में अपने रुख के बारे में विस्तार से बताया। चौधरी ने कहा, "हमने सीधा संदेश दिया है कि जब लोग होली खेलें और अगर वे (मुस्लिम) नहीं चाहते कि उन पर रंग पड़ें, तो उन्हें घर पर ही रहना चाहिए। और अगर वे अपने घर से बाहर जाना चाहते हैं, तो उन्हें इतना बड़ा दिल रखना चाहिए कि अगर उन पर रंग पड़ जाए तो वे आपत्ति न करें।

# वक्फ संपत्ति बता सरकारी जमीन को कब्जाया, एसएसपी ने कराई जांच तो हुआ खुलासा, 11 पर एफआईआर

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। वक्फ कानून का नोटिफिकेशन जारी होने से पहले ही माफिया निशाने पर आ गए हैं। बरेली में सीबीगंज के एक मामले में शिकायत पर एसएसपी अनुराग आर्य ने एसपी सिटी मानुष पारीक से जांच कराई तो पता लगा कि अभिलेखों में कब्रिस्तान के नाम दर्ज सरकारी भूमि को शातिर ने फर्जी ट्रस्ट बनाकर वक्फ में पंजीकृत कर कब्जा लिया है। यहां दुकानें बनाकर कमाई की जा रही है। इस बारे में कोर्ट के आदेश को भी माफिया दबाए बैठा है। एसएसपी के हस्तक्षेप से पीड़ित ने 11 लोगों पर धोखाधड़ी, फर्जी कागजात बनाने व मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामला पुराना होने की वजह से अभी आईपीसी की धाराओं में कार्रवाई की गई है। इसे बाद



में नए वक्फ कानून की धाराओं में बदला जा सकता है खतौनी में कब्रिस्तान के नाम दर्ज है जमीन गांव सरनिया निवासी पुत्तन शाह ने एसएसपी अनुराग आर्य को बताया कि उनके गांव में ही एक बेशकीमती जमीन खतौनी में कब्रिस्तान के नाम दर्ज है, यह सरकारी जमीन है। उन्होंने बताया कि गांव के ही सब्जे अली ने सैयद हामिद हसन नाम के एक व्यक्ति को फकीर बनाकर कब्रिस्तान के कुछ हिस्से की जमीन पर बैठा दिया। फिर उससे झाड़-फूंक कराकर लोगों को बरगलाने लगा। उससे होने वाली आमदनी में अपना हिस्सा लेने लगा। हामिद हसन की मौत के उसके शव को वहीं कब्र खुदवाकर दफन करा दिया। फिर उस जमीन के साथ ही कब्रिस्तान के कुछ हिस्से की करीब तीन बीघा जमीन पर कब्जा करने की नियत से मजार का निर्माण कराने लगा। इसका उसने विरोध किया तो उसकी पिटाई कर दी और जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया।

## मुठभेड़ के बाद पुलिस ने चार शातिर बदमाशों को किया गिरफ्तार

बरेली। फतेहगंज पूर्वी इलाके में शुक्रवार को पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में चार कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया। इस दौरान एक बदमाश असरुद्दीन के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने मौके से चारों बदमाशों को पकड़ लिया।

पूछताछ में बदमाशों ने कबूला कि करीब 9 महीने पहले उन्होंने ग्राम सिधौली में एक सर्राफ की दुकान से बड़ी चोरी की थी। चोरी की इस वारदात में असरुद्दीन के अलावा निसार, चिरागुद्दीन, रियाजुद्दीन उर्फ भूरा और दिलशाद भी शामिल थे। चुराए गए सोने-चांदी के जेवरात और नकदी को हमजा ज्वेलर्स और मुकीम सुनार को बेच दिया गया था। पुलिस को तलाशी के दौरान बदमाशों के पास से 14,210 रुपये नकद, एक किलो 79 ग्राम चांदी, 20 ग्राम सोना, एक तमंचा, एक महिंद्रा कार और दो मोबाइल फोन मिले। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान असरुद्दीन, रुखसत उर्फ बिहारी, कादिर और हरिओम के रूप में हुई है। सभी आरोपी फतेहगंज पूर्वी और सुभाष नगर थाना क्षेत्रों के निवासी हैं। गिरफ्तार बदमाशों के खिलाफ बरेली और शाहजहांपुर के अलग-अलग थानों में दो दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। इन पर चोरी, लूट और नकबजनी जैसी संगीन धाराओं में मामले चल रहे हैं।

## सपा नेता हरीश लाखा सहित पांच पर धोखाधड़ी और रंगदारी के संगीन आरोप में केस दर्ज

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। समाजवादी पार्टी के चर्चित नेता हरीश लाखा बड़े विवादों में घिर गए हैं। इस बार मामला बेहद गंभीर है। भोले-भाले किसान को प्रताड़ित करने, करोड़ों की जमीन पर अवैध कब्जा करने, कोर्ट के आदेशों की अवहेलना और हत्या की कोशिश जैसे संगीन आरोपों के तहत सपा नेता हरीश लाखा सहित 5 लोगों के खिलाफ बरेली कैंट थाने में केस दर्ज किया गया है।

**क्या है पूरा मामला?**

मूल रूप से थाना कैंट क्षेत्र के गांव मोहनपुर नकटिया निवासी किसान राजकुमार ने अपनी पैतृक जमीन बेचकर देहात में दूसरी भूमि का सौदा किया था। सौदे में भारी रकम चुकाने के बावजूद भूमि स्वामी विजया ने उसका बैनामा नहीं किया। न्याय की आस में पीड़ित किसान ने कोर्ट का रुख किया, जहां से जमीन की खरीद-फरोख्त पर रोक (स्टे) लगा दी गई थी। लेकिन




कोर्ट के आदेश की खुलेआम अवहेलना करते हुए सपा नेता हरीश लाखा ने न केवल उस जमीन का एग्रीमेंट अपने नाम करा लिया, बल्कि विरोध करने पर किसान और उसके रिश्तेदारों को जान से मारने की धमकी भी दी। किसान के आरोपों के मुताबिक, लाखा ने अपने गुर्गों के जरिए उन्हें बंधक बनाकर बेरहमी से पिटवाया और करोड़ों की रंगदारी की मांग की। पीड़ित की शिकायत पर शासन ने तत्काल संज्ञान लेते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए, जिसके बाद थाना कैंट में हरीश लाखा और उसके साथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

# बियर फैक्ट्री में बॉयलर फटने से दो मजदूरों की मौत

### सरकार ने सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने की तैयारी की

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। आंवला क्षेत्र में निमार्णाधीन बियर फैक्ट्री में बॉयलर फटने की घटना ने जिले के प्रशासन को सतर्क कर दिया है। इस हादसे में चार मजदूर झुलस गए थे, जिनमें से दो की मौत हो चुकी है। घटना के बाद प्रदेश सरकार ने सुरक्षा इंतजामों को लेकर सख्त रुख अपनाया है।

उत्तर प्रदेश के पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने अधिकारियों के साथ विशेष बैठक कर स्थिति की समीक्षा की। मंत्री ने बताया कि आंवला में कई खतरनाक औद्योगिक इकाइयां हैं, जैसे HPCL, BPCL, IOC के डिपो और इफ्को की फैक्ट्री। उन्होंने कहा कि मंडलायुक्त से विचार-विमर्श के बाद जल्द ही क्षेत्र में अग्निशमन केंद्र, ठऊफ्र और रऊफ्र यूनिट की स्थापना का प्रस्ताव सरकार को भेजा जाएगा।

सरकारी योजना के तहत आंवला में तीन प्रमुख निजी उद्योग विकसित हो रहे हैं झ्र जिनमें इथेनॉल और बियर फैक्ट्री, मधुसूदन डेयरी, और डालमिया की चीनी मिल शामिल हैं। मंत्री धर्मपाल सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जल्द ही बरेली का दौरा कर सकते हैं और इस दौरान मधुसूदन डेयरी का उद्घाटन भी संभावित है।

# एडीओ पंचायत बहजोई रजपुरा गुन्नौर को कारण बताओं नोटिस



**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**

सम्भल / बहजोई जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के अन्तर्गत मध्य प्रदेश के जिला मंदसौर से आये सामाजिक कार्यकर्ता कुणाल श्रीवास्तव द्वारा मेडिकल माफियाओं तथा एंबुलेंस माफिया के संबंध में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कुणाल श्रीवास्तव ने उनके द्वारा मंदसौर जिले में मेडिकल माफियाओं एवं एंबुलेंस माफियाओं के विरुद्ध चलाये गये अभियान को लेकर जानकारी दी और जनपद सम्भल में भी इसी प्रकार से कार्यवाही हो सके उसके लिए अपने अनुभव साझा किये। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद के प्राईवेट एवं सरकारी अस्पतालों में सिजेरियन डिलीवरी के आंकड़े अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराये जाएं। तथा दुर्घटनाओं के मामलों को लेकर भी निर्देशित करते हुए कहा कि इनके भी प्राईवेट तथा सरकारी अस्पतालों के आंकड़े उपलब्ध कराएं।

इसके उपरांत कन्या सुमंगला योजना पर चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि इस योजना को लेकर गम्भीरता दिखाएं।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर समीक्षा की गयी। झाडियों के कटान एवं साफ सफाई में लापरवाही बरतने पर विकासखंड बहजोई के ग्राम जेतपुरा एवं विकासखंड गुन्नौर के ग्राम औरंगाबाद तथा विकासखंड रजपुरा के ग्राम ईसापुर के सफाई कर्मचारियों को निलंबित करने के लिए निर्देश दिए।

तथा एडीओ पंचायत बहजोई, गुन्नौर एवं रजपुरा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पंकज बिश्नोई, डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार, जिला पंचायती राज अधिकारी उपेन्द्र कुमार पाण्डेय तथा समस्त एम ओ आई सी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बाबा साहब की 134वीं जयंती पर आंवला में निकली ऐतिहासिक शोभायात्रा



**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली/आंवलाः संविधान निमार्ता, सामाजिक न्याय के पुरोधा बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की 134वीं जयंती के अवसर पर बरेली के आंवला कस्बे में एक ऐतिहासिक और भव्य शोभायात्रा निकाली गई। हजारों की संख्या में बाबा साहब के अनुयायियों और सामाजिक न्याय के सिपाहियों ने एकत्र होकर उनके विचारों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

इस विशाल शोभायात्रा की अध्यक्षता मुकेश सागर ने की जबकि महासचिव अरविंद पेंटर ने आयोजन की कमान संभाली। शोभायात्रा के दौरान पूरे आंवला में गगनभेदी नारों और बाबा साहब अम्बेडकर के जयकारों से माहौल गूंज उठा।

इस अवसर पर भीम आर्मी बरेली मंडल अध्यक्ष विकास बाबू एडवोकेट, जिला अध्यक्ष सुशील कुमार गौतम, तहसील अध्यक्ष शंकर वाल्मीकि, मदनलाल, विशाल सागर, आदेश कुमार, प्रभाकर जाटव, पवन सागर, विजेंद्र, मुनेंद्र, पप्पू गौतम, उदयवीर, रजत भारती, दिनेश, हरीसागर, रवि सागर, अतीक अहमद, कँवरपाल, शोएब, रामपाल दिवाकर, सतीश मौर्य, दयाराम मौर्य व नंदकिशोर मौर्य समेत हजारों लोगों ने भाग लेकर आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।

शोभायात्रा में झांकियों के माध्यम से बाबा साहब के जीवन संघर्ष, संविधान निर्माण और सामाजिक जागरूकता के संदेशों को सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया गया। युवाओं ने नृत्य और बैंड-बाजों के साथ जोश और उल्लास से शोभायात्रा को ऊर्जा प्रदान की।

भीम आर्मी के नेताओं ने अपने संबोधन में बाबा साहब के दिखाए रास्ते पर चलने और सामाजिक समानता की लड़ाई को और मजबूती से आगे बढ़ाने का आह्वान किया। शोभायात्रा शांतिपूर्ण और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुई।

यह आयोजन केवल श्रद्धा का प्रदर्शन नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का संकल्प था।

## संभल में नकली लुब्रिकेन्ट ऑयल व ग्रीस बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड



**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**

संभल/ पुलिस अधीक्षक जनपद संभल कृष्ण कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा व क्षेत्राधिकारी बहजोई डॉ प्रदीप कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में थाना बहजोई व थाना बनियाठेर पुलिस टीम ने प्रतिष्ठित कंपनियों के नकली लुब्रिकेन्ट ऑयल व ग्रीस बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड करते हुए भिन्न-भिन्न कम्पनियों के हजारों लीटर नकली आयल सहित ऑयल बनाने के उपकरण, पैकेजिंग मैटेरियल, लैपटाप, प्रिंटर, फोन गाडियां (नकली ऑयल डिस्ट्रीबूयशन में प्रयुक्त वाहन) बरामद कर 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार ।

# दुष्कर्म के आरोपी प्रधान के वित्तीय अधिकार होंगे सीज

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

अमरोहा। दुष्कर्म के आरोप में जेल गए ग्राम प्रधान के अधिकार सीज किए जाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। एडीओ पंचायत ने डीपीआरओ को इस संबंध में पत्र लिखा है।

ब्लॉक की एक ग्राम पंचायत के प्रधान के खिलाफ उसके ही गांव की महिला ने पति की गैरमौजूदगी में दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज कराया था। महिला ने प्रधान पर बचाने आए उसके नाबालिग बेटे का गला दबाकर मारने



की कोशिश का आरोप भी लगाया था। केस दर्ज होने पर प्रधान गांव से भाग गया था। एसपी अमित आनंद ने प्रधान की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

इसके बाद बीती आठ नवंबर को प्रधान ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। प्रधान के जेल जाने पर उसके अधिकार सीज किए जाने की कवायद शुरू कर दी गई है। एडीओ पंचायत रामचंद्र ने बताया कि प्रधान के वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार सीज किए जाने के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र लिखा गया है। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद गांव के विकास कार्यों के लिए ग्राम पंचायत सदस्यों की समिति गठित की जाएगी

## खाध विभाग की टीम ने 6 टीकानों पर छापेमारी कर लिए नमूने

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद । सहायक आयुक्त खाद के निर्देश पर गठित खाद्य विभाग की टीमों ने जिले में मिलावटी दूध की बिक्री रोकने के लिए छापामारी की टीम ने संभाल रोड बाईपास के निकट मोहम्मद कासिम पुत्र शमशाद निवासी ग्राम गुरेर थाना व पोस्ट में मैनाठेर जनपद मुरादाबाद से मिश्रित दूध के नमूने लिए इसके अलावा हैदर अली पुत्र आस्कर निवासी ग्राम अहलादपुर थाना मैनाठेर से भी मिश्रित दूध का नमूना लिया गया



मनकुआं मोड़ रोड कालू पुत्र अब्दुल सलाम निवासी ग्राम मुंडिया मलूकपुर से भी मिश्रित दूध का नमूना लिया गया। गांव मुकुटपुर एहरोला से प्रीतम सिंह पुत्र ज्ञान सिंह से मिलावटी खोए का नमूना भी टीम ने लिया है। मौके पर प्रीतम सिंह मिल्क पाउडर तथा वनस्पति मिलकर खोया तैयार कर रहा था 25 किलो मिल्क पाउडर जिसकी कीमत 11250 तथा 4 किलोग्राम वनस्पति इसकी कीमत 716 रुपए विक्रेता द्वारा बताई गई जिन्हें सील करके विक्रेता के सुपुर्द कर दिया गया है खाद लाइसेंस पंजीकरण न होने के कारण खोया निर्माण पर रोक लगा दी गई है। ग्राम मुकुटपुर अहरौला से ही दूध से भरी हुई पिकअप गाड़ी को रोक कर दूध का निरीक्षण किया गया गाड़ी में लगभग 24 कंटरो में लगभग 1080 लीटर दूध था

विक्रेता कासिम अली पुत्र कुद्दूस निवासी ग्राम हाथीपुर जीतू थाना व पोस्ट कुंदरकी ने अवगत कराया कि वह यह दूध बिक्री हेतु को रामपुर अपनी डेरी पर ले जा रहा है विक्रेता पर दुग्ध सप्लाई हेतु लाइसेंस नहीं पाया गया इसलिए विक्रेता को नोटिस दिया गया तथा संबंधित पिकअप गाड़ी से व्यापार करने पर रोक लगा दी गई।गाड़ी में रखी अलग-अलग कैनो से मिश्री दूध के दो नमूने संग्रहित किए गए नमूना भरने के बाद कागजी कार्यवाही करते खाद्य विभाग की टीम

# प्राधिकरण द्वारा रास्ता बंद करने पर भड़के लोग

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**

मुरादाबाद। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण (एमडीए) की ओर से सौंदर्यीकरण बहाने लोगों का रास्ता बंद किये जाने से लोग भड़क उठे। लोगों का कहना है कि पहले आमजन की सुविधा जरूरी है या सौंदर्यीकरण। जब लोग अपने दुकान और घर से निकल नहीं सकेंगे तो इस सौंदर्यीकरण का क्या फायदा है? यह तो सरकारी धन खपाने का एक तरीका है। इससे अधिक कुछ नहीं।

यहां बता दें कि एमडीए द्वारा गागन से जीरो प्वाइंट तक सड़क के




सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। गुरुवार को मंगूपुरा के कुछ लोग मौके पर पहुंच गए और सौंदर्यीकरण कार्य का विरोध करते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया।

लोगों के आगे का रास्ता हो रहा है बंद- लोगो का आरोप था कि सौंदर्यीकरण के कार्य से उनकी मकान, दुकान व प्लॉट के आगे रास्ता बंद हो जाएगा। लोग निकल नहीं सकेंगे। ज्यादातर लोग अपने-अपने घर व दुकान के सामने कम से कम 25 फिट छोड़कर सौंदर्यीकरण की मांग कर रहे थे। जानकारी पाकर एमडीए के चीफ इंजीनियर पंकज पांडे मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों को समझाकर शांत तो कर दिया। मगर लोगों में एमडीए के प्रति गुस्सा अभी शांत नहीं हुआ है।

# संपादकीय

## प्रतिभाओं के अनुकूल वातावरण बनाएं

यह खबर चौंकाने वाली है कि बीते साल विदेश जाने वाले छात्रों की संख्या में 25 फीसदी की कमी आई है। जबकि अमेरिका जाने वाले छात्रों की संख्या में 36 और कनाडा जाने वाले छात्रों की संख्या में 34 फीसदी की कमी आई है। कमोबेश यही स्थिति ब्रिटेन की भी है। ये आंकड़े वर्ष 2024 के हैं। निश्चित तौर पर जब ट्रंप काल में उखाड़-पछाड़ के दौर के आंकड़े सामने आएंगे, तो वे ज्यादा चौंकाने वाले होंगे। एक समय था कि छात्रों में परदेस जाकर पढ़ाई करने का जुनून उफान पर था। हर साल मां-बाप खून-पसीने की कमाई से और अपना पेट काटकर बच्चों को पढ़ने के लिये विदेश भेज रहे थे। कहीं-कहीं तो खेत बेचकर और घर गिरवी रखकर बच्चों को विदेश पढ़ाने के लिए भेजने के मामले भी प्रकाश में आए। दरअसल, देश में बैंकों से एजुकेशन लोन मिलने की सुविधा ने भी छात्रों की विदेश यात्रा को सुगम बनाया। हर साल लाखों छात्र सुनहरे सपने लिये विदेश गमन कर रहे थे। ये जुनून पंजाब में विशेष रूप से देखा गया, जो कनाडा-अमेरिका आदि देशों में संपूर्ण भारत से जाने वाले छात्रों का साठ फीसदी था। जरूरी नहीं था कि ये सारे छात्र मेधावी थे और सब दुनिया के शीर्ष विश्वविद्यालयों में दाखिला पा रहे थे। इनमें कई विश्वविद्यालय ऐसे भी थे जो सिर्फ विदेशी छात्रों से कमाई करने के मकसद से चलाए जा रहे थे। वहीं कुछ विश्वविद्यालय ऐसे भी थे जो अवैध रूप से लोगों को विदेश भेजने वाले एजेंटों की कमाई का जरिया बने हुए थे। युवाओं को छात्र के रूप में इन देशों में भेजकर मोटी रकम वसूली जा रही थी। दरअसल, धीरे-धीरे छात्रों और उनके अभिभावकों को हकीकत का अहसास होता चला गया। उन्होंने महसूस किया कि वे मोटा पैसा खर्च करके जैसे-तैसे डिग्री तो पा सकते हैं, लेकिन ये नौकरी व ग्रीन कार्ड की गारंटी नहीं है। हां, कुछ छात्र किसी तरह छोटे-मोटे काम-धंधे करके अपनी पढ़ाई का खर्चा व घर का कर्जा उतारने का जुगाड़ जरूर कर लेते थे। दरअसल, धीरे-धीरे अमेरिका, ब्रिटेन व कनाडा सरकारों के दुराग्रहों व उनकी प्राथमिकताओं ने छात्रों को खुरदुरी जमीन के यथार्थ से रूबरू करा दिया। छात्रों को एजेंटों ने जो सब्जबाग दिखाए थे, उनकी हकीकत सामने आने लगी। इसके अलावा कोरोना काल के बाद बिखरती अर्थव्यवस्थाएं, नौकरी के आकर्षक प्रस्तावों में कमी, वीजा मिलने में हो रही दिक्कतें, इन देशों के गोरी चमड़ी वाले लोगों के भारतीयों पर बढ़े हमलों ने छात्रों में मोहभंग की स्थिति उत्पन्न कर दी। बीते साल अमेरिका में कई भारतीय छात्रों पर नस्लीय हमले हुए। कई छात्रों की हत्या हुई और अनेक घायल हुए। कनाडा व ब्रिटेन में भारत विरोधी अभियानों तथा कनाडा में जस्टिन ट्रूडो के भारत विरोधी रवैये ने भी छात्रों का मोहभंग किया। वैसे देखा जाए तो विदेशी मुद्रा अर्जित करने के बजाय हम हर साल अरबों रुपये इन देशों को भेज रहे थे। दूसरी ओर छात्रों के विदेश जाने के मोहभंग होने का सार्थक पहलू यह भी है कि अब ये प्रतिभाएं देश में रहकर राष्ट्र के विकास में योगदान दे सकती हैं। कुदरत का नियम है कि अपनी उर्वरा भूमि में ही पौधे अनुकूल वातावरण के चलते खिलते-निखरते हैं। ये हमारे नीति-नियंताओं की विफलता है कि आजादी के सात दशक बाद भी हम देश को अंतर्राष्ट्रीय मानकों वाले विश्वविद्यालय नहीं दे पाये। सामान्य शिक्षा में कौशल विकास के गुण को विकसित नहीं कर पाए। छात्रों में सरकारी नौकरियां पाने की लालसा को रचनात्मक विकल्प नहीं दे पाये। अमेरिका की सिलिकॉन वैली से लेकर आईटी से जुड़ी तमाम बड़ी कंपनियों को भारतीय प्रतिभाएं चला रही हैं। आखिर क्यों हम भारतीय मेधाओं को देश में ऐसा वातावरण नहीं दे पा रहे हैं, कि वे नई खोजों व अनुसंधान से देश को लाभान्वित कर सकें। भारत दुनिया में सबसे ज्यादा युवाओं वाला देश है। यदि हम उनकी क्षमता,योग्यता और प्रतिभा का बेहतर उपयोग नहीं कर पा रहे हैं, तो यह हमारी बड़ी नाकामी है। देश के सत्ताधीशों को इस दिशा में गंभीरता से सोचना होगा कि क्यों छात्रों में विदेश जाने की होड़ लगी रहती थी। छात्रों को अनुकूल वातावरण देकर ही विकसित भारत के संकल्प पूरे हो सकते हैं।

# टैरिफ के मुकाबले को चीनी आर्थिक दीवार

**कुछ ही दिनों में बाजार में उथल-पुथल, खरबों डॉलर की संपत्ति का सफाया और अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में उछाल देखा गया, ट्रम्प ने बड़े टैरिफ पर 90-दिन की रोक की घोषणा की, लेकिन वाशिंगटन के सबसे करीबी सहयोगियों सहित सभी देशों पर 10 प्रतिशत के उपाय को बरकरार रखा। मगर, ट्रम्प ने मैक्सिको और कनाडा को बख्शा नहीं। इन पर लगाए गए 25 फीसद टैरिफ को बरकरार रखा। फिर उन्होंने चीन को निशाने पर लिया। जिससे बाजार में अराजकता फैल गई। क्या इसे टैरिफ वॉर कहें, या कि टैरिफ टेररिजम? ट्रम्प प्रशासन द्वारा लगाए गए टैरिफ ने वित्तीय बाजारों को हिलाकर रख दिया है। कई निवेशक और बाजार पर्यवेक्षक वैश्विक आर्थिक मंदी के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं।**



अमेरिका से फुल स्केल टैरिफ युद्ध छिड़ने से पहले, क्या शी अपने गिर्द एक आर्थिक ग्रेट वाल ऑफ चाइना का सृजन आरम्भ कर चुके हैं? लेकिन इस टैरिफ वॉर में गलत-सही सूचनाओं का भी युद्ध छिड़ा हुआ है। चीन, 2025 की पहली तिमाही में 5.4 फीसद जीडीपी की बढ़ोतरी का दावा ठोक रहा है।

टैरिफ वॉर के बावजूद चीन अपने जीडीपी में 5.4 फीसद की बढ़ोतरी, पहली तिमाही में कर लेता है, तो यह बड़ी बात है। नेशनल ब्यूरो ऑफ स्टैटिस्टिक्स ने बुधवार को तब डाटा जारी किया, जब राष्ट्रपति शी , तीन पूर्वी एशियाई देशों की यात्रा के अंतिम चरण में थे। शी सोमवार को वियतनाम और मंगल को मलेशिया पहुंचे। मंगलवार शाम को राजधानी कुआलालंपुर में शी का जोरदार स्वागत हुआ। यह 2013 के बाद से उनकी पहली मलेशिया यात्रा है। वे वियतनाम से यहां आए हैं। उन्होंने हनोई में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लेकर रेल विकास तक, दर्जनों व्यापार सहयोग समझौतों पर हस्ताक्षर किए थे। शी ने आखिर किन वजहों से तीन देशों में जाना तय किया? दरअसल, 9 अप्रैल को रोक लगाने से पहले, ट्रम्प ने कई निर्यात-उन्मुख दक्षिण-पूर्व एशियाई अर्थव्यवस्थाओं पर सबसे अधिक पारस्परिक टैरिफ लगाए। उन्होंने कंबोडिया पर 49 प्रतिशत के टैरिफ लगाए, जबकि वियतनाम और मलेशिया पर क्रमशः 46 प्रतिशत और 24 प्रतिशत शुल्क लगाया गया। व्यापार युद्ध और तेज हो गया है, क्योंकि व्हाइट हाउस ने कहा है कि चीन को अब अमेरिका में आयात पर 245 फीसदी टैरिफ का सामना करना पड़ सकता है।

वियतनाम अमेरिका द्वारा अधिकतम 46 प्रतिशत टैरिफ को लेकर गुस्से में है। सोमवार को वियतनामी अखबार नहान डैन में प्रकाशित एक लेख में, शी ने संरक्षणवाद की अपनी आलोचना दोहराते हुए कहा कि चीन और वियतनाम को मिलकर बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली और स्थिर आपूर्ति श्रृंखलाओं की रक्षा करनी चाहिए। यात्रा से पहले, शी ने तीन मलेशियाई समाचार आउटलेट द्वारा प्रकाशित एक लेख में चीन और मलेशिया के बीच बहुपक्षीय स्तर पर सहयोग की गति को बढ़ाने का संकल्प लिया। टोरंटो विश्वविद्यालय में चीनी राजनीति की प्रोफेसर लिनेट ओंग ने कहा, मैं इसे व्यापार युद्ध में संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ लड़ने के लिए गठबंधन बनाने के शी के प्रयास के रूप में देखती हूं।

10-सदस्यीय आसियान के कई देश अमेरिका द्वारा भारी टैरिफ लगाए जाने से नाखुश हैं। वाशिंगटन ने मलेशिया पर 24 प्रतिशत व्यापार शुल्क लगाया, जिसे मलेशियाई अधिकारियों ने अस्वीकार कर दिया। मलेशिया, जो अपनी गुटनिरपेक्ष स्थिति का दावा करता है, सौदे पर बातचीत करने के लिए वाशिंगटन, एक प्रतिनिधिमंडल भेज रहा है। कई दक्षिण-पूर्व एशियाई सरकारें अमेरिकी बाजार तक अपनी पहुंच बनाए रखने के लिए ट्रम्प प्रशासन के साथ बातचीत करने की उम्मीद करती हैं। वियतनाम ने भी अधिक अमेरिकी सामान खरीदने, और अमेरिकी आयातों पर शुल्क में कटौती करने की पेशकश की है। कंबोडिया ने भी यू.एस. आयात पर टैरिफ को घटाकर पांच प्रतिशत करने की पेशकश की है।

डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा पूरी दुनिया में उथल-पुथल मचाये रखने का आज 15वां दिन है। ट्रंप ने 2 अप्रैल को वैश्विक बाजारों में अराजकता फैला दी, जिसे उन्होंने मुक्ति दिवस कहा। एक दिन पहले वो ऐसा करते, तो बिना कहे लोग मान लेते कि ट्रंप, मूर्ख दिवस मना रहे हैं। इस तथाकथित मुक्ति दिवस की अर्थशास्त्रियों ने जमकर आलोचना की थी, और इसे निरर्थक बताया था। आयातित वस्तुओं पर वैश्विक स्तर पर 10 प्रतिशत का टैरिफ लगाया गया, जबकि कई देशों को उनके साथ अमेरिकी व्यापार घाटे के आधार पर बहुत अधिक शुल्क का सामना करना पड़ा। एक ऐसा कदम, जो अवांछित और हाहाकारी है।

कुछ ही दिनों में बाजार में उथल-पुथल, खरबों डॉलर की संपत्ति का सफाया और अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में उछाल देखा गया, ट्रम्प ने बड़े टैरिफ पर 90-दिन की रोक की घोषणा की, लेकिन वाशिंगटन के सबसे करीबी सहयोगियों सहित सभी देशों पर 10 प्रतिशत के उपाय को बरकरार रखा। मगर, ट्रम्प ने मैक्सिको और कनाडा को बख्शा नहीं। इन पर लगाए गए 25 फीसद टैरिफ को बरकरार रखा। फिर उन्होंने चीन को निशाने पर लिया। जिससे बाजार में अराजकता फैल गई। क्या इसे टैरिफ वॉर कहें, या कि टैरिफ टेररिजम?

ट्रम्प प्रशासन द्वारा लगाए गए टैरिफ ने वित्तीय बाजारों को हिलाकर रख दिया है। कई निवेशक और बाजार पर्यवेक्षक वैश्विक आर्थिक मंदी के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं। 16 अप्रैल को, प्रेसिडेंट शी इस्ताना नेगरा में मलेशिया के राजा, सुल्तान इब्राहिम इस्कंदर से मिले। इसके बाद प्रधानमंत्री अनवर के साथ दोपहर में पुत्रजया में सेरी परदाना कॉम्प्लेक्स (प्रधानमंत्री का आधिकारिक निवास) में बैठक हुई, जहां दोनों नेताओं की उपस्थिति में कई सहमति ज्ञापनों और द्विपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर किये गए।

आज चीन, कंबोडिया का सबसे बड़ा निवेशक, व्यापारिक साझेदार और डोनर है। इसके विपरीत, अमेरिकी सरकार और उसके सहयोगियों ने कथित मानवाधिकार उल्लंघनों के लिए कम्बोडिया पर प्रतिबंध लगाए हैं, और फंडिंग में कटौती की है, जिससे नोम पेन्ह, पेइचिंग की बांहों में और भी अधिक चला गया है। कंबोडिया में चीनी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव मजबूती से आगे बढ़ रहा है, इस कारण चीनी सहायता और निवेश पर नोम पेन्ह की निर्भरता बढ़ी है। वर्ष 1953 में कंबोडिया को फ्रांस से स्वतंत्रता मिलने के बाद द्विपक्षीय संबंध मधुर हुए। थाईलैंड और दक्षिण वियतनाम के प्रभाव को संतुलित करने की कोशिश में, कंबोडिया ने चीन के साथ मजबूत संबंध बनाए।

अमेरिका से फुल स्केल टैरिफ युद्ध छिड़ने से पहले, क्या शी अपने गिर्द एक आर्थिक ग्रेट वाल ऑफ चाइना का सृजन आरम्भ कर चुके हैं? लेकिन इस टैरिफ वॉर में गलत-सही सूचनाओं का भी युद्ध छिड़ा हुआ है। चीन, 2025 की पहली तिमाही में 5.4 फीसद जीडीपी की बढ़ोतरी का दावा ठोक रहा है। इसके उलट, अमेरिका परस्त आर्थिक विश्लेषक, गोल्डमैन सैक्स का मानना है, कि इस साल शी की अर्थव्यवस्था सिर्फ. 4 फीसदी बढ़ेगी। वॉल स्ट्रीट निवेश बैंक को चिंता है, कि शी की अब तक की कार्रवाइयां टैरिफ के नकारात्मक प्रभाव को पूरी तरह से संतुलित करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। कम से कम, यूबीएस के अर्थशास्त्री ताओ वांग का मानना है, कि चीन इस साल सिर्फ. 3.4 फीसद, और 2026 में 3 प्रतिशत बढ़ेगा, क्योंकि ट्रंप के टैरिफ, निर्यात को रोक रहे हैं।

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन अपने देश में इसका दुष्प्रभाव देख रहे हैं। जॉन बोल्टन के अनुसार, व्यापार के मामले में चीन को आड़े हाथों लेने के ट्रंप के कदम उलटे पड़ सकते हैं, क्योंकि उनके व्यापक वैश्विक टैरिफ, सहयोगियों के साथ-साथ प्रतिद्वंद्वियों को भी प्रभावित करेंगे।

अप्रैल में अमेरिकी उपभोक्ता सेंटीमेंट्स में वैसी गिरावट दिखी, जो कोविड महामारी के बाद दूसरी सबसे गहरी गिरावट है। करीब 50.8 प्रतिशत। अमेरिका में नौकरी छूटने, और बढ़ती मुद्रास्फीति ने लोगों की चिंताओं को बढ़ावा दिया है। लोग, सोच-समझकर सामान खरीद रहे हैं। अच्छे दिन जाने, और बुरे दिन आने के भय से बचत कर रहे हैं। अभी भारत में वैसी स्थिति आये, उससे पहले प्रधानमंत्री मोदी, और उनके रणनीतिकारों को सतर्क हो जाना चाहिए। शी की यात्रा का मकसद, उपभोक्तावाद को बचाये रखना है, जिस पर चीनी अर्थव्यवस्था टिकी हुई है।

## ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच स्मार्टफोन का वितरण किया

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**



महागामा । प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में गुरुवार को समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ की। इस मौके पर सेविकाओं के द्वारा मंत्री को फुल माला पहनकर स्वागत किया गया। समारोह में मंत्री ने आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच स्मार्टफोन का वितरण किया। इस दौरान करीब सैकडों सेविकाओं एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं के बीच स्मार्टफोन का वितरण किया गया। मंत्री ने गर्भवती महिलाओं को फल एवं उपहार देकर गोद भराई की रस्म निभाई साथ ही बच्चों को खीर खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार किया। इस दौरान छोटे बच्चों के लिए बेबी किट का वितरण किया गया।मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि अब सेविका डिजिटली विभाग से जुड़ जाएगी। सेविकाएं अब स्मार्टफोन के माध्यम से महिला बाल विकास एवं सामाज कल्याण विभाग से जुड़ी योजनाओं का समय रहते धरातल पर उतार पाएंगी। चाहे वह पोषण ट्रैकिंग से जुड़ा काम हो या मुख्यमंत्री कन्यादान योजना से जुड़ा निबंधन, स्मार्टफोन के माध्यम से लाभुकों को इसका लाभ आसानी से दिला पाएंगी। स्मार्टफोन में विभाग के कई आवश्यक एप्लिकेशन पहले से इंस्टॉल है। जिनकी मदद से पोषण ट्रैकिंग, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का निबंधन, बच्चों की उपस्थिति जैसे कार्यों की रियल टाइम एंट्री की जा सकेगी। मौके पर जिला परिषद सदस्य नगमा आरा, अंचलाधिकारी डॉ खगेन महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी, सोनाराम हांसदा, सीडीपीओ रेखा कुमारी, महिला पर्यवेक्षिका कनकलत सिंह, अनिता हेम्ब्रम, शुशील मरांडी, किरण टुडू के अलावा आंगनबाड़ी सेविकाएं उपस्थित थीं।

## अधिकार के प्रति जबावदेह रहने की जरुरत : डालसा




गोड्डा : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रधान जिला जज रमेश कुमार के मार्गदर्शन में सदर प्रखंड के रामपुर सड़क टोला में गुड फ्राइडे के अवसर पर विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान डालसा टीम ने ग्रामीणों व समूह की महिलाओं को कानून का पाठ पढ़ाया। टीम में शामिल अधिकार मित्र नवीन कुमार, जायसवाल मांझी, बासुदेव मणीनंदन कुमार आदि ने कहा कि कानून की नजर में देश के सभी नागरिक एक समान है और सभी को न्याय पाने का अधिकार है। सभी नागरिकों को संवैधानिक अधिकार प्राप्त हैं। सभी को न्याय पाने का पूरा अधिकार है। कोई भी व्यक्ति आर्थिक व किसी अन्य कारणों से न्याय से वंचित नहीं रहे इसलिए सभी को न्याय सुलभ कराने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी पर्व त्योहार हमें शांति का संदेश देती है। समाज में एक-दूसरे के साथ मिलजुल रहने व किसी के अधिकार का अतिक्रमण नहीं करने का संदेश देती है। सभी मजहब आम लोगों को शांति पूर्वक जीवन जीने का संदेश देती है। किसी आपराधिक तत्वों के बहकावे में आकर आपसी सौहार्द बिगाड़ने से किसी का भला नहीं होने वाला है। इसलिए समाज में सभी को अपने अधिकार व कर्तव्य के प्रति जबावदेह रहने की जरुरत है। वर्तमान सामाजिक परिवेश में कर्तव्य निर्वहन करना सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है। इस दौरान समूह की महिलाओं को बाल विवाह, बाल श्रम, शिक्षा का अधिकार सहित विभिन्न कानूनी व सरकार की ओर से संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। कहा गया कि समाज के अभिवंचित व अपनाथ बच्चा को फास्टर केयर व स्पानशरशिप योजना का लाभ सुनिश्चित कराने के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

## उपायुक्त ने विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु भूमि उपलब्धता संबंधी कि समीक्षा बैठक

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**



गोड्डा : समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में जिले के अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं हेतु भूमि की उपलब्धता संबंधी समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। उपायुक्त के द्वारा 100 एम टी गोदाम, 500 एम टी गोदाम, स्वास्थ्य उपकेंद्र, इंडस्ट्रियल पार्क, ट्राईबल मल्टी मार्केट, नवीन केंद्रीय विद्यालय महागामा, अखरा निर्माण जैसे अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के निर्माण हेतु भूमि की उपलब्धता सहित अन्य बिन्दुओं की क्रमवार समीक्षा की गई।

वहीं समीक्षा के उपरांत उपायुक्त के द्वारा निर्देश दिया गया कि जिन योजनाओं के निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध नहीं हो पाया है अथवा भूमि संबंधी कोई अड़चन आ रही हो तो संबंधित अंचलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर भूमि संबंधी समस्याओं का त्वरित निष्पादन करने की दिशा मे शीध्र कार्रवाई करें। बैठक में अपर समाहर्ता प्रेमलता मुर्मू सहित कार्यालय कर्मीगण मौजूद रहे।

# यूपी के 46 जिलों में आंधी-बारिश के साथ वज्रपात का अलर्ट

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

लखनऊ । यूपी के 46 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। कई जिलों में 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। पश्चिमी यूपी के सात जिलों में मेघ गर्जन के साथ वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश के लगभग 46 जिलों में तेज रफ्तार वाली झोंकेदार हवाओं और गरज-चमक संग बारिश की चेतावनी जारी की है। नए सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ की तीव्रता शनिवार को सूबे के पश्चिमी और पूर्वी दोनो हिस्सों में दिखाई देगी। प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में शनिवार को गरज-चमक संग 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी और बारिश के संकेत हैं। वहीं पश्चिमी यूपी के सात जिलों में मेघ गर्जन के साथ वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।



आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि ईरान से चला पश्चिमी विक्षोभ प्रदेश के पश्चिमी हिस्से को ज्यादा प्रभावित करेगा। मेघ गर्जन के साथ कहीं-कहीं इन झोंकेदार हवाओं की रफ्तार 60 किमी प्रति घंटे से ज्यादा भी जा सकती है। इस दौरान विभिन्न जगहों पर ओलावृष्टि के भी संकेत हैं। कई जगहों पर धूल भरी आंधी चल सकती है।

**यहां है मेघ गर्जन के साथ वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट**

अमरोहा, बिजनौर, बरेली, मुरादाबाद पीलीभीत, रामपुर, शाहजहांपुर एवं आसपास के इलाकों में मेघ गर्जन के साथ वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

**गरज-चमक संग बारिश की चेतावनी**

अंबेडकरनगर, अमेठी, अयोध्या, आजमगढ़, बदायूं, बागपत, बहराइच, बलिया, बलरामपुर, बाराबंकी, बस्ती, चंदौली, देवरिया, गाजीपुर, गोंडा, हापुड़, हरदोई, जौनपुर, कानपुर नगर, लखीमपुर खीरी, लखनऊ, मऊ, मिजार्पुर, पीलीभीत, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, रामपुर, भदोही, संभल, शाहजहांपुर, सिद्धार्थनगर, सीतापुर, सोनभद्र, श्रावस्ती, सुल्तानपुर, उन्नाव, वाराणसी व आसपास के इलाकों में गरज-चमक संग बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

**झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना (30 से 60 किमी प्रति घंटे)**

अमरोहा, बिजनौर, बरेली, मुरादाबाद पीलीभीत, रामपुर, शाहजहांपुर, अंबेडकरनगर, अमेठी, अयोध्या, आजमगढ़, बदायूं, बागपत, बहराइच, बलिया, बलरामपुर, बाराबंकी, बस्ती, चंदौली, देवरिया, गाजीपुर, गोंडा, गोरखपुर, हापुड, हरदोई, जौनपुर, कानपुर नगर, कुशीनगर, लखीमपुर खीरी, लखनऊ, महाराजगंज, मऊ, मेरठ, मिजार्पुर, मुजफ्फरनगर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, भदोही, सहारनपुर, संभल, शामली, सिद्धार्थनगर, संत कबीर नगर, सोनभद्र, श्रावस्ती, सुल्तानपुर, उन्नाव, वाराणसी व आसपास के इलाकों में झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पद्म श्री कृष्ण कन्हाई चित्रकार के निमंत्रण पर जल्द आएंगी वृंदावन

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

मथुरा। वृन्दावन में देश के जाने माने चित्रकार पद्मश्री कृष्ण कन्हाई ने महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट के दौरान उन्हें भगवान श्रीकृष्ण का अद्वितीय छवि चित्र के साथ एक कॉपी टेबिल बुक तथा बांके बिहारी जी की प्रसादी इकलाई प्रसाद भेंट किया । वृन्दावन से आये हुये प्रसाद और इकलाई को पाकर राष्ट्रपति गदगद हो गई। राष्ट्रपति ने कृष्ण कन्हाई के चित्रों की कॉपी टेबिल बुक के एक-एक पन्ने को बहुत ही इत्मीनान से देखा इसमें पार्लियामेंट में लगे भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के पोर्ट्रेट को वो पहले देख चुकी थी, उसको बनाने वाले कलाकार से भेंट कर उनको बहुत खुशी हुई बाद में उन्होने स्वर्ण चित्रकारी तथा भगवान



कृष्ण राधा जी के चित्रों को देखकर भूरी-भूरी प्रशंसा की। उनको भेंट किये हुये चित्र के बारे मे उन्होने कहा कि इस चित्र को सदैव अपने पास रखूंगी उन्होने बताया जब वो राष्ट्रपति नही थी तब वो दो बार वृन्दावन दर्शन करने जो चुकी है ।

कृष्ण कन्हाई ने उनको राष्ट्रपति के रूप में वृन्दावन बांके बिहारी जी के दर्शन तथा अपनी आर्ट गैलरी में पधारने के लिये आमंत्रित किया जिसको उन्होने सहज स्वीकार किया। उल्लेखनीय रहे कि राष्ट्रपति उड़ीसा की रहने वाली है कृष्ण कन्हाई की माताश्री स्व. श्रीमती गीता देवी भी उडीसा की रहने वाली थी। यह जानकर राष्ट्रपति बहुत खुश हुई लगभग 30 मिनिट चली लम्बी भेंट में राष्ट्रपति जी से विभिन्न विषयों पर तथा ब्रज की संस्कृत पर चर्चा हुई। कृष्ण कन्हाई के साथ उनके पुत्र एवं कन्हाई परिवार की तीसरी पीढ़ी के कलाकार अर्जुन कन्हाई भी मौजूद थे।

# शराब पार्टी करने वाले तीन अतिथि प्रवक्ताओं की सेवा समाप्त, जांच में अवध विवि के तीनों प्रवक्ता मिले दोषी

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

अयोध्या । विश्वविद्यालय प्रशासन ने नामित जांच अधिकारी के परीक्षण के बाद तीनों अतिथि प्रवक्ताओं को दोषी पाया है। जांच अधिकारी की ओर से कठोर प्रशासनिक एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई किए जाने की संस्तुति की गई। संस्तुति पर तत्काल प्रभाव से तीनों अतिथि प्रवक्ताओं के शिक्षण कार्य के लिए प्रदान की गई अनुमति समाप्त कर दी है।

रामनगरी अयोध्या में डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान पाठ्यक्रम के तीन अतिथि प्रवक्ताओं पर कार्यालय कक्ष में शराब की पार्टी किए जाने पर विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई। इन्हें शिक्षण कार्य के लिए प्रदान की गई अनुमति 17 अप्रैल को समाप्त कर दी गई है।

विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान पाठ्यक्रम में इन अतिथि प्रवक्ताओं से सत्र 2024-25 में सत्रांत 30 जून, 2025 तक अथवा संबंधित पदों पर संविदा शिक्षकों की नियमानुसार नियुक्ति होने तक अध्यापन कार्य कराए जाने की अनुमति प्रदान की गई थी।

कार्यालय कक्ष में शराब की पार्टी करते हुए पाए गए- 11 अप्रैल को दोपहर 1.15 बजे विश्वविद्यालय के प्रचेता भवन में कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल और राज्यपाल के विशेष कार्याधिकारी डॉ. पंकज एल जानी व अशोक देसाई 'नैक' की तैयारियों को परखने के लिए विभागों एवं पाठ्यक्रमों के शिक्षकों से संवाद व मूलभूत संसाधन की उपलब्धता को परखने के लिए गए थे। उसी समय पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान पाठ्यक्रम में शिक्षण अवधि में पाठ्यक्रम के अतिथि प्रवक्ता डॉ. शिव कुमार, डॉ. सुधीर सिंह एवं डॉ. देवेश प्रकाश कार्यालय कक्ष में शराब की पार्टी करते हुए पाए गए, जिससे विश्वविद्यालय की छवि धूमिल हुई।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए विस्तृत एवं निष्पक्ष जांच के लिए गणित विभागाध्यक्ष प्रो. एसके रायजादा को नामित जांच अधिकारी बनाया गया था। जांच में तीनों अतिथि प्रवक्ता दोषी पाए गए। जांच अधिकारी की ओर से कार्रवाई



की संस्तुति की गई। इससे पहले इन सभी प्रवक्ताओं से तीन दिन में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने को कहा गया था। जांच अधिकारी ने तीनों अतिथि प्रवक्ताओं के स्पष्टीकरण के परीक्षण के बाद शिक्षण कार्य नहीं कराए जाने और अनुशासनात्मक कार्रवाई की संस्तुति प्रदान की।

पत्र के माध्यम से सूचित कर दिया गया- विश्वविद्यालय प्रशासन ने नामित जांच अधिकारी की संस्तुति पर तत्काल प्रभाव से तीनों अतिथि प्रवक्ताओं के शिक्षण कार्य के लिए प्रदान की गई अनुमति समाप्त कर दी है। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेंदु चतुर्वेदी ने बताया कि पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान पाठ्यक्रम के तीन अतिथि प्रवक्ताओं पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। इनसे अब शिक्षण कार्य नहीं लिए जाने के लिए पाठ्यक्रम के समन्वयक को पत्र के माध्यम से सूचित कर दिया गया है।

# घरेलू गैस की कालाबाजारी का खुलासा, 82 सिलेंडर जब्त



एनपीटी ब्यूरो

बरेली। शहरी क्षेत्र में गैस की कालाबाजारी बड़े पैमाने पर हो रही है। आपूर्ति विभाग की टीम लगातार छापेमारी कर रही है। बीती रात प्रेमनगर क्षेत्र में टीम ने छह अलग-अलग घरों में छापा मारा और 82 गैस सिलेंडर बरामद किए हैं। प्रेम नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। आपूर्ति विभाग की टीम ने गुरुवार की रात प्रेमनगर पुलिस के साथ प्रेम नगर क्षेत्र में स्थित कोहाड़ापीर में कब्रिस्तान वाली गली में चांद बाबू. मोहम्मद यामीन, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद कादिर समेत छह लोगों के घरों से 61 घरेलू गैस सिलेंडर और 21 व्यवसायिक गैस सिलेंडर बरामद किए।

सात रिफिलिंग रॉड बरामद की हैं। सिलेंडर और अन्य उपकरण टीम ने जब्त कर लिए हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी नीरज सिंह ने बताया कि प्रेमनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

# मथुरा के बस स्टैंड पर हुई मारपीट 15 सेकेंड में जड़े 14 थप्पड़



मथुरा। नए बस स्टैंड पर सवारियां बैठाने को लेकर दो कर्मचारियों में मारपीट हो गई। एक युवक ने बस के परिचालक को 15 सेकेंड में 14 थप्पड़ जड़ दिए। मारपीट से गुस्साए रोडवेज के कर्मचारियों ने दो घंटे तक बसों के पहिए जाम रखे। नए बस के स्टेशन इंचार्ज राजेंद्र सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह इटावा जाने के लिए 7:40 पर निगम की बस खड़ी थी। बस में सवारियां बैठ रही थीं। इसी के पास अनुबंधित बस के कर्मचारी आकाश ने इटावा जा रही बस के परिचालक अजीत के साथ मारपीट कर दी। परिचालक के साथ हुई मारपीट के बाद कर्मचारियों ने हड़ताल शुरू कर दी। दो घंटे तक चालक-परिचालक कार्यशाला में हड़ताल पर बैठ रहे। इसमें लगभग 20 बसें दो घंटे तक रवाना नहीं हो सकीं। इसके चलते यात्रियों को भी परेशानी उठानी पड़ी। उधर, परिचालक अजीत ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि उसके साथ आकाश ने मारपीट कर दी। इसमें टिकट की लगभग 20 हजार की नकदी और टिकट लेवल के साथ टिकट मशीन तोड़ दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी। एआरएम मदन मोहन शर्मा ने बताया कि दो कर्मचारियों में मारपीट हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

मथुरा। वृंदावन में बुलंदशहर से स्थानांतरित होकर मथुरा आए नवागत एसएसपी श्लोक कुमार ने बृहस्पतिवार की शाम को चार्ज लिया। इसके बाद वह सबसे पहले बांकेबिहारी के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचे। इसके बाद उन्होंने अधीनस्थों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें अपनी प्राथमिकताओं से अवगत कराया। मंगलवार की रात को शासन ने एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय को आगरा परिक्षेत्र का डीआईजी बनाया था। बुलंदशहर के एसएसपी श्लोक कुमार को मथुरा पुलिस की कमान सौंपी। बृहस्पतिवार की शाम पांच बजे वह एसएसपी आवास पर पहुंचे। यहां शैलेश कुमार



पांडेय ने उन्हें मथुरा एसएसपी का चार्ज सौंपा। बांकेबिहारी मंदिर के सेवायतों ने एसएसपी श्लोक सिंह को दुपट्टा ओढ़ाकर प्रसादी भेंट की। इसके बाद अपने आवास पर उन्होंने डीएसपी और थाना प्रभारियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि वह 2014 बैच के आईपीएस हैं और मूलरूप से बिहार के पटना जिले के रहने वाले हैं। आगरा में बतौर एएसपी के पद पर पहली पोस्टिंग हुई थी। इसके बाद शामली, गाजियाबाद, हमीरपुर, रायबरेली और बुलंदशहर में कार्यरत रहे। बैठक में एसपी सिटी डॉ. अरविंद कुमार सिंह, एसपी देहात त्रिगुण बिसेन, एसपी क्राइम अवनीश कुमार मिश्र, सीओ सिटी भूषण वर्मा, सीओ रिफाइनरी श्वेता वर्मा, सदर संदीप सिंह, सीओ महावन धर्मेंद्र सिंह चौहान,

# भाजपा जिलाध्यक्ष का सैफनी नगर में भव्य स्वागत, बाइक रैली निकाली गई

उत्तर प्रदेश रामपुर सैफनी।नगर मैं भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार के सैफनी नगर में पहली बार आगमन पर भाजपा कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। कार्यकताओं ने बाइक रैली निकालकर जिलाध्यक्ष का अभिनंदन किया। जिलाध्यक्ष गंगवार ने नगर के डॉ. भीमराव आंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद भाजपा से नगर पंचायत प्रत्याशी रहे आशीष गुप्ता के प्रतिष्ठान पर पहुंचे, जहां आशीष गुप्ता ने उन्हें चांदी



का मुकुट पहनाकर और माला पहनाकर स्वागत किया।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गंगवार ने कहा कि बाबा भीमराव आंबेडकर की जयंती पूरे रामपुर जिले के हर गांव और कस्बे में धूमधाम से मनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब द्वारा लिखित संविधान के कारण ही देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है।इस कार्यक्रम में आशीष गुप्ता, अशोक कुमार गुप्ता, वीरवल यादव,ओमप्रकाश सैनी, गौरव भटनागर, अखिलेश कुमार गुप्ता,सुभाष भटनागर ,आदिल, हिमांशु गुप्ता,सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रिफाइनरी से निकलते समय डीजल से भरी मालगाड़ी के तीन डिब्बे डिरेल

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

मथुरा। रिफाइनरी के यार्ड के बाहर डीजल से भरी मालगाड़ी के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए। इसकी जानकारी गार्ड ने लोको पायलट को दी। इसके बाद आगरा से रेलवे अधिकारी व रिफाइनरी के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने मालगाड़ी को ट्रैक पर लाने के लिए क्रेन मंगाई। देर रात तक मालगाड़ी को ट्रैक पर लाने का कार्य चल रहा था।आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार गोस्वामी ने बताया कि मालगाड़ी डीजल लेकर रिफाइनरी से निकल रही थी।



इसी दौरान अचानक डीजल से भरी मालगाड़ी के डिब्बे उतर गए थे। जानकारी मिलते ही सभी अधिकारी पहुंचे गए। मालगाड़ी उतरने से कोई नुकसान नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि यह डिब्बे पीछे की तरफ के उतरे हैं। ये कैसे उतरे हैं इसकी जांच की जाएगी।

डीजल लेकर मालगाड़ी यार्ड से निकल रही थी। उधर, इस मामले में रिफाइनरी प्रबंधन जांच कराने की बात कह रहा है। मालगाड़ी के पहिए उतरने से दूसरी मालगाड़ी रिफाइनरी के अन्य ट्रैक से निकाली गई।

# डीपी आर ओ किरण चौधरी को उच्च न्यायालय से मिली जमानत के बाद चाहने वालों में खुशी

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

मथुरा। उच्च न्यायालय ने कहा कि डीपीआरओ पर लगाए गए आरोप झूठे व संदिग्ध प्रतीत होते हैं, ऐसा प्रतीत होता है कि झूठे आरोपों में डीपीआरओ को फंसाया गया है। ट्रैप के लिए जरूरी कोई भी सबूत मौजूद नहीं हैं। डीपीआरओ ने कहा कि प्रधान के विरुद्ध कोई भी जांच मेरे स्तर पर लंबित नहीं थी,जांच में पी डी, डी आर डी ए जांच अधिकारी नामित है, और मुझे राजनीतिक षडयंत्र के तहत फसाया गया, मेरे विरुद्ध कोई भी धनराशि मांगने का साक्ष्य नहीं मिला। ना ही मेरे पास से कोई धनराशि बरामद हुई, प्रधान द्वारा स्वयं की जांच से बचने के लिए मनगढ़ंत तथ्यों को प्रस्तुत किया गया है। मुझे देश की न्याय प्रणाली पर पूरा



भरोसा है मुझे न्याय मिलेगा। मथुरा जनपद की पूर्व जिला पंचायत राज अधिकारी किरण चौधरी के जेल से रिहा होने के बाद जनपद में उनका जोरदार स्वागत किया गया। जैसे ही किरण चौधरी जेल से बाहर आईं, उनके परिजन, शुभचिंतक एवं मथुरा जनपद के कई नागरिक पहले से ही स्वागत के लिए उपस्थित थे। उन्होंने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया और ढोल-नगाड़ों के साथ पूरे उत्साह से उनका स्वागत किया। नगर के विभिन्न प्रमुख स्थानों—रायकट , बाजना इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, चन्द्रपुरी, आदि स्थानों पर उनके स्वागत के लिए लोग एकत्र हुए। कई स्थानों पर उनके सम्मान में पटुका माला पहनाई और शुभचिंतकों द्वारा ह्यउन्हें बधाई दी गई। किरण चौधरी ने भी लोगों का धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्हें न्याय प्रणाली पर पूर्ण विश्वास था और आज सत्य की जीत हुई है। उन्होंने अपने स्वागत से अभिभूत होकर सभी नागरिकों, आम जनमानस और परिजनों का हृदय से आभार प्रकट किया। साथ ही उन्होंने कहा कि वह समाज सेवा और ग्रामीण विकास के लिए पहले की तरह ही तत्पर रहेंगी। इस अवसर पर कई सामाजिक संगठनों और ग्राम प्रधानों ने भी उनकी उपस्थिति में अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। स्वागत की अंत में पूर्व जिला पंचायत अधिकारी किरण चौधरी ने कहा कि मथुरा जनपद से उन्हें भरपूर प्यार और स्नेह मिला जिसके लिए भी हमेशा ऋणी रहेंगी ।

# एडीएम ने किया गेहूं खरीद केन्द्रों का निरीक्षण

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



चित्रकूट ब्यूरोः अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने शुक्रवार को पीसीएफ के गेंहू क्रय केंद्र चकौंध, पहाड़ी उत्तरी व पहाड़ी मंडी का निरीक्षण किया। जिसमें धीमी खरीद पाए जाने पर एडीएम ने तेजी लाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान क्रय केंद्र चकौंध में मौके पर किसान शिवशंकर शुक्ला ग्राम के गेंहू की तौल होते पाई गई। साथ ही अन्य दो ट्राली गेंहू और तौल के लिए खड़े पाए गए। केंद्र प्रभारी ने बताया कि अब तक केंद्र पर आठ किसानों से 401 कुंतल गेहूं की खरीद की गई है। क्रय केन्द्र पहाड़ी उतरी में ग्राम तौरा के किसान कृष्णपाल सिंह से 21.50 कुंतल गेहूं की खरीद की गई। क्रय केंद्र पहाड़ी मंडी में मौके पर तौल नहीं होते पाई गई। इस पर केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया कि मोबाइल केंद्र सक्रिय कर तेजी से गांवों में खरीद करें। खरीद की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए एडीएम ने निर्देश दिए कि तीन के अंदर खरीद में तेजी लायें, अन्यथा कारवाई की जाएगी।

इस दौरान सभी केंद्रों पर उपस्थित किसानों से वार्ता की गई। इस पर किसानों ने बताया कि अभी कुछ हिस्सों में गेंहू की मड़ाई चल रही है। दो-चार दिनों मे तेजी से गेंहू क्रय केंद्रों पर आएगा। निर्देशित किया कि पंद्रह दिनों के अंदर सभी केंद्र प्रभारी मेहनत कर तीव्र गति से खरीद करें और निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करें। एडीएम ने केंद्रों पर किसानों के भुगतान की स्थिति और गेंहू डिलीवरी की जानकारी ली गई। कहा कि इस बात का ध्यान रखा जाए कि कोई भी किसान क्रय केंद्र से वापस न जाये और उसे ज्यादा इंतजार न करना पड़े। जिला प्रबंधक किसानों का भुगतान समय सीमा के अंतर्गत सुनिश्चित करें और भारतीय खाद्य निगम में डिलीवरी करवायें।

एडीएम ने बताया कि जनपद में संचालित 40 गेंहू क्रय केंद्रों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत किसानों से गेंहू खरीद की जा रही है। जिसमें अब तक 332 किसानों से 1,128 मीट्रिक टन गेंहू खरीदा गया है। गेंहू का समर्थन मूल्य 2425 प्रति कुंतल है। इस बार सरकार ने किसानों को सुविधा देने के उद्देश्य से 15 मई तक कृषक पंजीकरण को सत्यापन से मुक्त कर दिया है। इसके अतिरिक्त किसानों के घरों से गेंहू खरीद करने की सुविधा देते हुए मोबाइल क्रय केंद्र की अनुमति दी है। बताया कि यदि किसी किसी किसान का गेंहू एक ट्रक भार क्षमता के बराबर है, तो वो मोबाइल क्रय केंद्र के माध्यम से गेंहू बेच सकते हैं। इस संबंध में किसान जनपद के गेंहू कंट्रोल रुम के नंबर 9452094347 एवं 8707219558 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके साथ ही गेंहू खरीद संबंधित किसी भी जानकारी या समस्या के निराकरण के लिए किसान इन कंट्रोल रुम नंबर और जिला खाद्य विपणन अधिकारी के नंबर 7839565017 पर संपर्क कर सकते हैं।

# कलश यात्रा के साथ हुआ श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



राजापुर, चित्रकूटः नगर पंचायत के वार्ड नंबर 14 मानस नगर में शुक्रवार को श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया। कथा के पहले दिन माता यमुना व माता कालिन्दी की पूजा अर्चना कर 108 कलशों में जल भरकर शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में महिलाओं ने अपने सिर पर कलश रखकर नगर भ्रमण किया।

कथा के प्रथम दिन मोक्ष ज्योतिष संस्थान श्रीधाम वृंदावन के कथा व्यास पं रोहितानंद महराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के अट्ठारह हजार श्लोकों में से प्रत्येक श्लोक सुरसरि के समान होता है, लेकिन शास्त्रों में मां सुरसरि को मां यमुना की दासी के रूप में माना जाता है। इस कारण श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिन माता यमुना की पूजा अर्चना करने का प्राविधान है। साथ ही माता यमुना भगवान श्रीकृष्ण की चैथी पटरानी रवि तनया है, जिसके दर्शन, स्नान व स्पर्श मात्र से दैहिक, दैविक व भौतिक तीनों प्रकार के सन्ताप नष्ट हो जाते हैं। श्रीमद्भागवत कथा का महत्व बताते हुए कथा व्यास ने कहा कि आत्मदेव के पुत्र धुंधकारी व राजा परीक्षित ने सात दिवसीय कथा श्रवण करके मोक्ष प्राप्त किया था। श्रीमद्भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला व सुदामा चरित्र से लेकर द्वारिकापुरी तक की तमाम लीलाओं का वर्णन आता है। श्रीमद्भागवत कथा में हरि नाम शब्द की महिमा का वर्णन करते हुए कथा व्यास ने कहा कि हरि नाम लेने से बड़े-बड़े पापियों को मोक्ष प्राप्त हुआ है। कथा सत्संग को प्रथम भक्ति बताते हुए कहा कि सत्संग के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण, मातारानी राधिका के नामों का वर्णन होता है और उन्हीं नामों को सुनकर उनके चित्त स्वरूप का ध्यान करें तो निश्चित ही भगवान के दर्शन प्राप्त होते हैं। श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान वैराग्य को जागृत करने का एक बहुत बड़ा साधन है। यह कथा एक कल्पवृक्ष के समान है, इस कथा के श्रवण से सम्पूर्ण पापों का नाश होता है तथा मोक्ष की प्राप्ति होती है। कहा कि चारों युगों में कर्म ही प्रधान माना गया है। जिसमें सद्कर्म से देवता तथा कुकर्म से राक्षस जैसी योनियों की उत्पत्ति होती है, लेकिन सत्संग जैसी भक्ति से राक्षसों की बुद्धि शुद्ध हो जाती है। जैसे अहंकारी राजा कंस और रावण को मोक्ष प्राप्त हुआ था।

इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा, यजमान रामप्यारी द्विवेदी, राम नरेश द्विवेदी, सुनील मिश्रा, चंद्रिका प्रसाद मिश्रा, अमित तिवारी, शिव प्रकाश त्रिपाठी, अजय त्रिपाठी, कमलेश पांडेय, अनूप त्रिपाठी, भरतलाल पांडेय, गोकुल प्रसाद पांडेय, अनुज शुक्ला, नीरज पांडेय, प्रमोद पांडेय, सुंदरलाल द्विवेदी, शिव नरेश द्विवेदी, आदर्श तिवारी, शालिकराम द्विवेदी, सहवाग शर्मा, दीपक त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# संतूर कंपनी ने जिले के व्यापारियों को किया सम्मानित



चित्रकूट ब्यूरोः मुख्यालय के व्यापारियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संतूर कंपनी द्वारा व्यापारिक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में कंपनी के एसओ विनोद कुमार सोनी, सुजल इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर महेश केशरवानी व उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल आईटी मंच नगर उपाध्यक्ष यशु केशरवानी द्वारा जिले के व्यापारियों के बीच प्रतियोगिता का आयोजन भी कराया गया। जिसमें सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया। कंपनी के एसओ विनोद कुमार सोनी ने कहा कि व्यापारियों को उत्पाद की गुणवत्ता व उनकी समस्याओं से रुबरु होने के लिए कंपनी द्वारा जिलों में ऐसे कार्यक्रम के आयोजन किए जा रहे हैं। सुजल इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर महेश केशरवानी ने कहा कि व्यापारियों को प्रोत्साहित करने के साथ उनके मनोरंजन का भी ख्याल कंपनी द्वारा रखा गया। जिसमें एक प्रतियोगिता आयोजित कराकर सभी को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता कार्यक्रम में मनोज वर्मा, राकेश कुमार, पुष्पराज कश्यप, रितेश केशरवानी, शंकर प्रसाद यादव, राजीव अग्रवाल, राजा, प्रमोद, प्रदीप कुमार गुप्ता, टोनी, दिव्यांश, प्रतीक केसरवानी, अमन आदि मौजूद रहे।

# एसपी ने अपराध समीक्षा बैठक में अधिकारियों व कर्मचारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

चित्रकूट ब्यूरोः पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में अपराध समीक्षा गोष्ठी पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें एसपी ने उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के कार्यों की समीक्षा कर सम्बन्धितों को सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

गोष्ठी में एसपी ने सैनिक सम्मेलन कर सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित को उचित निस्तारण के निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस अधीक्षक गोष्ठी में उपस्थित सभी थाना व चैकी प्रभारियों के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान एसपी ने उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों को लम्बित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण के सम्बन्ध में निर्देश दिये। कहा कि आईजीआरएस तथा अन्य माध्यमों से प्राप्त सभी प्रकार के प्रार्थना पत्रो का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। ऑपरेशन कन्विक्शन एवं ऑपरेशन त्रिनेत्र के अन्तर्गत की जा रही कार्यवाही में प्रगति करते हुए कार्यवाही से अवगत कराए। हिस्ट्रीशीट खोलने व नष्ट करने को कहा तथा गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही करने के लिए निर्देश दिए। कहा कि लंबित आरोप पत्र एवं अंतिम रिपोर्ट न्यायालय में एक सप्ताह के अंदर दाखिल करें। हत्या, लूट व चोरी की घटनाओं के खुलासों के लिए आवश्यक निर्देश दिए। कहा कि सात वर्षों से अधिक सजा के अभियोगों के कार्यवाही के शेष आरोपियों की गिरफ्तारी की जाए। कहा कि समय से एनसीआर व एफआईआर के आरोप पत्र तथा अंतिम पत्र दाखिल करें। आईटीएसएसओ पोर्टल पर प्रदर्शित लम्बित अभियोगों का निस्तारण करें। कहा कि स्थानीय थानों में लम्बित चरित्र प्रमाण पत्रों का सत्यापन करें। दर्पण डैसबोर्ड की रैकिंग खराब न होने पाए। कहा कि जांच अभियान में बरामद माल का निस्तारण किया जाए। साथ ही महिलाओं से सम्बन्धित लम्बित विवेचनाओं का निस्तारण समय से किया जाए।

इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, मऊ यामीन अहमद, राजापुर जयकरन सिंह, लाइन फहद अली, वाचक पुलिस अधीक्षक राजीव सिंह, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, प्रभारी मीडिया सेल निशीकान्त राय, पीआरओ प्रदीप पाल सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# युवा समाजसेवियों ने किया ग्राम पंचायत अर्जुनपुर की गौशाला का निरीक्षण

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



चित्रकूट ब्यूरोः युवा समाजसेवियों ने शुक्रवार को अर्जुनपुर ग्राम पंचायत की गौशाला का निरीक्षण कर गौवंशों का हाल जाना।

निरीक्षण के दौरान युवा समाजसेवियों ने पाया कि गौशाला में गौवंश भूख से मर रहे हैं एवं मरे हुए गोवंशों को दूर ले जाकर नहर में फेंक दिया जाता है। इस दौरान एक गर्भवती गौवंश मिली जो पिछले एक सप्ताह से बीमार थी, लेकिन उसका इलाज नहीं करवाया गया। इस पर युवा समाजसेवी प्रियांशु मिश्रा ने कहा कि अर्जुनपुर ग्राम पंचायत में लगातार गौवंशों के साथ अत्याचार हो रहा है, जो कि बिल्कुल असहनीय है। गौमाता को न्याय दिलाने के लिए हैं हम आखिरी सांस तक लड़ेंगे और यदि अर्जुनपुर गौशाला में जल्दी ही सुधार नहीं हुआ तो आगे विरोध प्रदर्शन करेंगे।

इस मौके पर युवा समाजसेवी बिल्लू विधायक, हर्षित पाण्डेय, अनुराग गुप्ता, शिवम चतुर्वेदी, प्रणव भारद्वाज, आनंद पयाशी, विमल त्रिपाठी, सुनील मिश्रा, वंश, अनुज पांडेय, आदित्य पांडेय, विकास पटेल, रवि प्रजापति, नीरज यादव, दिलीप प्रजापति, रामनारायण प्रजापति, अभिषेक कुशवाहा, संदीप त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## समाजसेवी ने अग्निपीड़ित परिवारों को बांटी सामग्री

चित्रकूटः समाजसेवी कपिल मिश्रा उर्फ रज्जू मिश्रा ने रैपुरा गांव के अग्निपीड़ित परिवारों को मदद उपलब्ध कराई।

उन्होंने बताया कि विगत दिनों रैपुरा गांव में शिवशंकर पयासी, दशरथ पयासी, प्रतिमा देवी, सुजीत कुमार के घर में अचानक आग लग गई। जिससे घर में रखा गृहस्थी का सामान जल कर नष्ट हो गया था। जिसकी सूचना पाकर ग्राम पंचायत अरछा बरेठी के समाज सेवी कपिल मिश्रा अपनी नातिन श्रुति मिश्रा के साथ रैपुरा पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की तथा उन लोगों को राहत सामग्री उपलब्ध कराई। इस मौके पर सब इंस्पेक्टर रामप्रीत सिंह, समाजसेवी शिवमूरत द्विवेदी, ओमप्रकाश त्रिपाठी, रामबाबू शुक्ला, रज्जन द्विवेदी, रज्जू मिश्रा, राजू सिंह, प्रशांत पांडेय, केशव पंडित, जगदीश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## दबंगों ने घर में घुसकर किया हमला

ललितपुर। थाना पाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम निवाई निवासी रेखा पत्नी रमेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बुधवार की सुबह करीब 11 बजे उसकी पुत्री आंगन में झाडू लगा रही थी। तभी गांव के रामकुमार पुत्र नवल कुशवाहा ने गालियां दीं। कुछ देर बाद गांव के सोनू पुत्र भीकम, राजीव पुत्र हरीराम, हरीश्किान पुत्र नवलु, परम पुत्र सकू व हरप्रसाद पुत्र इमरत कुशवाहा ने लोहे की छड़, कुल्हाड़ी व लाठी-डण्डों से उसके घर में घुसकर मारपीट कर दी। इस दौरान रामकुमार ने उसकी पुत्री के सिर में लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिससे वह गिर गयी। बीच-बचाव करने आयी बहू यशोदा, देवरानी व सास के साथ भी मारपीट करते हुये उक्त लोग जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। मामले की सूचना डायल 112 पर पुलिस को दी गयी। सूचना मिलने पर पुलिस ने सभी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां सभी का उपचार चल रहा है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 333, 115 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

## बारात में नाच रहे भाई व मामा पर हमला

ललितपुर। थाना मड़ावरा के ग्राम देवरानकलां निवासी विजय पुत्र चन्दू अहिरवार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गुरूवार को रात करीब 1 बजे उसकी बहन की बारात जामुनधाना से आयी थी, जिसका कार्यक्रम चल रहा था। बताया कि वह बारात में नाच रहा था, तभी उसके भाई राजकुमार पुत्र चन्दू अहिरवार व मामा अच्छेलाल पुत्र मर्दन अहिरवार और उसके साथियों के साथ गाली-गलौज कर दी। विरोध करने पर बाराती मूलचंद्र पुत्र गरीबे अहिरवार व उसके साथियों ने मारपीट कर दी, जिससे उसका भाई व मामा गंभीर रूप से घायल हो गये।

# गायत्री शक्तिपीठ में हुआ समरसता एवं सद्भाव गोष्ठी का आयोजन

चित्रकूट ब्यूरोः गायत्री शक्तिपीठ में शुक्रवार को समरसता एवं सद्भाव संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न अखाड़ों के महंतों व राष्ट्रीय स्वयं सेवक के पदाधिकारियों ने विचार व्यक्त किए। गोष्ठी में संतोषी अखाडा के महंत रामदास महराज ने कहा कि सनातन धर्म समरसता का धर्म है। महारानी मीरा ने रविदास को तथा कबीर ने रामानंदचार्य को गुरु बनाया। हमें प्रत्येक प्राणियों मे ईश्वर को देखना चाहिए। कामतानाथ प्रमुख द्वार के महंत डॉ मदन गोपाल ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य में कोई न कोई विशेषता है, हमें ऐसे राष्ट्र का निर्माण करना चाहिए जिसमें किसी में कोई भिन्नता न रहे। गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक डॉ रामनारायण त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और गायत्री परिवार सनातन धर्म को सींचने का कार्य कर रहे है। गायत्री परिवार गांवों में संस्कार देने का कार्य कर रहे है। इस मौके पर यज्ञ वेदी अखाड़ा के महंत सत्यप्रकाश दास, नदी के हनुमान मंदिर के महंत महेंद्र दास, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक रामाधार मिश्रा, जिला कार्यवाहक अतुल सिंह, ब्रह्माकुमारी प्रमुख बहन दुर्गेश, कमलकांत उपाध्याय, आशीष सिंह, राजकुमार, कार्यक्रम संयोजक सिद्धार्थ आदि मौजूद रहे।

# जन एक्सप्रेस फाउंडेशन टीम ने पोंछे अग्निपीड़ितों के आंसू

राजापुर, चित्रकूटः तहसील क्षेत्र के भदेदू गांव में विगत दिनों हुए भीषण अग्नि कांड से प्रभावित 32 परिवारों को जे.ई. फाउंडेशन टीम ने गुरुवार को प्रशासन के साथ मिलकर राहत सामग्री वितरित की।

समाजसेवी संस्था ने अधिकारियों के साथ अग्निपीड़ित परिवारों को चारपाई, गद्दा, बर्तन, बाल्टी, मग, कपड़ों सहित गृहस्थी की सामग्री के साथ व बच्चों को पढ़ाई-लिखाई के लिए कॉपी, किताब, पेन, पेंसिल आदि का वितरण किया। जे.ई. फाउंडेशन के हेम नारायण ने बताया कि बीते चार अप्रैल को राजापुर के भदेदू गांव में भीषण अग्निकांड हुआ था, जिसमें तीन दर्जन के करीब परिवारों के घर जलकर खाक हो गए थे। जिसमें शादी का सामान, बच्चों की पढ़ाई लिखाई की सामग्री और जीवनभर की जमा पूंजी राख हो गई है। जिस पर जे.ई. फाउंडेशन ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पीड़ित परिवारों को गृहस्थी का सारा सामान वितरित किया।



कार्यक्रम में राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के जिलाध्यक्ष अनिल त्रिपाठी ह्यह्यदेवरवाह्यह्य ने कहा कि इस मुसीबत पीड़ित परिवारों की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। पत्रकार सचिन वंदन ने कहा कि अग्नि कांड से प्रभावित परिवारों की दयनीय दशा के बारे में फाउंडेशन के संस्थापक अरुण त्रिपाठी को अवगत कराया गया थाा, जिस पर उन्होंने फाउंडेशन टीम को मदद करने के लिए भेजा। जिसके बाद प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचकर फाउंडेशन की टीम ने अधिकारियों के साथ मिलकर दैनिक जीवन से जुड़ी आवश्यक सामग्री अग्नीपीड़ितों को वितरित की। उद्यमी संजय अग्रवाल ने कहा कि ऐसे ही सभी लोगों को मदद का हाथ आगे बढ़ाना चाहिए।

इस मौके पर राजापुर उपजिलाधिकारी हर्षिता देवड़ा, नायब तहसीलदार राजापुर पारुल सिंह परिहार, एसडीएम न्यायिक राजापुर फूलचंद्र यादव, हंसराज सिंह, अर्जुन कश्यप, अनिल कुमार सिंह, राजा निषाद, धर्मेंद्र यादव, ब्रजेश पांडेय, युवराज प्रजापति, लवकुश यादव, अशोक कुमार निषाद, दिनेश कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# श्री गुरु तेग बहादुर जी का जन्म गुरुद्वारा साहिब में मनाया

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वाधान में आज गुरुद्वारा साहिब लक्ष्मीपुरा में श्री गुरु तेग बहादुर जी का जन्म दिवस श्रद्धा भावना के साथ गुरुद्वारा साहिब में मनाया गया इस अवसर पर मुख्य ग्रंथि ज्ञानी जसवीर सिंह जी ने प्रातः नितनेम साहब जी के पाठ किया उपरांत गुरबाणी कीर्तन कथा द्वारा संगत को निहाल किया उपरांत सभी के भले की अरदास की गई व प्रसाद का वितरण किया गया उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा की गुरु तेग बहादुर जी का जन्म अप्रैल, 1621 को अमृतसर में हुआ

पिता छठे सिख गुरु, गुरु हरगोबिंद साहिब जी थे गुरु जी कवि, चिंतक, साहसी योद्धा, आध्यात्मिक विद्वान महत्व मानवता के रक्षक, साहस, करुणा, और न्याय के मूल्यों का प्रतीक माना जाता हे गुरु जी तेग बहादुर 'हिंद दी चादर' के नाम से भी जाने जाते हैं



गुरु तेग बहादुर जी सिखों के नौवें गुरु थे. वे उनके 115 स्तोत्र सिख धर्म के मुख्य ग्रंथ श्री गुरु ग्रंथ साहिब में शामिल हैं. गुरु तेग बहादुर जी ने अपने आदर्श, धर्म की रक्षा, और मानवीय मूल्यों और सिद्धांतों की रक्षा की खातिर अपने प्राणों की आहुति दे दी थी. आज भी दिल्ली में उनकी याद में गुरुद्वारा साहिब शीशगंज स्थापित है संचालन करते हुए महामंत्री सुरजीत सिंह सलूजा ने बताया कि 20 अप्रैल दिन रविवार को गुरु अर्जन देव जी का प्रकाश पर्व भी गुरुद्वारा साहिब में श्रद्धा भावना के साथ मनाया जाएगा व 30 मई को श्री गुरु अर्जन देव जी का शहीदी पर्व भी आ रहा है इसके उपलक्ष्य में गुरुद्वारा साहिब लक्ष्मीपुरा में 20 अप्रैल से 30 मई तक लगातार 40 दिन प्रातः 6:30 बजे से स्त्री साध संगत द्वारा श्री सुखमणि साहिब जी के पाठ होंगे

उपरांत प्रतिदिन चाय लंगर के प्रसाद का वितरण होगा उन्होंने उक्त सभी कार्यक्रमों में नगर वासियों से उपस्थित रहने की अपील की है इस अवसर पर गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह सलूजा, कोषाध्यक्ष परमजीत सिंह छतवाल, परसन सिंह परमार, चरणजीत सिंह, हरजीत सिंह, गुरबीर सिंह, जगदीश कलरा, कमलजीत सिंह छाबड़ा, जोगिंदर सिंह रीन, पलविंदर सिंह परमार, संदीप सिंह, आदि उपस्थित रहे

## बूंदी विधायक ने सीएम को लिखा 50 लाख रुपए मुआवजा देने का पत्र

# बूंदी विधायक ने त्रिनेत्र गणेश जी रणथंभौर की घटना पर जताई चिंता

**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी! 16 अप्रेल को सवाई माधोपुर के त्रिनेत्र गणेश मंदिर मार्ग पर टाइग्रेस के हमले मे जान गंवा चुके 7 वर्षीय बालक कार्तिक के परिजनो को मुख्यमंत्री सहायता कोष से 50 लाख रुपए का मुआवजा देने की मांग बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा ने मुख्यमंत्री से की है। बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा ने बताया कि बून्दी जिलें के ग्राम गोहाटा तह. इन्द्रगढ के 7 वर्षीय निवासी स्व. कार्तिक सुमन पुत्र द्वारका सुमन को रणथंभौर सवाईमाधोपुर त्रिनेंत्र गणेश के निमंत्रण देकर अपनी दादी एंव परिवार के साथ वापस आते समय 16 अप्रेल को अचानक बाघिन झपट्टा मारकर मुंह में दबाकर ले गई और उसके हमले मे बालक कार्तिक की दुखद मुत्यु हो गई। मृतक कार्तिक सुमन के परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यन्त खराब है। साथ ही प्रतिदिन वहां हजारों की संख्या में लोग अभ्यारणय तथा त्रिनेंत्र गणेश मन्दिर में आते है इसलिए सुरक्षा के भी कडें इतंजाम किये जाने चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटना ना हों।

शर्मा ने कहा कि यह हृदयविदारक घटना है जिससे सभी त्रिनेंत्र गणेश मन्दिर मे आस्था रखने वाले लोंगों के दिलों को झकजोर दिया। विवाह के पूर्व गणेश जी के आंमत्रण देना हिन्दू परिवारों की भावनाओं से जुडा मामला है। वनविभाग की विफलता के कारण यह घटना घटित हुई है। अन्य स्थानों पर किसी का कत्ल होने से जुडी भावनाओं और प्रदर्शन के कारण 50 लाख तक की भी सहायता सरकार द्वारा दी गई है। यह घटना उससे भी अधिक भयावह है। इस घटना को जिसनें भी सुना उनकी आंखें नम हो गई। अच्छा तो यह होता कि राज्य सरकार की ओर से वन राज्य मंत्री घटना स्थल पर जाकर वस्तुस्थिति का जायजा लेतें। खेद इस बात है कि मृतक के परिजनों सात्वना देने हेतु जिम्मेदार वन विभाग का कोई भी अधिकारी दांह संस्कार नहीं पहुंचा। राज्य सरकार को अतः बालक कार्तिक सुमन पुत्र द्वारका सुमन को मुख्यमंत्री सहायता कोष सें कम से कम 50 लाख रुपएं की आर्थिक सहायता प्रदान करनी चाहिए जिससे ताकि गणेश मन्दिर मे आस्था रखने वाले दर्शनार्थियों मे सुरक्षा का भाव पैदा हो और विभाग भी सजग व सावधान रहे साथ ही ऐसी घटना की पुनरावृति नही हो!

# ब्रह्मा कुमारीज केंद्र में सप्त दिवसीय गीता ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन गीता

**ब्यरो -एनपीटी**



बूंदी! श्रेष्ठ कर्मों के द्वारा पुण्य अर्जित करें तब ही सच्ची शांति होगीः योग शक्ति गीता दीदी....* प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के तत्वाधान में तिरुपति विहार स्थित स्थानीय ब्रह्माकुमारीज केंद्र में सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा, गीता ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन के गीता प्रवचन में दिन डीन एन.एल. मीणा, कृषि विश्व विद्यालय हिंडोली , श्रीमती माया मीणा, रिलायंस फाउंडेशन जिला प्रभारी रामधन जाट , राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी गीता दीदी, कुसुमलता सिंह अध्यक्ष क्षमता संगठन बूंदी ने श्रीमद्भगवद्गीता की पूजा कर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया एवं योग शक्ति गीता दीदी का स्वागत सम्मान किया ।

श्रीमदभगवत कथा गीता ज्ञान यज्ञ के पांचवे दिन के गीता प्रवचन देते योग शक्ति गीता दीदी ने दिव्य उद्बोधन देते हुए कहा कि मनुष्य के दुख का मूल कारण विकार है। मानव का आदि काल बहुत श्रेष्ठ था जब हम इस धरा पर आए तो वह समय शक्तियों का था मानव देव स्वरूप में था धीरे-धीरे समय के परिवर्तन के साथ सतयुग से त्रेता युग का समय आया तब भी मानव में पवित्रता सुख शांति आनंद खुशी से सम्पन्न था। इस कालचक्र में यह आधा समय स्वर्ग कहलाता था, जब द्वापर युग प्रारंभ हुआ तो मानव में 16 कला से आठ कला रह जाती है। तब मानव काम क्रोध लोभ मोह अहंकार आदि विकारों के वशीभूत हो गया, तब से इस संसार में पापाचार, भ्रष्टाचार, दुराचार, अत्याचार, बढ़ने लगे इससे बचाने के लिए संसार में धर्म गुरुओं के द्वारा शांति, प्रेम, अहिंसा, दया का पाठ पढ़ाया। आगे उन्होंने आत्मा रूपी सीता की रक्षा के बारे में बताते हुए कहा कि सभी देशों के मनुष्य के कृत्यों को देखकर आपको क्या लगता है यह कृत्य बढ़ेंगे या कम होंगे इस समय कोई मनुष्य किसी की रक्षा नहीं कर पा रहा है। इसलिए दिखाया है द्रोपदी के पांच-पांच पति थे। वीर थे, शक्तिशाली थे, द्रोपति की आत्मरक्षा नहीं कर सके। भगवान को पुकारा आत्मरक्षा के लिए। परमात्मा की शक्ति ही हमें उस समय से पार करा सकेगी। आत्मा की रक्षा आत्मा की पवित्रता की शक्ति से ही होती है, इसलिए आत्मा सीता के पास कोई शस्त्र नहीं होते भी रावण उसका कुछ नहीं कर सका। कलयुग अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है, जनसंख्या, विस्फोट बढ़ता प्रदूषण, प्राकृतिक असंतुलन, मिलावट, बनावट, भ्रष्टाचार, आदि अपनी चरम सीमा पर हैं। यह वह धर्म बनाने का समय आ गया है, जो गीता में वर्णित है। ऐसे में सृष्टि का उद्धार करने के लिए पतित पावन सर्व के सद्गति दाता शिवपिता इस धरा पर अवतरित होकर ईश्वरीय ज्ञान और सहज राजयोग सिखाते हैं। जिससे यह संसार कलियुग नर्क से बदलकर सतयुग स्वर्ग बनेगा। पतित पावन आसुरी से दैवी, दुखी से सुखी बनेगा।

कालचक्र का रहस्य समझाते हुए योग शक्ति गीता दीदी ने कहा कि इस कालचक्र को समझने से ही हम काल के भय से मुक्त हो पाते हैं। इस कालचक्र में यह सृष्टि का अंतिम समय चल रहा है, सृष्टि परिवर्तन की बेला में हम सभी मनुष्य आत्माओं को पुण्य अर्जित करना आवश्यक है। यह पुण्य कर्म ही मानव का सच्चा-सच्चा साथी होते हैं। यह हमारे साथ चलते हैं, इसे मनुष्य सृष्टि का वृक्ष कहा जाता है। वास्तव में यह कोई जरूरत नहीं है जिसके नीचे बैठने से मनुष्य की समस्त इच्छाएं पूर्ण हो जाती हैं। यह तो चेतन मनुष्य सृष्टि चक्र का ही झाड़ है इसका भी स्वयं परमपिता परमात्मा निराकार बीज है। इस कल्पवृक्ष का ज्ञान प्राप्त करने से ही मनुष्य सभी प्राथमिक इच्छाएं पूर्ण करता है। सुख और दुख का आधार उसके ही कर्म होते हैं। कर्मों की गति है जिसका फल हर एक मनुष्य को इसे मनुष्य जीवन भी घूमना पड़ता है। वास्तव में मनुष्य योनि ही भोगनाके योनि है। मनुष्य को ही सही प्रकार की भावना हरनी पड़ती है। जैसे आर्थिक, सामाजिक भोगना, मानसिक भोगना, शारीरिक भोगना, परमात्मा द्वारा हर कर्म का फल प्राप्त होता है। अन्य लोगों में इतनी परवाह नहीं है जितनी मनुष्य योनि में है। इसका मूल कारण महसूस करने की शक्ति का होना है, ताकि वह अपने पाप कर्मों के फल से महसूस कर सकें। पाप कर्म का फल कितना भयानक होता है। और आगे के लिए ऐसे पाप का नहीं करने की बहुत पीणा है। मनुष्य योनि ही सर्वश्रेष्ठ भी है। मानव अपने जीवन में श्रेष्ठ कर्मों के द्वारा पुण्य आत्मा बन अपना जीवन सफल कर सकता है। मनुष्य को अपनी अंतरात्मा की आवाज को अवश्य होना चाहिए क्योंकि यह हमारा सच्चा मित्र है।

श्रद्धालुओं ने भागवत कथा में बड़ी संख्या में भाग लेकर गीता जी के ज्ञान का रसपान कर आनंदित जीवन जीने की कला सीखी और स्वयं को परमात्मा की छत्रछाया में पाकर धन्य हो गए।

# भव्य कलश यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



खैरथलः भगवान परशुराम मंदिर मूर्ति स्थापना एवं परशुराम जन्मोत्सव पर भव्य कलश यात्रा की तैयारी के लिए परशुराम भवन में महिला ब्राह्मण समाज खैरथल की बैठक हुई। बैठक में 29 अप्रैल को होने वाली कलश यात्रा के मार्ग और व्यवस्था पर चर्चा की गई। बैठक में महिला ब्राह्मण समाज की अध्यक्ष मीना शर्मा, उपाध्यक्ष ममता शर्मा, सचिव पूजा शर्मा, कैशियर नई मिश्रा, सहित बिरादरी के सदस्य एवं अन्य महिलाएं शामिल रहीं

# सोमदत शर्मा को ब्लाक अध्यक्ष बानसूर नियुक्त किया



खैरथल। विप्र कल्याण समिति ने सोमदत्त शर्मा पुत्र श्री मामचंद शर्मा निवासी ग्राम चूला तहसील बानसूर को विप्र कल्याण समिति का बानसूर ब्लाक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। यह नियुक्ती विप्र कल्याण समिति के अध्यक्ष संदीप मिश्रा ने समिति की विस्तार नीति के तहत,संरक्षक रविन्द्र शर्मा की सहमति से की है। इस दौरान समिति के खैरथल शहर अध्यक्ष अंकित शर्मा, हरसौली ब्लाक अध्यक्ष रविकांत जोशी, प्रेरणास्त्रोत बी.एन अवस्थी, प्रेरक सुभाष गौड़, उपाध्यक्ष संदीप शर्मा रानौठ वाले, सुनील शर्मा, अमित शर्मा, नितेश शर्मा, मक्खनलाल शर्मा आदि मौजूद रहे। शर्मा को विप्र कल्याण के लिए सामाजिक कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया है।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में उपभोक्ताओं के लिए सौर ऊर्जा योजना में सब्सिडी राशि का ऐलान

## अब मिलेगा शहरवासियों को लाभ

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**



अलवर। राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत दी जाने वाली सब्सिडी में राज्य सरकार का हिस्सा एक व्यक्ति पर 17 हजार रुपए की सब्सिडी राशि देने का ऐलान किया। जिसके बाद शहरवासियों का इसमें रुझान बढ़ेगा। बिजली विभाग के एक्सईएन महेश देशवाल ने बताया कि इस योजना के शुरू होने के बाद प्रदेश के अलवर जिले में 700 से ज्यादा सोलर प्लांट लगाए गए है। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य लोगों को बिजली के बिल से राहत देना है। विभाग द्वारा लगातार इस योजना का प्रसार किया जा रहा है, जिससे अच्छी संख्या में लोग इससे जुड़ सके। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से लगातार इस योजना के लिए कैंप लगाए जाते हैं। साथ ही विभाग के जो कर्मचारी फील्ड में जाते है, वह भी लोगों को इस योजना के बारे में जानकारी देंगे। उन्होंने बताया कि अलवर शहर में कई सरकारी बिल्डिंगों पर भी सोलर पैनल लगाए गए हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से दी जाने वाली सब्सिडी राशि के बाद जिले के लोगों में इस योजना का लाभ लेने वालो की संख्या में बढ़ोतरी होगी।

## जन सुनवाई के बाद बोले मंत्री मदन दिलावर- इस बार 20 करोड़ पौधे लगा कर बनाएंगे कीर्तिमान

चित्तौड़गढ़। मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि मुख्यमंत्री के आह्वान पर पिछली बार हमने प्रदेश में सात करोड़ पौधे लगाए थे। इस बार 20 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि एक माह तक पौधारोपण का अभियान चलाया जाएगा।

चित्तौड़गढ़ में प्रदेश के शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने एक बार फिर पौधारोपण का रिकॉर्ड बनाने और इस वर्ष 20 करोड़ पौधे लगाने का आह्वान किया है। उन्होंने आने वाले समय को पर्यावरण के लिए चुनौती बताते हुए अधिकाधिक पौधे लगाकर प्रदेश का कीर्तिमान बनाने का आह्वान किया है। दिलावर शुक्रवार को जिला स्तरीय जन सुनवाई के दौरान मौजूद लोगों को संबोधित कर रहे थे। मंत्री दिलावर ने कहा कि मुख्यमंत्री के आह्वान पर पिछली बार हमने प्रदेश में सात करोड़ पौधे लगाए थे। इस बार 20 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि एक माह तक पौधारोपण का अभियान चलाया जाएगा, जिसमें हर दिन प्रत्येक कार्मिक 15 पौधे लगाएगा। वहीं, मनरेगा के माध्यम से गड्ढे खुदवाए जाएंगे।

# नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर कांग्रेस ब्लॉक कमेटी उमरैण और मालाखेड़ा में ब्लॉक अध्यक्ष जफरु खान एवं सावित्री नरेंद्र मीणा के नेतृत्व में धरना व विरोध प्रदर्शन किया गया।

**नेशनल प्रेस टाइम्स,**ब्यूरो।



अलवर। नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर कांग्रेस ब्लॉक कमेटी उमरैण और मालाखेड़ा में ब्लॉक अध्यक्ष जफरु खान एवं सावित्री नरेंद्र मीणा के नेतृत्व में धरना व विरोध प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान नेता प्रतिपक्ष और अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली ने भारतीय जनता पार्टी पर सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग करने का मामला उठाया।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार कांग्रेस के नेताओं को ईडी के जरिए परेशान कर रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का कार्यकर्ता मजबूत है हम हमारे नेताओं की लड़ाई को कंधे से कंधा मिलाकर लड़ेंगे।

उन्होंने कहा चाहे मोदी सरकार कोई भी जांच कर ले हम किसी से डरने वाले नहीं है।

उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी, रॉबर्ट वाड्रा और पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास पर हो रही कार्यवाही निंदनीय है। जूली बोले देश में तानाशाही नहीं चलेगी, भाजपा संविधान की अवहेलना कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लोकतंत्र को कमजोर कर रही है।

यह पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को बदनाम करने की साजिश है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी को परेशान करने के लिए ईडी का दुरुपयोग किया जा रहा है।

विरोध प्रदर्शन में प्रभारी शारदा साध,रियासत खान, सरपंच अम्मू खान, सरपंच बिरधा राम, सरपंच रामकुमार, सरपंच चंदू राम, सरपंच ताराचंद, सरपंच भीम सिंह, सरपंच फखरुद्दीन , पूर्व प्रधान शम्मा खान, सरपंच हजारीलाल, बाबूलाल बैरवा, विजय चौधरी,अनिल नरूका,राहुल पटेल, अशोक शर्मा इंद्रमल मीणा सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मैनपुरी को मिले 15 डॉक्टर, मरीजो को मिलेगा बेहतर उपचार

## मैनपुरी को मिले 15 डॉक्टर, मरीजो को मिलेगा बेहतर उपचार

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मैनपुरी। जनपद के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। अब जनपद के सरकारी अस्पतालों में उन्हें बेहतर उपचार मिल सकेगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जिले में 15 नये डॉक्टरों की तैनाती की गई है। सीएमओ ने चयनित डॉक्टरों को कार्यरत स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं। नए डॉक्टरों की तैनाती के बाद जिले के लोगों को बेहतर उपचार मिल सकेगा।

जनपद के अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी काफी समय से चल रहीं थीं।। इसके चलते यहां पहुंचने वाले मरीजों को बेहतर उपचार नहीं मिल पा रहा है। जिले के लोगों की मांग पर सीएमओ ने शासन को डॉक्टरों की तैनाती के लिए पत्र लिखा था। शासन स्तर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना के तहत जिले में डॉक्टरों की तैनाती के लिए आवेदन मांगे गए थे। 20 पदों के लिए मानक के अनुसार 15 डॉक्टर ही उपलब्ध हुए, जिनका चयन जिले के अस्पतालों के लिए किया गया है। सीएमओ डॉ. आरसी गुप्ता ने बताया कि जिले में 15 नये डॉक्टरों का चयन किया गया है। चयनित डॉक्टरों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने तैनाती स्थल पर जल्द कार्यभार ग्रहण करें।

**किस डॉक्टर की कहां हुई तैनाती**

डॉ. चर्चिल गुप्ता सीएचसी जागीर, डॉ.नमन श्रीवास्तव सीएचसी भोगांव, डॉ. हर्ष दीक्षित जिला अस्पताल, डॉ. सुंदरम गुप्ता सीएचसी बेवर, डॉ. अनग द्विवेदी नगरीय आयुष्मान आरोग्य मंदिर, डॉ. सचिन सिंह शाक्य, नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आगरा रोड, डॉ. मोहित कुमार जिला महिला अस्पताल, डॉ. पंकज यादव नगरीय आयुष्मान आरोग्य मंदिर मैनपुरी, डॉ. संदीप कुमार जिला महिला अस्पताल, डॉ. नितिका जिला महिला अस्पताल, डॉ. मोहित सिंह यादव नगरीय आयुष्मान आरोग्य मंदिर मैनपुरी, डॉ. हृदयनंद यादव सीएचसी किशनी, डॉ. अंतरिक्ष मौर्य सीएचसी कुचेला, डॉ. अविनेंद्र राजपूत सीएचसी सलूक नगर बरनाहल, डॉ. कीर्ति यादव सीएचसी गोधना।

क्या बोले सीएमओ मैनपुरी नये डॉक्टर मिलने से जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में सुधार होगा। नव नियुक्ति डॉक्टरों को तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं।

**- डॉ. आरसी गुप्ता, सीएमओ मैनपुरी।**

# मथुरा में कृष्ण लोक पार्क और अयोध्या में बनेगा लव-कुश पार्क, नगर विकास विभाग ने प्रस्तुत की कार्य-योजना

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में मथुरा और अयोध्या में भगवान श्रीकृष्ण और प्रभु श्रीराम के जीवन लीलाओं पर आधारित थीम पार्क और एक्सपीरियंस सेंटर बनने की कार्ययोजना नगर विकास विभाग ने मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में मथुरा और अयोध्या में भगवान श्रीकृष्ण और प्रभु श्रीराम के जीवन लीलाओं पर आधारित थीम पार्क और एक्सपीरियंस सेंटर बनने की कार्ययोजना नगर विकास विभाग ने मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत की। कचरे से कंचन की तर्ज पर मथुरा में कृष्ण लोक पार्क और अयोध्या में लवकुश पार्क व श्रीपुरुषोत्तम दर्शन अनुभव केंद्र बनाया जाएगा। प्रयागराज में इसी तर्ज पर बनाये गये शिवालय पार्क की तर्ज पर नगर वेस्ट और धातु स्कैप से मथुरा और अयोध्या में भी थीम पार्क बनेंगे। जो धार्मिक नगरियों में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र होंगे।

**कचरे से कंचन की तर्ज पर बनेंगे अयोध्या और मथुरा में थीम पार्क**

सीएम योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में लखनऊ के यूपी दर्शन पार्क और प्रयागराज में बने शिवालय पार्क की तर्ज पर मथुरा और अयोध्या में भी थीम पार्क और एक्सपीरियंस सेंटर बनाये जाएगें। इसकी विस्तृत कार्ययोजना नगर विकास विभाग ने मुख्यमंत्री के सामने विभाग की समीक्षा बैठक में प्रस्तुत की। मथुरा में भगवान श्रीकृष्ण की जीवन लीलाओं पर आधारित कृष्ण लोकपार्क बनाया जाएगा। जबकि अयोध्या नगरी में प्रभु श्रीराम और लवकुश के जीवन प्रसंगों का चित्रण लवकुश पार्क और श्रीपुरूषोत्तम एक्सपीरिंयस सेंटर का निर्माण किया जाएगा। यूपी नगर विकास विभाग अपनी कचरे से कांचन की निति के तहत शहर के वेस्ट मटेरियल और धातु स्कैप से इन पार्कों का निर्माण होगा। जो पर्यटकों के आकर्षण के केंद्र के साथ नगरीय निकाय के लिए रेवन्यु भी जनरेट करेगा।

मथुरा-वृदांवन क्षेत्र में नगर विकास विभाग बनायेगा कृष्ण लोक पार्क-मथुरा-वृदांवन क्षेत्र में बनने वाले कृष्ण लोक पार्क में 3डी इमेजिंग, इंटरैक्टिव माडल और लाइट एंड साउंड के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के जीवन के विभिन्न प्रसंगों को दिखाया जाएगा। जिनमें भगवान श्री कृष्ण के जन्म की घटना से लेकर पूतना, बकासुर और कंस वध के साथ उनके युवाकाल, द्रौपदी चीर हरण से लेकर महाभारत में गीता का उपदेश देते हुये उनके विराट स्वरूप को भी दशार्या जाएगा। इसके साथ ही पार्क में आने वाले बच्चों के मनोरंजन के लिए बांसुरी और मयुर आकृति के झूले के साथ द्वापर युगीन मथुरा-वृदांवन का परिदृश्य बनाया जाएगा।

# दो चोरियों के मामलों का खुलासा, तीन बदमाश गिरफ्तार

## एक बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल, 26 हजार की नकदी, तमंचा, कारतूस, वैगनआर कार बरामद

■ कैराना रोड पर ट्रक से नकदी व मोबाइल चोरी व जनरेटर से तांबा व बैटरी चोरी के हैं आरोपित






**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**शामली।** शहर कोतवाली पुलिस ने ट्रक से नकदी व मोबाइल चोरी सहित दो चोरियों के मामलों का खुलासा करते हुए मुठभेड के बाद तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। एक बदमाश पुलिस की गोली से आरोपित घायल हो गया जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 26 हजार रुपये की नकदी, तमंचा, कारतूस, तांबे का तार व घटना में प्रयुक्त वैगनआर कार भी बरामद की है। शुक्रवार की सुबह कोतवाली पुलिस ने चोरी की दो वारदातों को अंजाम देने वाले तीन बदमाशों को मुठभेड के बाद गिरफ्तार कर लिया। एक बदमाश को पुलिस ने बलवा बाईपास के निकट ओमवीर सिंह लिलौन के खेत के निकट से मुठभेड के बाद गिरफ्तार किया जो पुलिस की गोली से घायल हो गया। पूछताछ करने पर बदमाश ने अपना नाम अशोक पुत्र मेघसिंह निवासी ग्यासपुर की मडईया थाना कोतवाली देहात जनपद बुलंदशहर बताया। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से 15 हजार की नकदी, एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस व खोखा भी बरामद किया है। उक्त बदमाश ने 14 अप्रैल को मकराना टाइल्स कैराना रोड पर खडे ट्रक से 84500 रुपये नकदी चोरी की वारदात की थी। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया है। इसके अलावा पुलिस ने 26 मार्च को गांव बलवा के जंगल से अज्ञात चोरों द्वारा जनरेटर के अल्टीनेटर, पानी की मोटर, दो बैटरी चोरी की घटना का भी खुलासा करते हुए दो अन्य बदमाशों सतीश पुत्र प्यारेलाल व पिंटू राजपूत पुत्र ओमप्रकाश निवासीगण मौहल्ला शेखसराय जनपद बुलंदशहर व पिंटू राजपूत पुत्र ओमप्रकाश को सिम्भालका बाईपास से गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से 11 हजार की नकदी, 7 किग्रा. तांबा व चोरी की घटनाओं में प्रयुक्त कार बरामद की गई है। पूछताछ करने पर सतीश ने बताया कि वह, पिंटू और अशोक दोस्त हैं, उनके पास कोई नौकरी नहीं है, हम तीनों अपनी वैगनआर कार से दूर दूर जाते थे और मौका देखकर चोरी करते थे। 14 अप्रैल की रात को भी वे शामली आए थे जहां कैराना रोड पर एक ट्रक वाले से घुल मिल गए। उन्हें पता चला कि वह माल उतारकर आया है और उसके पास पैसा भी होगा। रात को जब ट्रक चालक सो गया तो उसके ट्रक में घुसकर केबिन में रखी 60 हजार रुपये की नकदी व मोबाइल चोरी कर लिया। 9 हजार रुपये उन्होंने उसी रात खर्च कर दिए थे जबकि बाकी बचे रुपये आपस में बांट लिए थे। उन्होने 20-21 दिन पूर्व गांव कुडाना में पुल के पास रखे दो जनरेटर से तांबा और बैटरी की चोरी की थी।

# शराब ठेका स्वामी के साथ हुई लूटपाट में केस दर्ज

## घटना का खुलासा करने के लिए एसओजी टीम, सर्विलेंस, एवं पुलिस टीम गठित



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**कांधला।** शराब की दुकान बंद करके वापस घर लौट रहे संचालक को बाइक सवार हथियार बंद बदमाशों ने तंमचों के बल पर आंतकित कर हजारों रूपए की नगदी व सोने की चैन व अगंठी को लूटकर मौके से फरार हो गए। पीडित ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने मामले में अभियोग पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। वही मामले में शुक्रवार को एसओजी की टीम ने घटना स्थल पर पहुंचकर जांच तेज कर दी हे। थाना क्षेत्र के गांव लिसाढ निवासी गुलबीर मलिक उर्फ रोमी पुत्र देवेन्द्र सिंह के पास उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा गांव भभीसा में शराब की दुकान का अनुबंध है। रोजमर्रा की तरह गुलबीर मलिक उर्फ रोमी गुरूवार की रात्रि शराब की दकान बंद होने के बाद गुरूवार के कलेक्शन को एक बैग में रखकर बाइक से कस्लौबे में आ रहा था। गुलबीर मलिक ने बताया कि जैसे ही वह नगर के रेलवे फाटक के समीप पहुंचा तो अचानक पीछे से तेज गति से आई बाइक ने उसे ओवरटैक किया। जिस पर तीन नकाबपोश बदमाश बैठे थे। उसकी बाइक के सामने उन्होंने अपनी बाइक लगाते हुए उसे रोक कर तंमचों के बल पर आंतकित करते हुए उसका बैग छीनने का प्रयास किया। उसके विरोध करने पर उन्होंने तंमचे से उसके ऊपर हमला कर दिया, तथा उसका बैग जिसमें लगभग पचास हजार रूपए, पर्स जिसमें लगभग पच्चीस हजार रूपए, तीन तौले की सोने की चैन, एक सोने की अंगूठी के साथ अन्य कीमती सामान को लूटकर फायर करते हुए मौके से फरार हो गए। पीडित ने घटना की सूचना अपने परिचितों व परिजनों के साथ - साथ पुलिस को दी, सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल पर कांबिग की, लेकिन कोई सफलता हाथ नही लग पाई। पीडित ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचकर अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। चिकित्सकों के अनुसार गुलबीर मलिक की हसलियां टूट जाने के कारण उसे शामली के लिए रेफर किया गया है। वही पुलिस ने पीडित की तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर मामले में कार्यवाही शुरू कर दी है। शुक्रवार दोपहर के समय मामले में एसओजी की टीम ने घटना स्थल पर पहुंच कर पीडित से मामले की जानकारी लेने के बाद कांधला से भभीसा तक के सभी सीसीटीवी की जांचकर कार्यवाही तेज कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार का कहना है कि घटना में पुलिस की टीमें कार्य कर रही है।

# होटल सचालक का गमगीन माहौल में हुआ दाह संस्कार

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो कांधला।** दिल्ली सहारनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर होटल संचालक का संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगा शव मिलने के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पोस्टमार्टम से शव के गांव में पहुंचने के बाद परिजनों ने गमगीम माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया। जनपद बागपत के थाना दोघट के गांव टीकरी निवसी वीर सिंह का पुत्र विश्वेन्द्र राठी नगर ने गांव मलकपुर निवासी वैसर से दो वर्ष पूर्व दिल्ली सहारनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर नानूपुरी गेट के समीप उसका होटल किराए पर लिया था। जिसे विश्वेन्द्र मून लाइट के नाम से संचालित कर रहा था। गुरूवार को होटल के अंदर शाम के समय विश्वेन्द्र का पंखे से लटका हुआ शव मिला था। जिसकी सूचना विश्वेन्द्र के परिजनों ने पुलिस को दी थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच करने के बाद शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मामले में फारेसिंक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाएं थे। शुक्रवार की दोपहर पोस्टमार्टम के बाद मृतक विश्वेन्द्र का शव उसके पैतृक गांव टीकरी पहुंचा, जहां पर गमगीन माहौल में उसके परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया। विश्वेन्द्र के भाई साहब सिंह का कहना है कि मामले में अभी उनके द्वारा कोई तहरीर नही दी गई है, अभी तक वह खुद घटना के सही कारणों को नहीं जान पाए है। किसी के साथ कोई झगडा नही था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद वह मामले में तहरीर देने के बारे में विचार करेगें।

# ढाबे के समीप ट्रक में मिला चालक का शव

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**कांधला।** थाना क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे स्थित गांव भारसी मोड़ के समीप किसान ढाबे के समीप एक ट्रक चालक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला।शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त कर फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर मदद ली। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक युवक की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। जनपद बागपत के गांव किशनपुर बिराल निवासी 35 वर्षीय सुनील पुत्र राजकुमार ट्रक चलाकर अपना व अपने परिवार का पालन पोषण करता था। परिजनों के अनुसार मृतक युवक शुक्रवार सुबह सवेरे रमाला चीनी मिल से अपने ट्रक में मलबा भरकर



हरियाणा के लिए जा रहा था। ट्रक पर दूसरा चालक नीरज ककड़ीपुर भी आना था जिसके इंतजार में ट्रक चालक अपने ट्रक को रोकर क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे स्थित किसान ढाबे के समीप खड़ा कर सो गया। जब दूसरा ट्रक चालक नीरज मौके पर पहुंचा तो ट्रक के अंदर युवक मृतक अवस्था में पड़ा हुआ था। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई शव मिलने की सूचना से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। उप निरीक्षक सुभाष सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और गुत्थी सुलझाने के लिए फोरेंसिक टीम को बुलाया गया। मृतक युवक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए पुलिस ने शव पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि ट्रक चालक का शव उसी के टृक में पड़ा मिला था फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल पाएगा और अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# रालोद जिलाध्यक्ष वाजिद प्रमुख की माता का निधन

कैराना। राष्ट्रीय लोकदल पार्टी के शामली जिलाध्यक्ष एवं क्षेत्र के गांव बराला निवासी वाजिद प्रमुख की माता सईदन का विगत गुरुवार को दोपहर करीब तीन बजे इंतेकाल हो गया। वह 82 वर्ष की थी। बाद में उनके पार्थिव शरीर को गमगीन माहौल में गांव के निकट स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। शुक्रवार को विधानमंडल दल नेता एवं बुढ़ाना से रालोद विधायक राजपाल बालियान, थानाभवन विधायक अशरफ अली खान, सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, रालोद के क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेंद्र चेयरमैन, पूर्व विधायक राव अब्दुल वारिस, पूर्व विधायक नूरसलीम राणा, युवा जिलाध्यक्ष विक्रांत निर्वाल, रालोद प्रदेश महासचिव विजय कौशिक, रालोद क्षेत्रीय उपाध्यक्ष डॉ. विक्रांत जावला, पूर्व जिलाध्यक्ष ऋषिराज राझड, पूर्व जिलाध्यक्ष मुकेश सैनी ने शोक जताया।

## संक्षेप समाचार :

### हाईवे पर घायल और बेहोशी की हालत में मिला युवक



कांधला। शुक्रवार को नगर के दिल्ली नेशनल हाईवे मार्ग के निकट श्री बाला जी धर्मकांटे के पास एक युवक बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ था। काफी देर तक युवक के होश में न आने पर आस पास के लोगो ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। राहगीर अरविंद कुमार नाम के व्यक्ति द्वारा बताया गया है कि बेहोशी की हालत में मिले युवक युवक का नाम आकाश है जो अपने आप को करनाल का निवासी बता रहा है। बेहोशी की हालत में मिले युवक के शरीर पर कई जगह चोट के निशान भी मिले हैं। जिसे देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि युवक सड़क हादसे में घायल होने के बाद बेहोश हुआ है।पुलिस ने बेहोशी की हालत में मिले आकाश नाम के युवक को कांधला कस्बे के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कर दिया है। और मामले में आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

### स्कूल नें मनाया वार्षिकोत्सव




कांधला। नगर मे तानिया कान्वेंट स्कूल एवं सरस्वती विद्या मंदिर नें संयुक्त रूप से अपना 25वां वार्षिकोत्सव मनाया जिसमे मुख्य अतिथि पूर्व प्रचार्या डां प्रमोद कुमारी एवं नजमुल इस्लाम एवं विष्णु प्रकाश अग्रवाल , डां सामिया किरनपाल , प्रवीण विशेष अतिथि के रूप मे उपस्थित रहे दोनों स्कूलो मे तानिया स्कूलों से बिस्मि एवं अनिका टोपर ऑफ दा स्कूल रही. दोनों बच्चों के अभिभावक भी अपने बच्चों को टॉपर के सम्मान पाने पर बहुत प्रशन्न हुए.दोनों स्कूलों मे तानिया से अलीशान, अरहम, शाद,बिसमी, आलिया, इरशाद,माहिरा, अर्श, शादान,अतिका, अकक्षा, आरिश, अफीफा फातिमा,जैद शाद, आदि बच्चों नें फर्स्ट सेकंड व थर्ड रेंक हासिल की और सरस्वती विद्या मंदिर से हुस्ना, अक्षा, क्रिस, अफशा, अदीबा, रजी, नमनता,आरिश,समद, परी, लक्ष्मी, हैदर,तूबा, अली, लवी सैनी,अनिका, समीर, आजम,सुहान, समद, आर्यन,नमरा, आफिया, फलक,आयत, रशा, फैज,सुम्बुल शिवांगी, कृष्णा,हसन, फलक, शिवाय,नबीया आदि टोपर की लिस्ट मे शामिल हुए।

### द न्यू हाइट्स एकेडमी में क्रिकेट अकादमी की शुरूआत

कैराना। कस्बे के झाड़खेड़ी मार्ग पर स्थित द न्यू हाइट्स एकेडमी प्रबंधन ने क्षेत्र के युवाओं में क्रिकेट के प्रति बढ़ती दीवानगी एवं उत्साह को ध्यान में रखते हुए अपने यहां क्रिकेट अकादमी की शुरूआत की है। उक्त आश्य की जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य विवेक कुमार उपाध्याय ने दी। उन्होंने बताया कि अकादमी विशेष रूप से उन युवाओं को ध्यान में रखते हुए स्थापित की गई है, जो क्रिकेट के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहते है। इस अकादमी में आधुनिक सुविधाएं, व्यावसायिक प्रशिक्षण उपकरण और एक प्रेरणादायक माहौल सुनिश्चित किया गया है, जिससे खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार किया जा सके।

### कैराना में शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई जुमे की नमाज



कैराना। पुलिस-प्रशासन की मुस्तैदी के चलते कैराना में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गई। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। विगत दिनों वक्फ संशोधन कानून को राष्ट्रपति की स्वीकृति के पश्चात पूरे देश में लागू कर दिया गया है। वक्फ संशोधन कानून को लेकर विरोध-प्रदर्शन की आशंका के दृष्टिगत प्रदेशभर में हाई अलर्ट जारी किया गया है। शुक्रवार को जुमे की नमाज के मद्देनजर स्थानीय पुलिस-प्रशासन चौकन्ना नजर आया। नमाज से पूर्व सीओ कैराना(अंडर ट्रेनिंग) जितेंद्र कुमार व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने पुलिस व पीएसी बल के साथ में कस्बे में पैदल मार्च किया। उन्होंने लोगो से किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देकर आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। वहीं, नमाज के दौरान कस्बे में स्थित जामा मस्जिद समेत विभिन्न मस्जिदों के बाहर भारी पुलिसबल तैनात किया गया था।

# युवक पर गोली चलाने के प्रकरण में मुकदमा दर्ज

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**कैराना।** गांव तीतरवाड़ा में युवक पर गोली चलाने के प्रकरण में पुलिस ने तीन युवकों के विरुद्ध जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के गांव तीतरवाड़ा निवासी राहुल ने कोतवाली पर मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि बुधवार शाम करीब सात बजे वह अपने साथियों के साथ में वॉलीबॉल खेल रहा था। इसी दौरान अर्जुन नामक युवक के साथ उसकी कहासुनी हो गई, जिस पर युवक अंजाम भुगतने की धमकी देकर वहां से चला गया। आरोप है कि कुछ देर बाद युवक अर्जुन, फैसल व आजम बाइक पर सवार होकर वहां पहुंचे। आरोप है कि अर्जुन व फैसल ने आते ही जान से मारने की नीयत से उसके ऊपर गोली चला दी, जिसमें वह बाल-बाल बच गया। इसके बाद आरोपी युवक जान से मारने की धमकी देते हुए बाइक पर सवार होकर मौके से फरार हो गए। उपरोक्त घटना पास में ही स्थित कोचिंग सेंटर पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। वहीं, पुलिस ने आरोपी युवकों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बिना दहेज के हुई शादी सैकड़ो राजनीतिक हस्तियों ने लिया भाग

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**कांधला।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी एक युवक ने बिना दहेज लिए मात्र एक रूपए में शादी रचाई है नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद देने के लिए दर्जनों राजनीतिक हस्तियों ने पहुंचकर अपना आशीर्वाद दिया है बिना दहेज के हुई शादी जनपद भर में चर्चा का विषय बनी हुई है। थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी जयवीर सिंह पवार पूर्व अध्यक्ष इंटर कॉलेज एलम, एवं डायरेक्टर रामाला सहकारी चीनी मिल, ने अपने पुत्र एडवोकेट अमित पवार की सगाई बना मसूरी जनपद मेरठ निवासी सुनील धामा की पुत्री तनु उर्फ तानिया के साथ की थी।गत दिवस को नवविवाहित





जोड़ा शादी के बंधन में बाधा एडवोकेट अमित पवार ने दहेज प्रथा को खत्म करते हुए बिना दहेज लिए मात्र एक रुपए में अपनी पत्नी के साथ अग्नि के साथ फेरे लिए। इस दौरान नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद देने पहुंचे डा यशवीर सिंह पूर्व अध्यक्ष खादी ग्राम उद्योग आयोग ने कहा कि लोग शादी विवाह में फिजूल खर्ची कर रहे हैं सभी को दहेज प्रथा खत्म करते हुए कम से कम खर्चे में शादी करनी चाहिए। किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने कहा कि चौधरी जयवीर सिंह के पुत्र एडवोकेट अमित पवार ने बिना दहेज लिए शादी कर समाज में एक संदेश दिया है। आज के दौर में एक दूसरे को नीचा दिखाने के लिए शादी विवाह पार्टियों में ज्यादा से ज्यादा खर्चा किया जा रहा है इस दौरान सभी समाज को फिजूल खर्चे से बचना चाहिए। इस दौरान विधायक प्रसन्न चौधरी, विधायक का पंकज मलिक, पूर्व मंत्री वीरेंद्र सिंह, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह उर्फ मुन्ना, पूर्व अध्यक्ष तरसपाल मलिक, चौधरी मनोज पवार, चौधरी विजय मलिक उर्फ पप्पू, अशोक चौधरी जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी, डॉ विनोद डी मलिक ब्लॉक प्रमुख, उमेश पवार जिला पंचायत सदस्य, साहिल मलिक पुत्र केपी मलिक मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, चौधरी हरवीर सिंह मलिक अंकुर चौधरी, डॉक्टर धीरेंद्र तोमर, अनिल डबास प्रदेश उपाध्यक्ष लोकल, योगेंद्र चैयरमेन पूर्व जिला अध्यक्ष लोकल चौधरी मनोज पवार, अंकित पवार सहित आदि राजनीतिक हस्तियों ने नवविवाहित जोड़े को अपना आशीर्वाद दिया।

# दबंगई की इंतिहा: चौसाना में आरक्षित भूमि पर अवैध निर्माण

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**चौसाना** ऊन मोड़ के पास बिडौली मार्ग पर स्थित खसरा नंबर 198, जो पीडब्ल्यूडी के लिए आरक्षित है, पर एक दबंग व्यक्ति ने दोबारा अवैध निर्माण शुरू कर दिया है। यह मामला प्रशासनिक अधिकारियों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है, जिन्होंने करीब एक महीने पहले अवैध निर्माण पर रोक लगाई थी। प्रशासन ने पहले ही अवैध निर्माण पर रोक लगा दी थी, लेकिन दबंग व्यक्ति ने



इसे नजरअंदाज करते हुए दोबारा निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। इस बार निर्माण कार्य में पोताई और लिपाई शामिल है, जो इस बात का संकेत है कि दबंग व्यक्ति किसी भी कीमत पर अपनी मंशा पूरी करना चाहता है। बंग व्यक्ति के इस कृत्य से स्पष्ट होता है कि उसे किसी भी अधिकारी या कानून का कोई डर नहीं है। वह खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ा रहा है और प्रशासन की चेतावनियों को नजरअंदाज कर रहा है। यह स्थिति प्रशासनिक व्यवस्था पर सवालिया निशान लगाती है। स्थानीय नागरिकों में इस अवैध निर्माण के खिलाफ रोष है। उन्होंने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में कोई भी सरकारी जमीन पर कब्जा न कर सके। स्थानीय लोगों का मानना है कि प्रशासन को ऐसे दबंग व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए जो सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने की कोशिश करते हैं। स्थानीय नागरिकों और समाजसेवियों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध निर्माण को तत्काल प्रभाव से रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई की जाए। दोषी व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की भी मांग की गई है।

# भड़ी भरतपुरी में जलभराव गंदगी से परेशान ग्रामीण



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**चौसाना** क्षेत्र के गांव भड़ी भरतपुरी की गलियाँ इन दिनों बदहाली का शिकार हैं। गांव की अधिकतर गलियों में जलभराव और कीचड़ ने लोगों का जीवन दूभर कर दिया है। चारों ओर फैली गंदगी, कूड़े के ढेर और नालियों का बहता पानी न सिर्फ आम जनजीवन को प्रभावित कर रहा है, बल्कि इसके कारण बीमारियाँ भी पांव पसारने लगी हैं। गांव के निवासी जाहिद, तसव्वर, अबरार, शाहिद, इमरान, मुकीम, राकिब, हारून, महबूब, शबीरा अली, आरिफ, सकील, दिलशाद, राफा, तहेमुर, फुरकान, रहीस, नफीस, शकीर अली सहित कई अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गांव की गलियों में जगह-जगह गंदगी का आलम है। कूड़े के ढेर खुले में पड़े हैं, जिनसे दुर्गंध और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। बढ़ता मच्छरों का आतंक और बीमार ग्रामीण। चौसाना। स्थानीय निवासियों के अनुसार गांव में मच्छरों की भरमार हो गई है, जिससे बुखार और अन्य संक्रामक बीमारियाँ फैल रही हैं। सचिव अनुज चौधरी का कहना है कि प्रशासन अपनी तरफ से सफाई की व्यवस्था कर रहा है। उन्होंने यह आश्वासन दिया कि कल ही गांव में साफ-सफाई कराई जाएगी।

# किसान ने उगाई नई प्रजाति की गेहूं की फसल, प्रदेश भर से उमड रहे किसान

## किसान योगेश शर्मा का दावा है कि उसके द्वारा उगाई गई गेहूं की फसल मैं पैदावार अधिक होती है, और आंधी तूफान में भी कोई हानि नहीं होती

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**कांधला।** विकासखंड क्षेत्र के गांव फतेहपुर निवासी एक किसान ने अपने खेत पर गेहूं की नई प्रजाति की फसल तैयार की है। किसान की गेहूं की फसल अन्य गेहूं की प्रजाति से अलग है जिसकी क्षेत्र सहित अन्य प्रदेशों में भी प्रशंसा हो रही है और किसान की गेहूं की फसल देखने के लिए प्रदेश भर के किसान पहुंच रहे हैं। विकासखंड क्षेत्र के गांव फतेहपुर निवासी किसान योगेश शर्मा ने बताया कि वह गांव का एक छोटा सा किसान है। किसान के अनुसार उसने अपने खेत में पूर्व में उगाई गेहूं की फसल में अनोखी प्रजाति की कई गेहूं की बेल नजर आई थी। उसने गेहूं की फसल से अन्य प्रजाति की बेल अलग कर उसको बीज के रूप में तैयार किया। और फिर उसको अपने खेत में खाद बीज के साथ कई माह तक तैयार किया। और जब किसान ने अपनी मेहनत और लगन के साथ अपने खेत में गेहूं की नई प्रजाति का बीज बिखारे तो उसके खेत पर सब किसानों से अलग गेहूं की फसल तैयार हुई। सबसे अलग गेहूं की फसल तैयार होने पर जनपद भर के किसान देखने के लिए पहुंचे तो जिसकी चर्चा प्रदेशों तक भी पहुंच गई किसान की गेहूं की फसल देखने के लिए उसके खेत पर हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, राजस्थान सहित अन्य प्रदेशों से किसान पहुंच रहे हैं। किसान के द्वारा उगाई गई गेहूं की फसल क्षेत्र भर में चर्चा का विषय बनी हुई है।

### आंधी तूफान में भी नहीं होती कोई हानि

गांव फतेहपुर निवासी किसान के खेत पर उगाई गई नई प्रजाति की गेहूं की फसल अन्य किसानों से अलग है किसान की गेहूं की लंबाई भी अधिक है, और वजन में भी अधिक है, अक्सर गेहूं की फसल तैयार होने के बाद उसके ऊपरी हिस्से पर अधिक वजन हो जाने के कारण और गेहूं की फसल की जड़ मजबूत नहीं होने के कारण आंधी तूफान में फसल जमीन पर गिर जाती है और भारी नुकसान हो जाता है। मगर किसान योगेश शर्मा का दावा है कि उसकी गेहूं की फसल अधिक वजन होने के बाद भी आंधी तूफान में जमीन पर नहीं गिरती और उसकी गेहूं की फसल को कोई भी हानि नहीं होती।

### किसान का दावा पैदावार होती है अधिक

किसान योगेश शर्मा का कहना है कि उसके द्वारा उगाई गई नई प्रजाति की गेहूं की फसल में पैदावार अधिक होती है। क्योंकि खास बात यह है कि जिस तरह से अन्य गेहूं की फसल में उसकी बेल में 11 मक्खी होती है तो उनमें गिने चुने ही दाने होते हैं। मगर उसके द्वारा उगाई गई गेहूं की फसल में 11 मक्खी होने पर उसमें डबल घर बन जाते हैं जिस कारण अधिक पैदावार होती है और किसान को अधिक लाभ पहुंचता है। उन्होंने सभी किसानों से अपील की है कि सभी किसान एक बार उसके द्वारा उगाई गई नई प्रजाति की फसल को जरूर आजमा कर देखें।

### अन्य प्रदेशों तक पहुंची गेहूं की फसल की चर्चा

कांधला विकासखंड क्षेत्र के गांव फतेहपुर निवासी किसान योगेश शर्मा के द्वारा उगाई गई नई उन्नति और प्रजाति की गेहूं की फसल की चर्चा शामली जनपद सहित अन्य प्रदेशों तक भी पहुंच रही है, किसान की गेहूं की फसल को देखने के लिए अन्य प्रदेश के किसन पहुंच रहे हैं। ग्रामीणों की माने तो जल्दी किसान की गेहूं की फसल की चर्चा विदेशी में भी हो सकती है।

### युवती से छेड़छाड़ व मारपीट का आरोप

कैराना। यमुना खादर क्षेत्र के गांव निवासी एक युवक ने कोतवाली पर मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि इस्तकार निवासी ग्राम मण्डावर उसकी बहन पर बुरी नजर रखता है। आरोपी काफी समय से उसके साथ में छेड़छाड़ करता आ रहा है। विगत 10 मार्च को वह अपने माता-पिता के साथ में खेत पर काम करने के लिए गया हुआ था, जबकि घर पर उसकी बहन अकेली थी। इसी दौरान आरोपी युवक की बहन सहरीन उसके घर पर पहुंची तथा उसकी बहन को बहला-फुसलाकर अपने घर ले गई।

**आवश्यकता है**

दैनिक नेशनल प्रेस टाइम्स में शामली थानाभवन जलालाबाद झिंझाना बिडौली ऊन चौसाना बाबरी गढ़ी पुख्ता एलम बनत आदि स्टेशनों पर रिपोर्टरो की आवश्यकता है
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें
**आदिल राणा**
जिला प्रभारी शामली
91-9082190000,
91-9997173786

### सीएम हेमन्त सोरेन के साथ उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी

# करेंगे विदेश यात्रा, विदेशी निवेश पर रहेगी नजर

**एनपीटी,**

झारखण्ड में विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सीएम हेमन्त सोरेन की अगुवाई में राज्य सरकार का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल 19 अप्रैल से 27 अप्रैल तक स्पेन और स्वीडन के दौरे पर रहेगा। यह दौरा झारखण्ड में माइनिंग, ग्रीन एनर्जी, इलेक्ट्रिक व्हीकल, एग्रो प्रोसेसिंग, महिला एवं बाल विकास जैसे क्षेत्रों में सम्भावित निवेश के लिहाज से अहम माना जा रहा है। ख्यमंत्री के साथ इस प्रतिनिधिमंडल में कल्पना सोरेन, मुख्य सचिव अलका तिवारी, सीएम के प्रधान सचिव अविनाश कुमार,



उद्योग सचिव अरवा राजकमल, उद्योग निदेशक सशांत गौरव समेत करीब 11 सदस्य शामिल हैं। सीएम हेमन्त सोरेन रांची से दिल्ली के लिए 18 अप्रैल 2025 को रवाना होंगे। 19 अप्रैल को प्रतिनिधिमंडल स्पेन की राजधानी मैड्रिड पहुंचेगा। साथ ही 21 अप्रैल को रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर की कम्पनियों से मुलाकात 22 अप्रैल को माइनिंग और स्टील सेक्टर की कम्पनियों से बातचीत। 23 अप्रैल को बर्सिलोना में एग्रीकल्चर मंत्रालय के अधिकारियों से चर्चा होगी। 25 अप्रैल 2025 को स्वीडन में क्लीन एनर्जी कम्पनियों से मुलाकात होगी। जबकि 26 अप्रैल को वन-टू-वन मीटिंग्स और निवेश प्रस्तावों पर चर्चा की जायेगी। मीडिया रिपोर्ट्स में आयी खबरों के मुताबिक इस दौरे में झारखण्ड सरकार की औद्योगिक नीति, संसाधन और निवेश के अवसरों को वैश्विक मंच पर रखा जायेगा। इससे राज्य में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) को आकर्षित करने की कोशिश होगी।

## आदिवासी विधवा महिला को मिला अंबेडकर आवास, स्वमसेवक ने किया 65,000 का गबन

**एनपीटी ब्यूरो**

लातेहार (झा०खं०), लातेहार जिला अन्तर्गत बालूमाथ प्रखण्ड मुख्यालय में इन दिनों प्रधानमंत्री आवास योजना, अंबेडकर आवास, अबूवा आवास योजना में लाभुकों से स्वयंसेवक द्वारा बीपीएम एवं बीडीओ के नाम पर जमकर पैसे उगाही का मामला बराबर प्रकाश में आ रहा है। बालूमाथ थाना क्षेत्र के बालू ग्राम निवासी ललिता देवी पति स्वर्गीय निरालाल उरांव ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर कहा है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में सरकार द्वारा मुझे अंबेडकर आवास मिला था ।19 अक्टूबर 2023 को पहला किस्त मेरे खाता संख्या-357655 77331 में ?40000 आया। पीएम आवास के स्वयंसेवक वीरेंद्र प्रजापति (पिता मोदी प्रजापति ग्राम बालू) ने मेरे घर जाकर पहली किस्त आने की जानकारी दी और मुझे



आराहरा गांव ले गया जहां सीएसपी संचालक मनोहर सिंह के यहां ले जाकर हमसे अंगूठा लगवाया और मुझे 20000 देकर भेज दिया साथ ही 13 नवंबर 2023 को दूसरा किस्त पचासी हजार रुपए आया और 14 नवंबर 2023 को मुझे फिर से मनोहर सिंह के सीएसपी में ले जाकर वीरेंद्र प्रजापति ने अंगूठा लगाकर 85000 निकलवाया और मुझे 40,000 देकर मुझे जाने को कहा। मेरे द्वारा पूछे जाने पर की अभी तक मुझे 60,000 ही मिला है, बाकी पैसा का क्या होगा तो उसके द्वारा कहा गया कि पीएम आवास के बीपीएम आशीष केसरी एवं बालूमाथ बीडीओ को घूस देना पड़ता है। इसलिए बाकी का पैसा हम रख लिए हैं, उन लोगों को दे दिगे। मेरे द्वारा विरोध करने पर कहा कि जितना भी आवास बन रहा है, सभी आवास में हम लोग बीपीओ आशीष केसरी एवं बीडीओ के आदेश पर पैसा लेते हैं, जहां जाना है जा सकती हो। उन्होंने शिकायत आवेदन में कहा है कि मैं आदिवासी विधवा महिला हूं। वीरेंद्र प्रजापति द्वारा हमसे मेरे आवास का पैसा ठगी कर लिया गया है इसलिए मुझे न्याय दिलाया जाए। इस संबंध में बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने कहा कि आवेदन प्राप्त हुआ है, मामले की जांच कर कार्रवाई की जायेगी। ज्ञात हो कि बालूमाथ प्रखण्ड के बालू ग्राम के दर्जनों लाभुकों के साथ वीरेंद्र प्रजापति द्वारा पैसा लेने का आरोप लग चुका है।

## जमीन विवाद में मारपीट, दो घायल

**एनपीटी ब्यूरो**

लातेहार (झा०खं०), लातेहार जिला अन्तर्गत बालूमाथ थाना क्षेत्र के जिलंगा ग्राम में गुरुवार को जमीन विवाद में हुए मारपीट में दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रयाग महतो 60 वर्ष पिता स्व. दासो महतो एवं धनेश्वर महतो 45 वर्ष पिता स्व.खेदी महतो ग्राम जिलंगा मारंगलोइया थाना बालूमाथ निवासी का अपने गोतिया विशुन महतो, हुलास महतो,महेश महतो के साथ वर्षों पुराना जमीन विवाद चल रहा है। गुरुवार को बिना आपसी सहमति के जमीन पर विशुन महतो द्वारा जबरन घर बनाने का प्रयास किया जा रहा था, जिसे रोकने पर उसने अपने परिवार वालों के साथ मिलकर मारपीट किया।जिसमें सभी घायल हो गये। घटना के बाद परिजनों द्वारा सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। जिसमें गंभीर रूप से घायल प्रयाग महतो को बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

## विधि व्यवस्था बनाये रखने के ध्यानार्थ डीसी एसपी ने हिरणपुर क्षेत्र का लिया जायजा

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), झारखण्ड के पाकुड़ जिला प्रशासन विधि व्यवस्था संध्यानार्थ में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। हर गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है। वही डीसी- एसपी के द्वारा हिरणपुर प्रखण्ड क्षेत्र का जायजा लिया गया, ताकि विधि व्यवस्था बना रहे। वही उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि विगत रात जिला मुख्यालय में गलत अफवाह फैलाया गया था, जिसपर प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। कहीं कोई भी ऐसी सूचना नहीं है, जहां शांति भंग हुई हो। उपायुक्त ने जिलेवासियों से किसी भी प्रकार की अफवाह से सावधान रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी अफवाह या विवाद की स्थिति में तुरन्त प्रशासन को सूचित करें। जो अफवाह फैला रहे हैं उनको चिन्हित करते हुए सख्त से



सख्त कार्रवाई की जायेगी। उपायुक्त ने बीडीओ, अंचलाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को हरएक गतिविधियों पर पैनी नजर रखने एवं किसी भी अप्रिय घटना पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। विगत रात कुछ अफवाह उड़ाया गई थी, जिसे देखते हुए पुलिस प्रशासन नजर बनाये हुए है। जिला में किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है, स्थिति पूरी तरह से सामान्य है। लोग अपने जीवन यापन सामान्य तरीके से कर रहे हैं। पूरे जिला प्रशासन के साथ पुलिस प्रशासन की टीम तैनात हैं। पुलिस अधीक्षक ने समस्त जिलावासियों से अपील किया कि कहीं भी किसी भी प्रकार के भ्रामक खबर मिलता है तो उसको आगे फॉरवर्ड नहीं करें, पहले प्रशासन के किसी न किसी पदाधिकारी से सत्यापन जरूर करा लें। किसी भी परिस्थिति में कानून को अपने हाथ में न ले। कोई अगर अफवाह फैलता है तो सख्ती से कारवाई करेंगे। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित थे।

## पाकुड़ अनुमण्डल क्षेत्र में 15 मई तक लागू रहेगा निषेधाज्ञा

**एनपीटी ब्यूरो**




पाकुड़ (झा०खं०), केन्द्र सरकार के द्वारा वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम-2025 को पारित किये जाने के विरोध में सीमावर्ती राज्य पश्चिम बंगाल में दो समुदायों के बीच हिंसक घटनाएं हुई है। चूंकि पाकुड़ जिला सीमावर्ती राज्य पश्चिम बंगाल से सटा हुआ सीमावर्ती इलाका है। जिसे देखते हुए प्रशासनिक सतर्कता बरतना आवश्यक हो जाता है, ताकि किसी भी असामाजिक एवं बाहरी तत्वों द्वारा व्यवधान उत्पन्न कर विधि- व्यवस्था भंग नहीं किया जा सके। अनुमंडल दण्डाधिकारी, पाकुड़ साईमन मरांडी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 18 अप्रैल 2025 से 15 मई 2025 तक के लिए पाकुड़ अनुमंडल के सम्पूर्ण क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू कर दिया है यानी प्रभावी रहेगा। लागू निषेधाज्ञा के मुताबिक पाकुड़ अनुमण्डल क्षेत्र में (01) पांच या पांच से अधिक की संख्या में व्यक्तियों के साथ किसी भी स्थान पर बिना कारण के एकत्रित होना, भ्रमण करना अथवा भीड़ लगाना निषिद्ध है। (02) किसी भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के द्वारा निषेधज्ञा क्षेत्र अन्तर्गत किसी प्रकार का कोई आग्नेयास्त्र, परम्परागत हथियार तथा लाठी, डंडा, भाला, तीर-धनुष, फर्सा इत्यादि में से कोई भी हथियार लेकर चलना, भ्रमण करना, प्रदर्शन करना अथवा उसका व्यवहार किया जाना निषिद्ध है। निषिद्ध क्षेत्र के अंतर्गत किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र के साथ तथा किसी भी प्रकार का कोई जुलूस, प्रचार-प्रसार, रैली, सभा, धरना- प्रदर्शन इत्यादि का आयोजन किया जाना निषिद्ध है। (03) उक्त अवधि के दरम्यान डी०जे०/ लाउडस्पीकर पर प्रतिबंध रहेगा। निषेधज्ञा का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा-223 के तहत विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। यह निषेधज्ञा शादी समारोह / धार्मिक अनुष्ठान / शव यात्रा/ परीक्षा का आयोजन / विधि-व्यवस्था में प्रतिनियुक्त कर्मी / पुलिस कर्मी / पदाधिकारी पर लागू नहीं होगा।

## अनियंत्रित मोटरसाइकिल पेड़ से टकराई, युवक की मौके पर मौत

एनपीटी ब्यूरो, लातेहार (झा०खं०), लातेहार जिला अन्तर्गत बारियातू थाना क्षेत्र के रांची-चतरा मुख्य पथ स्थित नचना ग्राम के समीप शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार बालूभांग ग्राम निवासी सकेंद्र भुइयां (28 वर्ष, पिता जुगु भुइयां) शुक्रवार को अपने रिश्तेदार के घर बारियातू आया हुआ था। दोपहर घर लौटते समय जैसे ही वह नचना ग्राम के समीप पहुंचा, उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक के सिर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। सिर और कान से अत्यधिक खून बहने के कारण वह मौके पर ही अचेत हो गया। घटना की सूचना स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा तत्काल बारियातू पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और युवक को एंबुलेंस की मदद से बालूमाथ अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है। अचानक हुई इस दर्दनाक घटना से मृतक के घर में कोहराम मच गया है। वह अपने पीछे पत्नी सोनिया देवी, 5 वर्षीय पुत्र सत्यम कुमार, 2 वर्षीय पुत्री रूपाली कुमारी, माता-पिता सहित पूरा भरा-पूरा परिवार छोड़ गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।

## डीसी की अध्यक्षता में हुई नार्कोटिक्स समन्वय समिति की बैठक, एसपी एवं एसडीएम भी रहे शामिल

एनपीटी ब्यूरो, पाकुड़ (झा०खं०), समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में नार्कोटिक्स समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नशीली दवाओं के खिलाफ की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की गई। एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामलों, नशीले पदार्थों के उत्पादन, प्रसंस्करण और तस्करी की रोकथाम पर चर्चा की गई। इसके अलावा, नगर क्षेत्र के युवा आबादी में नशे के खिलाफ जागरूकता लाने और दवा दुकानों में बिना प्रिस्क्रिप्शन के दवा देने तथा ड्रग पेडलर के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई को सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि बगैर चिकित्सक के परामर्श के बिक्री हेतु प्रतिबंधित दवाओं की सूची सभी मेडिकल संचालक अपने दुकानों में डिस्पले करेंगे। उन्होंने नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध व्यापार को समाप्त करने के लिए ठोस कार्रवाई के निर्देश दिए। अंतर्राज्यीय और अंतरजिला मार्गों पर तस्करी की प्रवृत्तियों के बारे में जानकारी एकत्र कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात की गई। थाना स्तर पर सभी निजी व सरकारी स्कूल के प्राचार्य के साथ बैठक करने, पैरेंट्स टीचर मीटिंग में जागरूक करने, सभी स्कूलों और शिक्षण संस्थानों में सघन जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश शिक्षा विभागीय पदाधिकारी को दिया गया।

## डीसी ने की कारा सुरक्षा समिति की बैठक

(एनपीटी ब्यूरो)

डीसी उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में कारा सुरक्षा समिति की बैठक की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कारा सुरक्षा, कारा में कैदियों- बंदियों हेतु मूलभूत सुविधाएं, कैदियों-बंदियों के परिजनों से मुलाकाती, स्वास्थ्य सुविधाएं, सीसीटीवी कैमरा सहित अन्य आवश्यक बिंदुओं पर समीक्षा किया। इस दौरान उन्होंने कारा के सुरक्षा सहित भोजन, पानी, शौचालय एवं साफ-सफाई के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली एवं निर्देश देते हुए कहा कि कारा में कैदियों - बंदियों को जेल मैनुअल के अनुसार कैदियों-बंदियों को स्वच्छ, ताजा एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन, स्वच्छ पानी एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने सीसीटीवी कैमरा को सदैव क्रियाशील रखने का निर्देश दिया।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक


**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), उपायुक्त मनीष कुमार ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की। उपायुक्त ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात प्रबंधन व सड़क सुरक्षा को लेकर चर्चा की। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि यातायात नियमों का पालन कराने के लिए नियमित वाहन जांच अभियान चलाने, हिट एंड रन जैसी घटनाओं पर रोकथाम करने का निर्देश दिया। हिट एंड रन के पीड़ित परिवार को समय पर मुआवजा प्रदान करने के लिए भी कहा। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर ई-पॉस के माध्यम से निर्गत किये गये चालान की राशि उल्लंघन करने वाले वाहन स्वामी / चालक के द्वारा जमा नहीं किया जा रहा है, वैसे वाहन स्वामी / चालक को नियम संगत कदम उठाकर बकाया राशि का भुगतान कराने की प्रकिया में तेजी लायी जाय एवं ऐसे वाहन स्वामी / चालक जो बकाया दण्ड की राशि का भुगतान नहीं कर रहे है। ऐसे वाहनों को चिन्हित कर काली सूची में दर्ज करने के साथ अन्य आवश्यक कार्रवाई करने की प्रकिया में तेजी लाया जाय। जिला अन्तर्गत सभी सरकारी कार्यालयों से पुनः समन्वय स्थापित कर तथा उनके कार्यालय में अगर कोई सरकारी वाहन उपलब्ध है जो चलने की स्थिति में नहीं है वैसे वाहनों की सूची एवं वाहन से संबंधित सभी दस्तावेज को जिला परिवहन कार्यालय पाकुड़ को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें, ताकि संबंधित वाहन की निलामी कराने की प्रकिया में तेजी लाई जा सके। पुलिस अधीक्षक श्री प्रभात कुमार ने कहा कि प्रतिदिन सघन वाहन जाँच अभियान चलाने का निर्देश दिया। जिला अंतर्गत सभी सड़क मार्गो पर परिचालित होने वाले ट्रक, हाईवा, ट्रेक्टर एवं अन्य व्यवसायिक वाहनों पर परिवहन विभाग के नियमानुसार अतिरिक्त रूप से किसी प्रकार लोहा एंगल, पटरा एवं अन्य लगा नहीं होना चाहिये। नियमों का उल्लंघन करने वाले तथा ऐसा वाहन परिवहन करने वाले वाहन स्वामी एवं चालकों के उपर कठोर दण्डात्मक कार्रवाई की जाए। सड़क किनारे नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को टो-व्हील्क से टो करके संबंधित थाना को सुपुर्द करने के साथ नियम संगत कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

## भाजपा की गिरती लोकप्रियता और झामुमो के विधायक / सांसद व हेमन्त सरकार की विकास कार्यों को हजम नहीं कर पा रहे हैं भाजपा के लोग - झामुमो जिलाध्यक्ष

**एनपीटी**

पाकुड़ (झा०खं०), भाजपा के अमृत पांडेय के द्वारा प्रेसवार्ता जारी कर झामुमो नेता पर लगाये गये उगाही की आरोप के संदर्भ में दी गई प्रतिक्रिया के आलोक में झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजीजुल ईस्लाम, श्याम यादव के द्वारा दी गई प्रतिक्रिया के मुताबिक झामुमो के पाकुड़ जिला कमिटी वायरल ऑडियो की जांच करायेगी। प्रेसवार्ता के दौरान स्पष्ट रूप से कहा कि वायरल ऑडियो अगर झामुमो कार्यकर्ता की होगी तो झामुमो पार्टी के संविधान के अनुरूप उन पर निश्चित रूप से कार्रवाई होगी। जिसके लिए हम लोग जांच कमिटी बैठा रहे हैं। प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि यह प्रखण्ड स्तर का मामला है, यह जिला कमिटी का नहीं है। लेकिन




जिला कमिटी उस वायरल ऑडियो पर निश्चित रूप से जांच करायेगी और यदि पार्टी के कार्यकर्ता दोषी होंगे तो उन पर पार्टी संविधान के नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई भी की जायेगी। जिला अध्यक्ष ईस्लाम ने कहा कि हमारे पाकुड़ के विधायकों, सांसद एवं हेमन्त सरकार के द्वारा की जा रही विकास कार्यों को देख और भाजपा की गिरती लोकप्रियता को देख भाजपा को हजम नहीं हो रहा होगा। जिसके लिए, ऐसा प्रतिक्रिया सामने आया है। अजीजुल ईस्लाम ने कहा कि हम लोग एक मुट्ठी चावल और एक रुपया लेकर इस पार्टी को खड़ा किया है ना हम लोग कभी किसी अधिकारी से ना किसी बिजनेसमैन से कोई सहयोग लिया है। उन्होंने कहा कि जेसीएम छोड़ नया- नया बीजेपी आये हैं, पहले अपना घर देखले, सलाह के तौर पर कहा कि जिसका शीशे का घर होता है, दुसरे के यहां पत्थर फेंका नहीं करते। झामुमो जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह एक षड्यंत्र है , हमें लगता है एआई का जमाना है और उसका प्रयोग किया गया है। उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो का निश्चित रूप से जांच कमेटी बैठेगी और दोषियों को बक्सा नहीं जायेगा। उन्होंने कहा कि यह भाजपाइयों का षड्यंत्र हो सकता है, क्योंकि उन्होंने कहा कि हमें जो सोशल मीडिया के माध्यम से ऑडियो मिला और सुना उसे लगता यह बीजेपी का षड्यंत्र है, क्योंकि आज तक लेने वाला ना देने वाला का कोई प्रतिक्रिया या कंप्लेंट प्रकट में आया है और ना ही किया है। प्रेसवार्ता के दौरान झामुमो पाकुड़ इकाई के उपाध्यक्ष सह-केन्द्रीय समिति सदस्य हाजी समसुल अली, सचिव माईकेल मुर्मु, फारुक शेख, मिथलेश कुमार घोष, प्रखण्ड अध्यक्ष मुस्लेहुद्दीन शेख अन्य मौजूद थे।

# मेरठ में उपज पत्रकार संगठन की बैठक सम्पन्न जुलाई 2025 में होंगे संगठन के चुनाव

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



मेरठ। उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट (उपज) संबद्ध नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन साकेत स्थित वेंकटेश्वरा वर्ल्ड स्कूल में किया गया। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार देशपाल सिंह पंवार ने की, जिन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में पत्रकारों को खोजी पत्रकारिता के मूल सिद्धांतों से अवगत कराया। बैठक के दौरान संगठन के अध्यक्ष अजय चौधरी ने पत्रकारों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। सभी पत्रकारों ने विभिन्न प्रस्तावों पर अपनी सहमति व्यक्त की। इस दौरान मेरठ इकाई के आगामी चुनाव को लेकर भी सर्वसम्मति बनी। निर्णय लिया गया कि जुलाई 2025 में मेरठ इकाई के लिए चुनाव आयोजित किए जाएंगे। घोषणा के अनुसार, कुल 11 पदों पर चुनाव होंगे, जिनमें अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और 6 कार्यकारिणी सदस्य शामिल हैं।

बैठक में उपस्थित सभी पत्रकारों ने चुनाव प्रक्रिया के समर्थन में अपनी सहमति जताई। जिला संरक्षक जगमोहन शाकाल ने सभी पत्रकारों से संगठन के हित में एकजुट होने की अपील की। कोषाध्यक्ष विश्वास राणा ने संगठन द्वारा पत्रकारों के हित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

बैठक में अजय चौधरी, जगमोहन शाकाल, गौरव यादव, विश्वास राणा, जयवीर त्यागी, रवि गौतम, अखिल गौतम, नरेश कुमार, विपुल सिंघल, रितेंद्र मौतला, सचिन कश्यप, लियाकत मंसूरी, पवन शर्मा, मनोज कर्दम, शाहरुख चौधरी, जाहिद अली, मोहम्मद रवीश, धर्मेंद्र कुमार, वीरपाल, अर्जुन त्यागी, अनिल यादव, विकास गुप्ता, इमरान खान, मयंक अग्रवाल सहित कई वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित रहे। बैठक का समापन सामूहिक सहमति और संगठनात्मक एकता के संकल्प के साथ किया गया।

# नेपाल फेस्टिवल इंडिया उत्सव सफलतापूर्वक संपन्न

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



नई दिल्ली। नेपाल फेस्टिवल इंडिया 2025 झ भारत-नेपाल व्यापार मेला एवं प्रदर्शनी, भारत और नेपाल के साझा सांस्कृतिक एवं आर्थिक संबंधों को समर्पित तीन दिवसीय उत्सव, नई दिल्ली स्थित नेपाल राजदूतावास परिसर में अत्यंत सफलता एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

इस आयोजन का सफलतापूर्वक संचालन एवेरेस्ट चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एउउक) एवं नेपाल राजदूतावास, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसमें भारत और नेपाल के 100 से अधिक उद्यमों, संस्थानों, अधिकारियों, कलाकारों, कूटनीतिज्ञों एवं मीडिया प्रतिनिधियों ने भाग लिया। समारोह का उद्घाटन भारत सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री माननीय श्री गजेंद्र सिंह शेखावत एवं नेपाल सरकार के कानून, न्याय एवं संसदीय कार्य मंत्री माननीय श्री अजय कुमार चौरसिया द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

# वीरांगना झलकारी सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में नि:शुल्क चिकित्सा कैंप

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**



मोदीनगर। विजयनगर सभासद सारिका राणा और निवोक फाउंडेशन के निवोक सुपर स्पेशलिट हॉस्पिटल की ओर से वीरांगना झलकारी सामुदायिक स्वास्थ केंद्र शिव मंदिर में गुरुवार को निःशुल्क चिकित्सा कैंप लगाया गया। विजयनगर क्षेत्र से कैंप में सैकड़ों लोग स्वास्थ जांच कराने पहुंचे। हॉस्पिटल के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों ने लोगों के स्वास्थ की जांच कर दवा दी। मेडिकल डायरेक्टर मानिक गुप्ता ने कैंप में स्वास्थ जांच कराने आए लोगों को धूँप से बचने, बदलते मौसम से बढ़ रही बीमारी से बचाव के बारे में जागरूक किया। डॉक्टरों ने कैंप में शुगर, ब्लड, ब्लडप्रेशर व बीएमआई सहित आदि जांचों को किया। सभासदपति राहुल राणा, ने बताया हम अपने वार्ड के लोगो को सभी योजनाओ का लाभ दिलाना चाहते समय समय पर इस तरह के कार्यक्रम चलते रहेंगे ताकि वार्ड के लोगो की लाभ मिल सके` निवोक फाउंडेशन के मार्केटिंग मैनेजर अविनाश त्यागी ने कहा कि सभासद सारिका राणा के सहयोग से हम एक सफल कैंप का आयोजन कर पाये जिसमे सैकड़ो लोगो ने लाभ उठाया है इस मौके पर डॉक्टर जे. ए. खान, डॉक्टर डीके धीमान आई स्पेशलिस्ट, डॉक्टर शिल्पा एम एस, डॉक्टर अंकित पीडियाट्रिशियन, डॉक्टर हर्ष विज पल्मोनोलॉजिस्ट, एनएस रीना, समाज सेवक नीरज बत्रा, नूतन खटियान, संदीप शर्मा, विकास, मार्केटिंग जीएम अनुज त्यागी मीडिया प्रभारी योगेन्द्र गोस्वामी मौजूद रहे।

# दिन में चटख धूप, शाम होते-होते बदला मौसम, कई इलाकों में हुई अच्छी बारिश, गर्मी से मिली राहत

**:नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

गाजियाबाद । मौसम विभाग के मुताबिक, दिन और रात में लोगों को गर्मी से फिलहाल राहत रहेगी। उधर, इस वक्त खेतों में गेहूं की कटाई चल रही है। बारिश होने से गेहूं के किसान मायूस हो गए।

दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार शाम से अचानक मौसम ने करवट ली। गाजियाबाद, नोएडा और दिल्ली समेत आसपास के कई इलाकों में तेज हवा के साथ बारिश हुई। इससे पहले दिन में चटख धूप निकली और पारा दो डिग्री चढ़कर 39 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। हालांकि, न्यूनतम तापमान में एक डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। आद्रता भी कम होकर 25 फीसद की रह गई थी। लोगों को दिन में गर्मी ने खूब सताया। वही, शाम होते-होते मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया। तेज गर्जना के साथ रात को आठ बजे बारिश शुरू हो गई। कई इलाकों में झमाझम बारिश हुई। बारिश होने के चलते पारा लुढ़क कर 20 डिग्री से नीचे आ गया।

मौसम वैज्ञानिक डॉ यूपी शाही ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता होने और हवा की रफ्तार बढ़ने से मौसम में यह अचानक से परिवर्तन आया है। अभी अगले दो-तीन दिन तक आसमान में बादल छाए रहेंगे। अधिकतम तापमान में भी तीन से चार डिग्री तक की गिरावट दर्ज की जाएगी। हवा की रफ्तार बढ़ने की वजह से मौसम का मिजाज तेजी से बदलेगा। दिन और रात में लोगों को गर्मी से फिलहाल राहत रहेगी। उधर, इस वक्त खेतों में गेहूं की कटाई चल रही है। बारिश होने से गेहूं के किसान मायूस हो गए। जहां उनकी कटाई का काम बीच में रुक गया। वहीं उनको नुकसान होने का डर भी सता रहा है। कृषि वैज्ञानिक डॉ अरविंद यादव ने बताया कि अभी इतनी ज्यादा बारिश नहीं हुई है। धूप निकलने पर 10 घंटे बाद दोबारा से कटाई का काम शुरू हो सकता है। यदि इससे ज्यादा बारिश होती है तो नुकसान हो हो सकता है।

# औरंगजेब की जगह बहादुर शाह जफर की फोटो पर कालिख पोती

**:नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



गाजियाबाद । रेलवे स्टेशन पर जिस तस्वीर पर हिन्दू रक्षा दल के कार्यकताओं ने कालिख पोती वो तस्वीर औरंगजेब की नहीं बहादुर शाह जफर की है।

रेलवे स्टेशन पर सौंदर्यकरण के लिए कई साल पहले पेंटिंग्स बनाई गई थी। ये पेंटिंग्स फ्रीडम फाइटरों की है। इनमें झांसी की रानी लक्ष्मी बाई, मंगल पांडे वह अन्य की भी तस्वीरें बनाई गई है।

स्टेशन पर बने थाना ऋफ्ढ इंस्पेक्टर से जब बात की गई तो उन्होंने ऑन कैमरा तो बात करने से मना कर दिया। लेकिन ऑफ कैमरा उन्होंने बताया कि ये सभी तस्वीरें फ्रीडम फाइटर की है और जिस तस्वीर को औरंगजेब की बता कर कालिख पोती गई वो तस्वीर बहादुर शाह जफर की है।

ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और आरपीएफ ने अज्ञात लोगों के खिलाफ भी इसमें एफआईआर कर दी है

# किसानों की चेतावनी समस्याओं का समाधान नहीं किया तो होगा चक्का जाम

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**



मुरादाबाद। जिले भर में किसानों से जुड़ी समस्याओं को लेकर मासिक बैठक में भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के पदाधिकारी ने किसानों की समस्याओं को सुना भाकियू पदाधिकारी ने आने वाले दिनों में शिकायतों को अधिकारियों से चर्चा कर निस्तारित कराने की बात कही भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह रंधावा ने कहा सरकार किसानों के हितों का ध्यान नहीं रख रही सरकार चाहे जो भी हो किसान की सुनने वाला कोई नहीं उन्होंने कहा बिजली विभाग लगातार किसानों का उत्पीड़न कर रहा है किसानों के बिजली के बिल कई गुना बढ़ाकर भेजे जा रहे हैं और लगातार छापामारी की जा रही है उन्होंने कहा किसानों के गन्ने बिलो का भुगतान नहीं हो रहा आलम यह है कि पूरा सीजन शुगर मिलों के मालिकों ने किसानों का गन्ना भुगतान नहीं किया है उन्होंने किसानों की खेती के लिए सरकार की तरफ से उपलब्ध कराई जा रहे बीजों की कालाबाजारी का आरोप लगाया रंधावा ने कहा किसान नीलगाय, सूअर, और बंदरों के आतंक से दुखी है उन्होंने चेतावनी दी कि अगर उनकी समस्याओं का अधिकारियों ने समय रहते समाधान नहीं किया तो जरूरत पड़ने पर आगामी दिनों में शहर का चक्का जाम किया जायेगा।

# औषधीय पौधो की खूशबू से महकता इको हर्बल पार्क बना नया आकर्षण

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**



मुरादाबाद। अगर आप गर्मियों की भागदौड़ से कुछ पल राहत चाहते हैं, तो मुरादाबाद का इको हर्बल पार्क आपकी लिस्ट में जरूर होना चाहिए। हरियाली से घिरा ये पार्क सिर्फ एक घूमने की जगह नहीं, बल्कि एक ऐसा अनुभव है जो तन और मन दोनों को सुकून देता है। यहां का ठंडा और स्वच्छ वातावरण, औषधीय पौधों की खुशबू और शांत रास्ते हर उम्र के लोगों को लुभाते हैं। बच्चों के लिए खेल की जगह, बड़ों के लिए योग और वॉकिंग ट्रैक झ सब कुछ एक ही जगह पर मौजूद है।

शांति और ताजगी का अनुभव-पार्क में घना हरित वातावरण, स्वच्छ हवा और औषधीय पौधों की भीनी-भीनी खुशबू लोगों को मानसिक शांति और ताजगी का अनुभव कराती है। यहां कल्पवृक्ष, नीम, गिलोय, आंवला, अश्वगंधा और तुलसी समेत सैकड़ों प्रकार के औषधीय पौधे लगाए गए हैं, जो न केवल वातावरण को शुद्ध करते हैं, बल्कि स्वास्थ्य के लिहाज से भी लाभकारी माने जाते हैं। पार्क को लेकर स्थानीय नागरिकों ने बताया की इस इको हर्बल पार्क में सुबह और शाम टहलने से मानसिक तनाव कम होता है, और एक सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव होता है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी के लिए यह पार्क सुकून भरे पल बिताने का आदर्श स्थान बन गया है।

परफेक्ट लोकेशन
हरियाली और प्राकृतिक वातावरण
100 + औषधीय पौधों की विविधता
योग और मेडिटेशन जोन
फैमिली पिकनिक के लिए परफेक्ट लोकेशन
पार्क मे और नई सुविधाएं जोड़ी जाएंगी

पार्क प्रशासन का कहना है कि आने वाले समय में यहां और भी नई सुविधाएं जोड़ी जाएंगी, जिससे यह जगह पर्यावरण प्रेमियों और स्वास्थ्य के प्रति सजग लोगों के लिए और भी आकर्षक बन सके।

**इको हर्बल पार्क**

# न्यूयार्क में नौकरी दिलाने का दिया झांसा

गाजियाबाद। इंदिरापुरम निवासी परम कृष्णात्रय ने लिंक्डइन वेबसाइट पर एक मार्च को न्यूयार्क स्थित पटेल ब्रदर्स कंपनी में स्टोर मैनेजर के पद के लिए ऑनलाइन आवेदन किया। आवेदन के बाद साइबर ठगों ने परम कृष्णात्रय को न्यूयार्क में मैनेजर की नौकरी, आवास और अच्छा वेतन दिलाने का आश्वासन दिया। ठगों ने ई-मेल पर पटेल ब्रदर्स में मैनेजर पद का फर्जी ऑफर लेटर भेजकर वीजा बनवाने के नाम पर आठ लाख दो हजार 360 रुपये ठग लिए। पीड़ित ने साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

# अब हमें भी बचा लो सरकार कुछ हमें भी दे दो अधिकार

**नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो।**




मोदीनगर। पिछले कुछ वर्षों से पुरुषों के द्वारा राष्ट्रीय पुरुष आयोग के गठन की मांग की जा रही है।

यह मांग दिल्ली, लखनऊ, रांची, एवं मेरठ जैसे शहरों से लगातार उठ रही हैं। लगातार महिलाओं द्वारा हो रहे पुरुषों पर उत्पीड़न ,आत्महत्याओं और हत्या की घटनाओ को देखते हुए इसकी मांग तेज हो गई है। देश में पत्नियों से प्रताड़ित पतियों की संख्या बढ़ती जा रही है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की एक रिपोर्ट के मुताबिक, हमारे देश में पिछले एक साल में लगभग 1 लाख 18 हजार पुरुषों ने आत्महत्या की है. इनमें से 84 हजार के लगभग विवाहित पुरुष थे, जो जिंदगी के संघर्ष से लड़ नहीं पाए। 33.2 प्रतिशत पुरुषों ने पारिवारिक समस्याओं के कारण और 4.8 प्रतिशत ने वैवाहिक कारणों से आत्महत्या की।

मोदीनगर के तलहेटा गॉव के रहने वाले किसान पुत्र शेखर त्यागी ने भारत सरकार से महिला आयोग की तरह ही पुरुष आयोग एवं पुरुष मंत्रालय बनाए जाने को लेकर पत्र लिखा है जिससे पीड़ित पुरुषों को भी इंसाफ मिल सके।

शेखर ने मर्द का दर्द बताते हुए कहा कि पुरुषों की आत्महत्या और घरेलू हिंसा से निपटने के लिए मानवाधिकार आयोग को भी निर्देश दिया जाना चाहिए। इसमें कुछ गलत नहीं है, लेकिन सवाल है कि ऐसा होगा कैसे? महिलाएं तो जैसे ही किसी प्रकरण में फंसती हैं, किसी न किसी ऐसे कानून का सहारा ले लेती हैं, जहां पुरुषों की कोई सुनवाई ही नहीं होती। बिना किसी जांच-परख के पुरुषों को दोषी मान लिया जाता है। कानून की यह कैसी प्रक्रिया है, जहां दूसरे पक्ष को अपनी बात कहने और अपने को सही साबित करने का अवसर ही प्रदान न किया जाए?

शेखर त्यागी ने कहा की एकपक्षीयता से निपटने के लिए पुरुष आयोग बनाना बहुत आवश्यक हो गया है। वैसे भी जब अपने यहां हर एक की समस्याओं के निपटान के लिए आयोग बना दिए जाते हैं तो पुरुषों के लिए ऐसा क्यों नहीं किया जा सकता? पुरुष आयोग हो तो पुरुषों को भी अपनी बात कहने का अवसर मिले। वे भी न्याय पा सकें। अपने यहां जैसे लैंगिक कानून हैं, उनमें बदलाव की भी सख्त आवश्यकता है। कानून हर पक्ष की बात सुने और जो दोषी हो, चाहे स्त्री या पुरुष उन्हें सजा दे। तभी कानून का महत्व भी सिद्ध हो सकता है

नेशनल प्रेस टाइम्स से बात करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता अतुल शर्मा कहती है महिलाएं लम्बे समय तक हाशिए पर रही थीं इसलिए उनके विकास के लिए तमाम कानून और आयोग बनाए गए लेकिन अब बहुत सारी महिलाएं उनका दुरुपयोग कर पुरुषों को प्रताड़ित कर रही हैं। आवश्यकता है कि एक बार फिर उन नियमों की समीक्षा की जाए तथा कुछ ऐसे भी नए कानून बनें कि पुरुषों के साथ न्याय हो सके।

स्वामी› प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।